माघ कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी
विक्रम संवत 2080

अयोध्या
गुरुवार, 8 फरवरी 2024
वर्ष 2, अंक 183, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

# अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार



www.amritvichar.com

कुछ सालों में वैश्विक तापमान में $2^0$ बढ़ोतरी के आसार 16

सुजय बोले- श्रीमद रामायण में काम करना अद्भुत 2

## एक नजर

### आतंकी लांडा और रिंदा के तीन सहयोगी गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब में आतंकवादियों लखबीर सिंह लांडा और हरविंदर सिंह रिंदा के तीन गुर्गों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। डीजीपी गौरव यादव ने बुधवार को कहा कि पुलिस की एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स ने उनके कब्जे से दो पिस्तौल एवं 10 कारतूस भी बरामद किए। लांडा फिलहाल कनाडा में रह रहा है जबकि रिंदा पाकिस्तान में है। गिरफ्तार लोगों में जोबनजीत सिंह उर्फ जोबन, बिक्रमजीत सिंह और कुलविंदर सिंह उर्फ काला है।

### हेमंत सोरेन की ईडी हिरासत पांच दिन बढ़ी

**रांची।** भूमि घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में रांची की एक विशेष पीएमएलए अदालत ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) हिरासत बुधवार को पांच दिन के लिए बढ़ा दी। पूर्व मुख्यमंत्री सोरेन को दो फरवरी को पांच दिन की ईडी हिरासत में भेजा गया था जो बुधवार को समाप्त हो गई।

### जजों की सेवानिवृत्ति आयु बढ़ाना अव्यावहारिक

**नई दिल्ली।** सरकार ने संसद की एक समिति से कहा है कि सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति की आयु उनके कामकाज के आधार पर बढ़ाना व्यावहारिक नहीं हो सकता तथा इससे संसद के अधिकारों में और कटौती होगी। विधि एवं कार्मिक मामलों से संबंधित संसद की स्थायी समिति ने पिछले साल हाईकोर्ट के न्यायाधीशों का कार्यकाल कामकाज के आधार पर मूल्यांकन की सिफारिश की थी।

### सीए फाउंडेशन परीक्षा का परिणाम घोषित

**नई दिल्ली।** इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) ने बुधवार को चार्टर्ड अकॉउंटेंसी (फाउंडेशन कोर्स) परीक्षा-2023 का परिणाम घोषित कर दिया है। दिसंबर-जनवरी में यह परीक्षा 562 केंद्रों पर हुई थी। परीक्षा में 29 .99 प्रतिशत परीक्षार्थी ही पास हुए हैं। पुरुष वर्ग में जहां 30 .19 प्रतिशत( कुल 21728 परीक्षार्थी) अभ्यर्थियों ने पास किया, वहीं महिला वर्ग में 29 .77 प्रतिशत (कुल 19404 परीक्षार्थी) अभ्यर्थी ही परीक्षा पास कर पाई हैं।

## आतंकियों ने पंजाब के 2 श्रमिकों को गोली मारी, एक की मौत

श्रीनगर, एजेंसी

**श्रीनगर में टारगेट किलिंग**

**हमलावरों की तलाश में पुलिस ने की इलाके की घेरेबंदी**

आतंकवादियों ने बुधवार को शहर के हब्बा कदल इलाके में पंजाब के एक श्रमिक की गोली मारकर हत्या कर दी, जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि अमृतसर के रहने वाले अमृतपाल सिंह को शाम करीब सात बजे हब्बा कदल के शल्ला कदल इलाके में आतंकवादियों ने एके राइफल से नजदीक से गोली मार दी। उन्होंने कहा कि सिंह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 25 वर्षीय रोहित नामक एक अन्य गैर-स्थानीय श्रमिक इस घटना में घायल हो गया। अधिकारियों ने बताया कि रोहित भी अमृतसर निवासी है। उसके पेट में गोलियां लगी थीं और उसका यहां एसएमएचएस अस्पताल में इलाज हो रहा है। पुलिस ने हमलावरों का पता लगाने के लिए इलाके की घेराबंदी कर दी है। इस साल कश्मीर में गैर स्थानीय पर आतंकियों का यह पहला हमला है। गत वर्ष आतंकियों ने अनंतनाग और शोपियां सहित घाटी में गैर-स्थानीय श्रमिकों पर कई हमले किए थे।

## उत्तराखंड विधानसभा में यूसीसी विधेयक पास

ब्यूरो, देहरादून

**समान नागरिक संहिता लागू करने वाला देश का पहला राज्य**

**अमृत विचार :** विधानसभा में बुधवार को कई घंटे चली चर्चा के बाद बहुप्रतीक्षित समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। विधेयक पारित होते ही सदन जय श्रीराम, वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारों से गूंज उठा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को विधानसभा के पटल पर समान नागरिक संहिता बिल पेश किया था, जिसे दो दिन तक चली चर्चा के बाद पारित कर दिया गया। इस प्रकार उत्तराखंड समान नागरिक संहिता को लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन गया।

बुधवार को विधेयक पर दिन भर चली चर्चा के बाद सायं 5 बजे मुख्यमंत्री धामी ने अपनी बात रखी। मुख्यमंत्री ने चर्चा पर जवाब देते हुए कहा कि यह विधेयक पूरे देश को राह दिखाएगा। यह ऐतिहासिक पल देवभूमि को मिला और एक इतिहास रचा। इसके लिए जनता बधाई की हकदार है। सभी के सहयोग से समरस व आदर्श समाज का निर्माण किया जाएगा। कई लोगों की जिंदगी में बदलाव आएगा।

धामी ने विधेयक के मुख्य बिंदु विस्तार से सदन में रखे। उन्होंने कहा कि संहिता में जरूरी संशोधन भी किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद संविधान के नीति निर्देशक तत्वों में समान नागरिक संहिता का निर्देश किया गया, लेकिन आंबेडकर के सिद्धांतों पर काम न होकर तुष्टिकरण की नीति अपनाई गई। हमने 2022 में कहा था कि नई सरकार का गठन होते ही समान नागरिक संहिता बनाएंगे। आज हमने उस वादे को पूरा कर दिया है। मुख्यमंत्री के वक्तव्य के बाद विधेयक को ध्वनि मत से पारित कर दिया गया।

### यूसीसी लाना देवभूमि का सौभाग्य: धामी



यूसीसी पर चर्चा का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इसे ऐतिहासिक करार दिया और कहा कि इस विधेयक पर सार्थक चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि भारत में कई बड़े प्रदेश हैं, लेकिन यह अवसर उत्तराखंड को मिला है, यह देवभूमि का सौभाग्य है। उन्होंने कहा कि यह कोई साधारण विधेयक नहीं है, बल्कि भारत की एकात्मा का सूत्र है। हमारे संविधान शिल्पियों ने जिस अवधारणा के साथ हमारा संविधान बनाया था, देवभूमि उत्तराखंड से वही अवधारणा धरातल पर उतरने जा रही है।

### ऐसे बनी संहिता

- पांच सदस्यीय विशेषज्ञ समिति ने तैयार की यह संहिता
- समिति ने सुझाव लेने को 43 जनसंवाद कार्यक्रम किए
- समिति को मिले कुल 32 लाख 32 हजार 961 सुझाव
- 2 फरवरी को संहिता का प्रारूप मुख्यमंत्री को सौंपा
- 4 फरवरी को धामी मंत्रिमंडल ने इसे दी अपनी मंजूरी
- 6 फरवरी को विधानसभा में रखा गया यूसीसी विधेयक
- 7 फरवरी को दो दिन की चर्चा के बाद हो गया पारित
- 202 पृष्ठों की इस संहिता में हैं कुल 392 धाराएं

# महाभारत न हो इसलिए अयोध्या, मथुरा, काशी ही चाहा

## विधानसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तीन धर्म स्थलों का मुद्दा उठाया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **बोले, 5 हजार साल पहले जो अन्याय पांडवों के साथ हुआ वही आज बहुसंख्यक समाज के साथ हो रहा**
- **कृष्ण के सिर्फ पांच गांव मांगने पर दुर्योधन ने नहीं दिया फिर महाभारत हुई और कौरव हुए खत्म**
- **राज्यपाल के अभिभाषण पर नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव के तर्क के बाद नेता सदन ने दिया जवाब**
- **विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने धन्यवाद ज्ञापित किया**

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में अयोध्या, काशी, मथुरा विवाद पर अपनी बात रखते हुए विपक्ष को महाभारत का कारण समझाया। योगी ने यह कहते हुए अपना मंतव्य स्पष्ट किया कि, पांच हजार साल पहले पांडवों के साथ जो अन्याय हुआ था वही आज बहुसंख्यकों के साथ हो रहा है। योगी ने कहा, उस वक्त युद्ध टालने के लिए कृष्ण ने दुर्योधन से पांच गांव मांगे थे, हमने भी केवल तीन धार्मिक स्थल ही चाहा है। उस काल में कृष्ण की मांग न पूरी होने पर महाभारत हुआ और कौरव स्वाहा हो गए।

मुख्यमंत्री ने बुधवार को सदन में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलते हुए अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा को अद्भुत, अलौकिक और अविस्मरणीय क्षण बताया। इसी कड़ी में उन्होंने विपक्षी दल सपा और नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव को घेरा। योगी ने अयोध्या के साथ-साथ काशी और मथुरा विवाद को लेकर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि जिस तरह श्रीकृष्ण ने दुर्योधन से पांच गांव मांगे थे, उसी तरह सिर्फ तीन स्थलों की बात की गई है। ये तीनों ईश्वर के अवतरण की धरती हैं, लेकिन एक जिद और उसमें राजनीतिक तड़के व वोट बैंक की प्रवृत्ति ने विवाद खड़ा कर दिया। योगी ने कहा कि तब भी दुर्योधन ने कहा था कि सुई की नोक के बराबर जगह नहीं दूंगा तो महाभारत हुआ। यहां भी वोट बैंक के लिए हमारी संस्कृति और आस्था को रौंदने वाले आक्रांताओं का महिमामंडन किया गया, जिसे अब देश स्वीकार नहीं करेगा।

योगी ने कहा कि पिछली सरकारों ने अयोध्या को प्रतिबंधों और कर्फ्यू के दायरे में रखा। अयोध्या सुनियोजित तिरस्कार भी झेलती रही। लोक आस्था के साथ ऐसा खिलवाड़ कभी देखने को नहीं मिला। मुख्यमंत्री ने पूर्व की सरकारों को कठघरे में खड़ा करते हुए कहा कि जो काम सन् 1947 से ही होना चाहिए उसके लिए आज भी बहुसंख्यक समाज गिड़गिड़ा रहा है।

### मुख्यमंत्री योगी के निशाने पर रहे सपा प्रमुख अखिलेश



अपनी बात को आगे बढाते हुए योगी ने नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव को सीधे निशाने पर लिया। कहा कि राज्यपाल के अभिभाषण की शुरुआत में ही रामलला का जिक्र था। मुझे आश्चर्य हुआ कि नेता प्रतिपक्ष इस सदी की सबसे बड़ी घटना की ओर ध्यान आकर्षित करने के बजाय ध्यान भटकाते रहे। अब तक की उनकी परिपाटी रही है कि तथ्यों और तर्कों से नहीं अपनी बातों को जबरन थोपने का प्रयास करते हैं। तंज कसा कि, अयोध्या में माता शबरी के नाम पर रसोईघर शुरू हो चुका है। माता शबरी के अनुयायी पीडीए के पार्ट हैं या नहीं। निषाद राज के नाम पर रैन बसेरे शुरू हुए हैं, निषादराज के अनुयायी पीडीए का हिस्सा हैं या नहीं। योगी ने सदन में मौजूद शिवपाल यादव का संज्ञान लेते हुए सवाल उठाया कि सपा की लोस उम्मीदवारों वाली सूची में परिवार के तीन सदस्यों के नाम थे, चच्चू का नाम क्यों नहीं था। अगर प्रभु राम को मानते, रामायण से सीखते या महाभारत से ही सीखते तो चच्चू का अपमान नहीं करते।

### पीडीए बिन 1 ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी का सपना रहेगा अधूरा : अखिलेश



नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने अपने भाषण में रामलला का जिक्र भले ही नहीं किया लेकिन अयोध्या पर चर्चा अवश्य की। अखिलेश का आरोप रहा कि वहां जमीनों की खरीद में जमकर भ्रष्टाचार हुआ। अखिलेश ने कहा कि सरकार का 1 ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी का सपना पीडीए को साथ लिए बिना पूरा नहीं हो सकता।

### सपा के पीडीए का मतलब परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी : पाठक



सदन में बुधवार को मुख्यमंत्री समेत सत्तापक्ष के सदस्य उस वक्त अपनी हंसी रोक न सके जब उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अपने संबोधन में समाजवादी पार्टी के पीडीए का अर्थ समझाया। उप- मुख्यमंत्री ने कहा कि इनके पीडीए का मतलब परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी है। बाद में मुख्यमंत्री ने भी अपने भाषण में पाठक के इस बयान का जिक्र भी किया।

### सदन में नजर नहीं आए रालोद के सदस्य

सपा को झटका देकर रालोद के भाजपा के साथ गठबंधन करने की चर्चाओं के बीच बुधवार को सदन में रालोद के सदस्य नजर नहीं आए। विपक्ष में समाजवादी पार्टी के सदस्य जहां लाल टोपी के साथ दिखते हैं वहीं रालोद सदस्य अपने हरे गमछे के साथ होते हैं। चर्चा यह रही कि रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी अपने सभी विधायकों को लेकर दिल्ली गए हैं।

**दिल्ली आबकारी मामला**

## ईडी की याचिका पर केजरीवाल 17 को कोर्ट में तलब



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने समन का पालन न करने को लेकर ईडी की शिकायत पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 17 फरवरी को तलब किया है। ईडी ने आबकारी नीति से संबंधित एक धन-शोधन मामले में पूछताछ के लिए केजरीवाल को समन भेजे थे। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट दिव्या मल्होत्रा ने कहा कि शिकायत पर संज्ञान ले लिया गया है और उन्हें 17 फरवरी को तलब किया गया है। ईडी ने केजरीवाल के खिलाफ समन का पालन न करने पर तीन फरवरी को एक नया मामला दर्ज कराया था। मुख्यमंत्री पिछले शुक्रवार को ईडी के पांचवें समन पर भी पूछताछ के लिए पेश नहीं हुए जो उन्हें बुधवार को जारी किया गया था।

## घटिया दवाएं बनाने वाली कंपनियों पर करें कार्रवाई

विधि संवाददाता, प्रयाग

**हाईकोर्ट की गंभीर टिप्पणी**

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने घटिया दवाओं और इंजेक्शन के वितरण मामले को गंभीरता से लेते हुए कहा कि घटिया दवाएं स्वास्थ्य प्रणाली के लिए एक गंभीर मुद्दा हैं, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। उपभोक्ता को उत्पादों की निर्माण प्रक्रिया तथा गुणवत्ता के बारे में जानकारी नहीं होती है। ऐसे में वे एक्सपायर्ड और घटिया उत्पादों को अनजाने में इस्तेमाल कर लेते हैं। जिसके परिणामस्वरूप उपचार विफल हो जाता है। अतः ऐसी नकली, मिलावटी और घटिया ब्रांड की दवाएं तथा इंजेक्शन तैयार करने वाली कंपनियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की जरूरत है, जो आर्थिक लाभ के लिए आम जनमानस के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करती हैं। उक्त आदेश न्यायमूर्ति विवेक कुमार बिड़ला और न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर की खंडपीठ ने केशव कुमार और दो अन्य की याचिका को खारिज करते हुए की।

शिकायतकर्ता हेल्थ केयर बिजनेस से जुड़ा है। उसने दवाओं की कंपनी वीएडीएसपी फार्मास्यूटिकल्स से 2000 इंजेक्शन खरीदे थे जो घटिया निकले।

## संसद भवन में वास्तुदोष बताने वाले खुशदीप बंसल गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी



**खुशदीप पर भाई हरिश के साथ मिलकर 65 करोड़ की ठगी का आरोप**

असम पुलिस ने जाने-माने वास्तु शास्त्री खुशदीप बंसल को गिरफ्तार किया है। खुशदीप पर अपने भाई हरिश बंसल के साथ मिलकर 65 करोड़ की ठगी का आरोप है। असम पुलिस के साथ दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की काउंटर इंटेलीजेंस यूनिट (सीआई) ने दोनों को बाराखंभा इलाके के मॉर्डन स्कूल के पास से गिरफ्तार किया। खुशदीप बंसल ने पुरानी संसद भवन की लाइब्रेरी से वास्तु ठीक करने का दावा किया था। 5 जनवरी को गिरफ्तारी के बाद असम पुलिस आरोपियों को ट्रांजिट रिमांड पर लेकर असम ले गई। सूत्रों के अनुसार असम पुलिस ने गिरफ्तारी से पहले दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा से संपर्क किया था और बताया था कि खुशदीप बंसल पर गैर जमानती वारंट है और वह सैनिक फॉर्म में रहता है।

65 करोड़ रुपये के ऑटोनॉमस काउंसिल घोटाले का यह मामला 2022 का है। इसमें खुशदीप बंसल और उनके भाई समेत कुल पांच आरोपी हैं, जिसमें मध्यप्रदेश के एक कांग्रेस नेता का बेटा भी शामिल है। मामले में गुवाहाटी हाईकोर्ट ने आरोपियों के खिलाफ सर्च वारंट भी जारी किया था। दिल्ली के सबरवाल ट्रेडिंग कंपनी प्रालि. के मालिक कमल सबरवाल ने खुशदीप बंसल के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। खुशदीप बंसल ने पुलिस को बताया कि उसने किसी को कमल सबरवाल से मिलवाया था और उसने ठगी की थी। असम पुलिस का कहना है कि सभी ने मिलकर जालसाजी की है।

## नक्सलियों से मुठभेड़ में दो सुरक्षाकर्मी शहीद

**चतरा (झारखंड)।** झारखंड के चतरा जिले में बुधवार को नक्सलियों से मुठभेड़ में दो सुरक्षाकर्मी शहीद हो गए जबकि एक घायल हो गया। एक अधिकारी ने बताया कि यह मुठभेड़ झारखंड की राजधानी रांची से लगभग 200 किलोमीटर दूर सदर और बशिष्ठनगर जोरी थाना क्षेत्रों के बीच बैरियो के जंगल में हुई। पुलिस महानिरीक्षक(अभियान) अमोल वी होमाकर ने बताया कि इस घटना में दो सुरक्षाकर्मियों को अपनी जान गंवानी पड़ी। मृतक जवानों की पहचान सिकंदर सिंह और सुकन राम के तौर पर की गई है। दोनों क्रमशः बिहार के गया और झारखंड के पलामू जिले के रहने वाले थे।

## शरद गुट की पार्टी का नाम हुआ राकांपा शरदचंद्र पवार

नई दिल्ली, एजेंसी



**निर्वाचन आयोग ने तीन विकल्पों में से एक आवंटित किया**

निर्वाचन आयोग ने बुधवार को शरद पवार के नेतृत्व वाले समूह के लिए पार्टी का नाम 'राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार' आवंटित किया। आयोग का यह आदेश अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का नाम और 'घड़ी' चुनाव चिह्न देने के एक दिन बाद आया है। अजित पवार पिछले साल जुलाई में राकांपा के अधिकतर विधायकों के साथ अलग हो गए थे और उन्होंने महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली भाजपा-शिवसेना सरकार का समर्थन किया था। आयोग ने शरद पवार समूह से तीन नाम सुझाने को कहा था, जिनमें से एक को महाराष्ट्र में आगामी राज्यसभा चुनाव के मद्देनजर आवंटित किया जा सके। तदनुसार, शरद पवार समूह ने आयोग को तीन नाम - राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदराव पवार और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरद पवार का सुझाव दिया। शरद पवार गुट ने अपने लिए चुनाव चिह्न 'बरगद का पेड़' भी मांगा था।

## आपदा से बचाव का मंत्र देंगे पंचायत भवन

**विशेष**

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

- **आठ तरह की आपदा से बचने के लिए जागरूक करेंगे सन व विनायल बोर्ड**
- **राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के साथ पंचायतीराज विभाग करेगा काम**

**अमृत विचार :** पंचायत भवनों में सरकारी काम के साथ ग्रामीणों को आपदा से बचाव का मंत्र दिया जाएगा। इसके लिए भवन की दीवारों पर सन बोर्ड-विनायल बोर्ड लगाए जाएंगे।

इसमें आठ तरह के आपदा के बारे में जानकारी होगी। यह पहल उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने पंचायती राज विभाग के साथ मिलकर की है। पंचायत भवन पर चित्रों के माध्यम से ग्रामीणों को आपदा से बचाव के उपाय बताए जाएंगे। बोर्ड पर आपदा के समय क्या करें और क्या न करें की जानकारी के साथ सावधानियों के बारे में ग्रामीणों को जागरूक किया जाएगा। ताकि ग्रामीण ऐसे हालात में खुद को बचा सकेंगे।

### कार्यदायी संस्था लगाएगी बोर्ड, होगी जियो टैगिंग

बोर्ड बनाने और लगाने का काम कार्यदायी संस्था करेगी। इसकी जियो टैगिंग के आधार पर मॉनीटरिंग की जाएगी। देखरेख ग्राम पंचायत करेगी। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व व जिला पंचायतराज अधिकारी संयुक्त रूप से इस कार्य का सत्यापन कर राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को रिपोर्ट देंगे। साथ ही बोर्ड का एक नमूना डीपीआरओ कार्यालय में सुरक्षित रखा जाएगा।

**इन आपदाओं का किया चयन :** बाढ़, डूबने के कारण, नाव दुर्घटना, बज्रपात, अग्निकांड, सर्पदंश, शीतलहर, हीटवेव, अतिवृष्टि, आंधी-तूफान व चक्रवात, मानव वन्य जीव द्वंद

अभियानों के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया जाता है। फिर भी ज्यादातर को जानकारी नहीं हो पाती है। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की इस पहल से सभी को जागरूक करने में मदद मिलेगी।

– **राज कुमार**, निदेशक, पंचायती राज विभाग उप्र।

## जनवरी में 10 जिले नहीं दे पाए श्रमिकों को काम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **पिछले माह 19,438 ग्राम पंचायत में एक भी नहीं हुए मनरेगा के काम**
- **मांग के सापेक्ष 98 प्रतिशत काम उपलब्ध कराने का दावा**

**अमृत विचार :** रोजगार की गांरटी देने वाली मनरेगा योजना में 19,438 ग्राम पंचायतों में काम की प्रगति जनवरी में शून्य रही। इनमें 10 जिलों में शून्य मानव दिवस सृजित करने वाली पंचायतों की संख्या सबसे अधिक हैं। जहां सुधार के निर्देश दिए गए हैं।

मनरेगा में 5 करोड़ मानव दिवस सृजन करने का लक्ष्य मिलने पर भी जनवरी में 19,438 ग्राम पंचायतों में एक भी श्रमिक को काम नहीं मिला। इससे इन ग्राम पंचायतों में रोजगार की प्रगति शून्य रही। इनमें बागपत, बुलंदशहर, मेरठ, शामली, संभल, मथुरा, मुज्जफरनगर, बदायूं, हाथरस व आगरा ऐसे जिले हैं जहां शून्य प्रगति वाली ग्राम पंचायतों की संख्या सबसे अधिक है। यह श्रमिकों द्वारा काम मांगने पर आधारित योजना। इस तरह के आंकड़ों पर गौर करें तो प्रदेश में 85.29 लाख श्रमिकों द्वारा काम मांगा गया और 85.27 लाख श्रमिकों को 98 प्रतिशत रोजगार उपलब्ध कराया गया है। जबकि 1531 मांग लंबित है। आयुक्त ग्राम्य विकास की समीक्षा में खराब प्रगति मिलने पर सुधार के निर्देश दिए गए हैं।



## उत्तराखंड के पूर्व मंत्री हरक सिंह रावत के कई ठिकानों पर ईडी ने की छापेमारी

ब्यूरो, देहरादून



- **पाखरो रेंज घोटाले से संबंधित मामले में राज्य के पूर्व वन मंत्री के खिलाफ कार्रवाई**
- **दिल्ली और हरियाणा स्थित आवासों से टीम ने कब्जे में लिए अहम दस्तावेज**

**अमृत विचार :** उत्तराखंड में बुधवार का दिन सियासी हलचल से भरा रहा। जहां एक ओर विधानसभा में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पर बहस चल रही थी, वहीं प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम कांग्रेस नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत के अलावा दो आईएफएस अधिकारियों व एक भाजपा नेता के घर छापे मार रही थी। ईडी की टीम ने पूर्व मंत्री के उत्तराखंड से लेकर दिल्ली व पंचकूला तक 14 ठिकानों पर छापा मारा है।

बताया जा रहा है कि ईडी ने रावत के ठिकानों पर यह छापेमारी पाखरो रेंज घोटाले से संबंधित मामले में की है। प्रवर्तन निदेशालय ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत छापे की कार्रवाई की है। देहरादून में ईडी टीम रावत के डिफेंस कॉलोनी स्थित घर पहुंची। टीम ने घरवालों से पूछताछ कर आलमारी का ताला खोलने को कहा तो घरवालों ने आलमारी की चाबी खो जाने की बात कही, जिसके बाद चाभी बनाने वाला बुलाया गया। उसके बाद अलमारी का लॉक खोलकर अंदर से कई दस्तावेज निकाले गए।

ईडी ने रावत के श्रीनगर स्थित भवन पर भी छापा मारा। वहां मौजूद रावत की मां व अन्य लोगों से पूछताछ की और दस्तावेजों की जांच की। रावत के बिधौली स्थित हॉस्टल, श्रीनगर स्थित होटल, गुहाड़ गांव स्थित पैतृक घर, सहसपुर में आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में भी ईडी की टीम गई है। रावत के दिल्ली और पंचकूला (हरियाणा) स्थित आवासों पर भी छापेमारी कर दस्तावेजों को कब्जे में लिया गया है।





# पंत को आईपीएल खेलने का पूरा भरोसा: पोंटिंग

मेलबर्न, एजेंसी

दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने कहा कि ऋषभ पंत इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र में खेलने को लेकर आश्वस्त हैं, लेकिन यह आक्रामक क्रिकेटर फिलहाल विकेट कीपिंग से दूर रह सकता है। पंत दिसंबर 2022 में भीषण कार दुर्घटना में गंभीर रूप से चोटिल हुए थे। उन्होंने कहा कि ऋषभ को पूरा भरोसा है कि वह मैच खेलने के लिए फिट होंगे। वह टीम में किस क्षमता में रहेंगे इसे लेकर हम अभी पूरी तरह से आश्वस्त नहीं है।

पोंटिंग ने कहा कि आपने सोशल-मीडिया पर उनसे जुड़ी चीजें देखी होंगी, वह सक्रिय है और अच्छी तरह से चल-दौड़ रहा है। आईपीएल शुरू होने में सिर्फ छह सप्ताह बचे है ऐसे में इस साल हमें उनसे विकेट कीपिंग करवाना मुश्किल होगा। उन्होंने कहा कि हम बस यही उम्मीद कर सकते है कि वह खेलने के लिए उपलब्ध रहे। हो सकता है कि वह सभी मैच ना खेले लेकिन अगर वह 14 लीग मैचों में से 10 मैच भी खेलता है तो यह टीम के लिए बोनस की तरह होगा।

पंत अगर विकेट के पीछे अपनी की भूमिका निभाने में सक्षम नहीं हुए तो वह बल्लेबाज के रूप में खेल सकते हैं या आगामी आईपीएल में उनका इस्तेमाल 'इम्पैक्ट प्लेयर' के रूप में हो सकता है। आईपीएल का आगामी सत्र मार्च के आखिर में शुरू हो सकता है। पोंटिंग ने कहा कि मैं गारंटी देता हूं कि अगर मैंने अभी उससे खेलने के बारे में पूछा तो वह कहेगा, मैं हर मैच खेलने के लिए तैयार हू, मैं हर मैच में कीपिंग और चौथे क्रम पर बल्लेबाजी के लिए तैयार हूं। हम हालांकि अभी इस मामले में और इंतजार करना चाहेंगे। उन्होंने कहा कि वह कमाल का खिलाड़ी है। वह स्पष्ट रूप से हमारा कप्तान है।

## मेजर लीग क्रिकेट में वाशिंगटन फ्रीडम के मुख्य कोच होंगे रिकी



सिडनी, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग को अमेरिका की मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) के दूसरे सत्र से पहले बुधवार को वाशिंगटन फ्रीडम फ्रेंचाइजी का मुख्य कोच नियुक्त किया गया। पोंटिंग इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टीम दिल्ली कैपिटल्स के भी मुख्य कोच। उन्होंने भारतीय-अमेरिकी व्यवसायी संजय गोविल के स्वामित्व वाली वाशिंगटन फ्रीडम के साथ दो साल का करार किया है। ऑस्ट्रेलिया के सबसे सफल कप्तानों में शामिल पोंटिंग फ्रेंचाइजी में ग्रेग शेफर्ड की जगह लेंगे। इस टी-20 लीग का दूसरा सत्र छह टीमों के बीच जुलाई में खेला जाएगा। पोंटिंग ने कहा कि मैं 2024 में वाशिंगटन फ्रीडम से जुड़ने के लिए बेहद उत्साहित हूं। अमेरिका में क्रिकेट वास्तव में बढ़ रहा है और मैं मेजर लीग क्रिकेट का हिस्सा बनने का इंतजार कर रहा हूं।

## राज्यस्तरीय बालिका हैंडबाल स्पर्धा 15 से

लखनऊ, अमृत विचार: राज्य स्तरीय सब जूनियर बालिका (अंडर-15) हैंडबाल प्रतियोगिता केडी सिंह बाबू स्टेडियम में 15 से 18 फरवरी तक आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर की टीमें हिस्सा लेंगी। लखनऊ मंडल के क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अजय सेठी के अनुसार इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाली लखनऊ टीम के गठन को ट्रायल भी बाबू स्टेडियम में आयोजित किए जाएंगे। जिला स्तर पर चयन ट्रायल 13 फरवरी और मंडल स्तर पर ट्रायल 14 फरवरी को आयोजित होंगे। इस ट्रायल में शामिल होने वाले बालिकाओं का जन्म एक जनवरी 2009 के बाद होना चाहिए।

# इंग्लैंड ने टेस्ट क्रिकेट में फूंकी जान: बॉथम

मेलबर्न, एजेंसी

महान आल राउंडर इयान बॉथम को लगता है कि बेन स्टोक्स की अगुआई में इंग्लैंड की अति आक्रामक 'बैजबॉल' तकनीक ने टेस्ट क्रिकेट में जान फूंक दी है। ब्रैंडन मैकुलम के मुख्य कोच और स्टोक्स के कप्तान बनने के बाद इंग्लैंड ने पारंपरिक प्रारूप के खेलने के तरीके को नए सिरे से परिभाषित किया है।

बॉथम ने कहा कि आपको बस दर्शकों की तरफ देखने की जरूरत है। दर्शकों ने अब टेस्ट क्रिकेट देखने के लिए वापसी करना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि भारत में 20-30 साल पहले भारत के खिलाफ खेलते हुए मैदान भरे रहते थे। अचानक से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) आया, फिर इसने और वनडे क्रिकेट के कारण टेस्ट में दर्शकों की संख्या में गिरावट आई, लेकिन अब लोग वापसी कर रहे हैं और 'बैजबॉल' क्रिकेट देखना चाहते हैं।



पूर्व कप्तान ने कहा कि इंग्लैंड ने 'बैजबॉल' तरीके से खेलने के बाद से हारने की तुलना में ज्यादा टेस्ट मुकाबलों में जीत हासिल की है। आखिरकार आप मनोरंजन करने के लिए हो और अगर आप चाहते हो कि लोग मैच देखने आएं तो आपको उनका मनोरंजन करना पड़ेगा। वे ऐसे खिलाड़ी को नहीं देखना चाहेंगे जो काफी कम रन जुटाए। आप ऐसे क्रिकेटर को देखना चाहोगे जो मैच में आक्रामक बल्लेबाजी से दबदबा बनाए। इंग्लैंड के लिए 1977 से 1992 के बीच 102 टेस्ट मैच खेलकर 383 विकेट चटकाने और 5200 रन बनाने वाले बॉथम ने कहा कि आप एक या दो मैच गंवाओगे ही, लेकिन इंग्लैंड ने 15 मैच खेले और 12 जीते। टेस्ट क्रिकेट अब पहले से बेहतर हो गया है। अब अन्य टीम भी इंग्लैंड की तरह खेलना चाहती हैं। इसका अन्य टीमों पर प्रभाव पड़ रहा है। अकसर देखा है कि जब टीम के 3 या 4 विकेट गिर गए तो गेंदबाजी करने वाली टीम थोड़ी 'रिलैक्स' होती दिखती है। जब आपने दबाव बना लिया है तो आपको ऐसा ही रखते हुए अपना काम करना चाहिए।

## खेल डायरी

### बेंगलुरु ओपन में डेविस कप नायकों पर होगी निगाह

बेंगलुरु, एजेंसी। पाकिस्तान के खिलाफ डेविस कप मुकाबले में भारत की जीत के नायक रहे रामकुमार रामनाथन और एन श्रीराम बालाजी सहित कई शीर्ष खिलाड़ी 12 से 18 फरवरी के बीच यहां होने वाले बेंगलुरु ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपना भाग्य आजमाएंगे। डेविस कप में नहीं खेलने वाले भारत के चोटी के एकल खिलाड़ी सुमित नागल को भी उनकी 137वीं रैंकिंग के कारण प्रतियोगिता में सीधा प्रवेश दिया गया है। बेंगलुरु ओपन में 257वीं रैंकिंग तक के खिलाड़ियों को सीधा प्रवेश मिला है। पिछले महीने ऑस्ट्रेलियाई ओपन में नागल ने मुख्य ड्रॉ के पहले दौर में दुनिया के 27वें नंबर के खिलाड़ी अलेक्जेंडर बुब्लिक को हराया था। युगल में रामकुमार ने हमवतन साकेत मायनेनी के साथ, जबकि बालाजी ने जर्मनी के आंद्रे बेगेमैन के साथ जोड़ी बनाई है। रामकुमार और माइनेनी ने 2022 में यहां युगल खिताब जीता। पाकिस्तान के मोहम्मद शोएब के खिलाफ जीत दर्ज करके डेविस कप में शानदार आगाज करने वाले निकी पूनाचा ने हमवतन ऋत्विक चौधरी बोलिपल्ली के साथ जोड़ी बनाई है।

### सैफ अंडर-19 के फाइनल में पहुंचे भारत-बांग्लादेश

ढाका, एजेंसी। भारतीय फुटबॉल टीम गुरुवार को यहां जब सैफ अंडर-19 महिला चैंपियनशिप के फाइनल में मेजबान बांग्लादेश से भिड़ेगी तो उसकी निगाह मिथक तोड़कर खिताब हासिल करने पर होगी। भारत में महिला फुटबॉल में सुधार के बावजूद आयु वर्ग की प्रतियोगिताओं में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। भारतीय टीम को सैफ प्रतियोगिताओं में एक से अधिक बार खिताब से हाथ धोना पड़ा था। वह पिछले साल सैफ अंडर-20 प्रतियोगिता के फाइनल में बांग्लादेश से हार गयी थी। ऐसे में भारतीय टीम के पास अपने रिकॉर्ड में सुधार करने का यह शानदार मौका है। भारतीय टीम ने वर्तमान प्रतियोगिता में अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। उसने ग्रुप चरण में भूटान (10-0) और नेपाल (4-0) को आसानी से हराया था लेकिन बांग्लादेश से वह एकमात्र गोल से हार गयी थी। भारतीय टीम ने ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहने के कारण फाइनल में जगह बनाई। भारत अब बदला चुकता करने के लिए मैदान पर उतरेगा लेकिन बांग्लादेश को पराजित करना इतना आसान नहीं है।

### पैरा बैडमिंटन खिलाड़ियों की पैरालंपिक जाने पर नजर

मुंबई, एजेंसी। भारतीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी मानसी जोशी, मंदीप कौर और पलक कोहली की निगाहें 20 से 25 तक पटाया में होने वाली विश्व चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन से इस साल के अंत में होने वाले पैरालंपिक में जगह बनाने पर लगी हैं। भारत ने पिछले साल हांगझोउ पैरा एशियाई खेलों में ऐतिहासिक 111 पदकों में से 21 पदक बैडमिंटन में हासिल किए थे, जिसमें मानसी और मंदीप ने एकल में कांस्य पदक जीते थे। महिलाओं की एसएल3-एसयू5 युगल स्पर्धा में मानसी ने टी मुरूगेसन के साथ रजत पदक और मंदीप ने मनीषा रामदास के साथ कांस्य पदक जीता था। मानसी ने कहा कि हम सभी विश्व चैम्पियनशिप में खेलेंगे जिसके लिए हम 17 फरवरी को जा रहे हैं। यह फाइनल है, यह पैरालंपिक क्वालीफिकेशन वर्ष का अंत है। क्वालीफिकेशन प्रक्रिया 31 मार्च को खत्म हो रही है, इस दिन से हमारी रैंकिंग और 'रेस टू पेरिस' यही पर रूक जाएगी। इसलिए यह विश्व चैम्पियनशिप हम सभी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

### स्नेहा सिंह ने हासिल की दो शॉट की बढ़त

विशाखापत्तनम, एजेंसी। भारतीय गोल्फर स्नेहा सिंह ने बुधवार को यहां महिला प्रो गोल्फ टूर के चौथे चरण के शुरूआती दौर में चार होल में तीन बर्डी की बदौलत दो शॉट की बढ़त हासिल की। इस सत्र के दूसरे चरण की विजेता स्नेहा ने दो अंडर 70 का कार्ड खेला और वह अंडर पार का कार्ड खेलने वाली एकमात्र गोल्फर थीं। उनकी चिर प्रतिद्वंद्वी हिताशी बख्शी 72 के कार्ड से खुशी खानिजाऊ के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं। रिद्धिमा दिलावड़ी 74 के कार्ड से अकेले चौथे स्थान पर हैं।



# शीर्ष पर पहुंचने वाले भारत के पहले तेज गेंदबाज बने बुमराह

## 11 महीने से सूची में शीर्ष पर चल रहे रविचंद्रन अश्विन की ली जगह

### आईसीसी टेस्ट रैंकिंग

| रैंकिंग | खिलाड़ी | रेटिंग |
|---|---|---|
| 1 | जसप्रीत बुमराह | 881 |
| 2 | कगिसो रबाडा | 851 |
| 3 | आर अश्विन | 841 |
| 4 | पैट कमिन्स | 828 |
| 5 | जोश हेजलवुड | 818 |
| 6 | प्रभात जयसूर्या | 783 |
| 7 | जेम्स एंडरसन | 780 |
| 8 | नाथन लियॉन | 746 |
| 8 | रवींद्र जडेजा | 746 |
| 8 | ओली रॉबिन्सन | 746 |

**भारत के तीन स्पिनर्स बिशन सिंह बेदी अश्विन और जडेजा को मिल चुका है खिताब**

दुबई, एजेंसी

इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में शानदार प्रदर्शन के बाद जसप्रीत बुमराह बुधवार को आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज बन गए। विशाखापत्तनम में इस 30 साल के गेंदबाज ने 9 विकेट लेकर पैट कमिंस, कागिसो रबाडा और रविचंद्रन अश्विन को पीछे छोड़ दिया। वह टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले देश के चौथे खिलाड़ी है। इससे पहले स्पिनर बिशन सिंह बेदी, अश्विन और रविंद्र जडेजा शीर्ष पर पहुंचने में सफल रहे हैं। बुमराह ने इस रैंकिंग में अश्विन की जगह ली जो 11 महीने से इस सूची में शीर्ष पर थे। टेस्ट मैच में 499 विकेट लेने वाले अश्विन तीसरे स्थान पर खिसक गए। बुमराह के नाम 881 रेटिंग अंक है। वह सबसे ज्यादा रेटिंग अंक हासिल करने के मामले में अश्विन (904) और जडेजा (899) के बाद चौथे स्थान पर है। अश्विन और जडेजा मार्च 2017 में संयुक्त रूप से शीर्ष पर थे। बल्लेबाजों की सूची में विशाखापत्तनम में दोहरा शतक जड़ने वाले सलामी बल्लेबाज यशस्वी जयसवाल 37 पायदान ऊपर 29वें स्थान पर पहुंच गए जबकि दूसरी पारी में शतक लगाने के बाद शुभमन गिल 14 पायदान ऊपर चढ़कर करियर के सर्वश्रेष्ठ 38वें स्थान पर पहुंच गए। इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज जैक क्राउली विशाखापत्तनम टेस्ट के बाद आठ स्थान ऊपर चढ़कर 22वें पायदान पर आ गये है। उन्होंने भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट में 76 और 73 रन की पारी खेली थी। इंग्लैंड के लेग स्पिनर रेहान अहमद 70वें स्थान पर पहुंचे हैं, जबकि इंग्लैंड के दूसरे खिलाड़ी बने टॉम हार्टले सूची में सुधार करने में सफल रहे।



# हम खिलाड़ियों से संवाद को प्राथमिकमा दे रहे हैं: रूट

विशाखापत्तनम, एजेंसी

**नतीजे की परवाह किए बिना उसी अंदाज में खेलेंगे जो हमें आता है**



इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट ने कहा कि बेन स्टोक्स के नेतृत्व में इंग्लैंड की टीम में अब बैठक करने की जगह खिलाड़ियों से संवाद करने को प्राथमिकता दी जाती है।

इंग्लैंड और भारत के बीच खेली जा रही 5 मैचों की श्रृंखला अभी 1-1 से बराबर है। जो रूट ने कहा कि हम अब टीम बैठक नहीं करते हैं। यह टीम में होने वाली अच्छी चीजों में से एक है कि हम खेल से दूर अपनी सारी बातचीत कैसे करते हैं। एक-दूसरे के साथ समय बिताने का लुत्फ उठाते हुए चर्चा करना पसंद करते हैं। इस पूर्व कप्तान ने कहा कि हमें अब 'मीटिंग रूम' में नहीं बैठना होता है। मुझे लगता है कि आप खाने के टेबल पर या कॉफी पीते समय अपनी भावनाओं को ज्यादा अच्छे से व्यक्त कर सकते हैं। इंग्लैंड की टीम श्रृंखला के पहले मैच की पहली पारी में 190 रन से पिछड़ने के बावजूद जीत दर्ज करने में सफल रही। टीम को हालांकि दूसरे मैच में हार का सामना करना पड़ा। रूट ने कहा कि हमारी टीम नतीजे की परवाह किए बिना उस अंदाज में खेलना जारी रखेगी जो उसे आता है। इसने हमें पिछले कुछ समय से सफलता दिलाई है। इससे हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर पा रहे हैं। हम पहले भी ऐसी स्थिति (पहले टेस्ट की पहली पारी में बड़े अंतर से पिछड़ने के बाद वापसी) में रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछली बार हमने इंग्लैंड में भारत का सामना किया था। उस टेस्ट मैच में भी हम बड़े अंतर से पिछड़ रहे थे लेकिन हमने वापसी कर जीत दर्ज की। ऐसा कई बार हो चुका है।



## द. कोरिया को हराकर जॉर्डन एशियाई कप के फाइनल में

अल-रेयान (कतर), एजेंसी। याजन अल नैमत और मूसा तमारी के गोल के दम जॉर्डन ने खिताब के प्रबल दावेदार द. कोरिया को 2-0 से हराकर पहली बार एशियाई कप फुटबॉल के फाइनल में जगह बनाई। अहमद बिन अली स्टेडियम में मंगलवार को खेले गए सेमीफाइनल का पहला हाफ गोल रहित रहने के बाद अल नैमत और तमारी ने दूसरे हाफ में गोल किए, जिससे जॉर्डन ने इतिहास रच दिया। इसके साथ की द. कोरिया के कोच जुर्गन क्लिंसमैन का टीम को तीसरी बार चैम्पियन बनाने का सपना भी टूट गया। जॉर्डन के कोच हुसैन अम्मौता ने कहा कि मैंने अपने खिलाड़ियों से कहा था कि वह द. कोरियाई टीम का जितना सम्मान करना चाहिए उससे अधिक न करें। मुझे लगता है कि इससे खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ा। हमारे पास गंवाने के लिए कुछ नहीं था। फाइनल में जॉर्डन के सामने ईरान और गत चैम्पियन कतर के बीच खेले जाने वाले सेमीफाइनल मैच के विजेता की चुनौती होगी। खिलाड़ी के तौर पर 1990 में वेस्ट जर्मनी के लिए विश्व कप जीत चुके द. कोरिया के कोच क्लिंसमैन ने इस हार की जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि किसी टीम के लिए टूर्नामेंट कैसा होगा इसके लिए कोच जिम्मेदार होता है।

# नहीं रहे क्रिकेटर नीरू कपूर खेल जगत में शोक की लहर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


**पूर्व खिलाड़ियों और खेल संघों के पदाधिकारियों ने जताया शोक**



अमृत विचार: उत्तर प्रदेश के बेहतरीन स्ट्रोक क्रिकेटर नीरू कपूर (81 वर्षीय) ने बुधवार की सुबह दुनिया को अलविदा कह दिया। उनके निधन की सूचना मिलते ही राजधानी का खेल जगत शोक में डूब गया। विभिन्न खेलों के खिलाड़ियों और खेल संघों के पदाधिकारियों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया। गुरुवार को उनका अंतिम संस्कार गुलाला घाट पर किया जाएगा। परिजनों के अनुसार वह पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। नीरू कपूर की अस्पताल में मृत्यु हई। सांस लेने में दिक्कत के कारण उन्हें तीन दिन पहले मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

# बॉलीवुड हलचल

## 'सारिपोधा सनिवारम' का शेड्यूल पूरा




मुंबई, एजेंसी। नेचुरल स्टार नानी की एक्शन फिल्म 'सारिपोधा सनिवारम' का दूसरा शेड्यूल पूरा हो गया है। यह फिल्म विवेक आत्रेया द्वारा निर्देशित और डीवीवी दानय्या द्वारा डीवीवी एंटरटेनमेंट के तहत निर्मित है। निर्माताओं ने तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की, जिसमें दूसरे शेड्यूल के पूरा होने का खुलासा किया गया। डीवीवी एंटरटेनमेंट ने लिखा कि सारिपोधा सनिवारम ने महत्वपूर्ण दूसरा शेड्यूल पूरा किया। एक सुखद मनोरंजन अनुभव की गारंटी जल्द ही आपके पास आने वाली है। सारिपोधा सनिवारम में एसजे सूर्या और प्रियंका अरुल मोहन भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। फिल्म का संगीत जेक बेजॉय द्वारा तैयार किया गया है, जबकि संपादन कार्तिका श्रीनिवास द्वारा किया गया है। सिनेमैटोग्राफी का प्रबंधन मुरली जी द्वारा किया गया है।

### 16 फरवरी को रिलीज होगी फिल्म प्यार के बंधन



मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी सिनेमा के सुपर स्टार खेसारीलाल यादव और अभिनेत्री यामिनी सिंह की फिल्म प्यार के बंधन 16 फरवरी को रिलीज होगी। यशी फिल्म्स प्रा. लि. प्रस्तुत फिल्म प्यार के बंधन के निर्माता अभय सिन्हा और निर्देशक अनंजय रघुराज हैं। अभय सिन्हा ने बताया कि यह बेजोड़ फिल्म है। इसको रेणु विजय फिल्म्स एंटरटेनमेंट और निशांत उज्जवल इस फिल्म का वितरण कर रहे हैं। खेसारीलाल यादव ने कहा कि यह फिल्म बंसत ऋतु, के महीना में आ रही है। यामिनी ने कहा कि यह पारिवारिक फिल्म है और इसका निर्माण भव्यता से किया गया है।

## श्रीमद रामायण में काम करना अद्भुत अनुभव : सुजय



मुंबई, एजेंसी। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित हो रहे शो श्रीमद् रामायण में श्रीराम की भूमिका निभा रहे सुजय रेऊ ने कहा है कि श्रीमद् रामायण में काम करना उनके लिए अद्भुत अनुभव रहा है। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के दिव्य महाकाव्य 'श्रीमद् रामायण' भगवान श्रीराम के जीवन और शिक्षाओं का वर्णन करती है। भगवान श्रीराम का किरदार निभा रहे सुजय रेऊ ने बताया कि एक एक्टर के रूप में, शाही पोशाक से वनवास की साधारण पोशाक में बदलाव एक गहरा बदलाव रहा है, लेकिन भगवान श्रीराम के गुणों को मूर्त रूप देना निरंतर जारी है, जो सभी स्थितियों में सौम्यता और हौसला बनाए रखते हैं, जो महाकाव्य कथा का केंद्र है। इस शो में काम करना एक बहुत ही अद्भुत अनुभव रहा है, यह न केवल मुझे अपनी कला को विकसित करने में मदद कर रहा है बल्कि इस दिव्य चरित्र की शूटिंग के दौरान मिली सीख के साथ मुझे अपने व्यक्तित्व को आकार देने में भी मदद कर रहा है। माता सीता की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री प्राची बंसल ने कहा कि माता सीता अटूट भक्ति का प्रतीक है, यह साबित करती हैं कि सच्चा प्रेम चुनौतियों से परे है, भगवान श्रीराम और माता सीता का बंधन सभी के लिए एक सच्ची प्रेरणा है कि वे जीवन की परीक्षाओं का सामना करते हुए अपने जीवनसाथी के साथ खड़े रहें। श्रीमद् रामायण, हर सोमवार से शुक्रवार रात 9 बजे, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित किया जाता है।

## अमेजन प्राइम पर रिलीज होगी करन की वेबसीरीज 'लव स्टोरियां'



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड फिलमकार करण जौहर की वेबसीरीज 'लव स्टोरियां' 14 फरवरी को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। वेब सीरीज 'लव स्टोरियां' में छह एपिसोड होंगे, जिसमें सच्ची प्रेम कहानियां दिखाई जाएंगी। धर्माटिक एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन तले बनी वेब सीरीज 'लव स्टोरियां' वैलेंटाइन-डे पर 14 फरवरी को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम पर रिलीज होगी। अमेजन प्राइम वीडियो ने इंस्टाग्राम अकाउंट से वेब सीरीज 'लव स्टोरियां' का पोस्टर शेयर कर कैप्शन में लिखा है, 'इस वैलेंटाइन हम आपके लिए ऐसी कहानियों को लेकर आए हैं, जो आपको प्यार पर विश्वास करने के लिए मजबूर कर देंगी। ये फेयरीटेल रोमांस के मेकर्स द्वारा बनाई गई हैं।' वेब सीरीज 'लव स्टोरियां' की कहानियों को 6 निर्देशक अक्षय इंडिकर, अर्चना फड़के, कॉलिन डी'कुन्हा, हार्दिक मेहता, शाजिया इकबाल और विवेक सोनी के जरिए दिखाया जाएगा। वहीं, वेब सीरीज 'लव स्टोरियां' को करण जौहर, अपूर्व मेहता और सोमेन मिश्रा धर्माटिक एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन के बैनर तले बनाया गया है।

### यश कुमार की तीन फिल्मों का हुआ भव्य मुहूर्त



मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार यश कुमार की तीन फिल्मों का मुहूर्त संपन्न हो गया। यश कुमार की तीनों फिल्मों का निर्माण उनके होम प्रोडक्शन की कंपनी यश कुमार एंटरटेनमेंट की प्रस्तुति होगी, जिसकी निर्माता निधि मिश्रा हैं। यश कुमार की जिन तीन फिल्मों का मुहूर्त हुआ है, उनमें दिल तो बच्चा है जी, जानवर और इंसान 2 और दामाद जी किराए पर हैं 2 है। यश कुमार ने बताया कि तीनों फिल्में अलग-अलग और बेहतरीन पटकथाओं पर आधारित है। उन्होंने कहा है कि जानवर और इंसान 2 और दामाद जी किराए पर है 2 का पहला भाग बेहद सफल रहा था। तब दर्शकों ने दोनों फिल्मों को खूब सारा प्यार और आशीर्वाद दिया था और फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था। इस वक्त हमने इस फिल्म के सीक्वल को बनाने का निर्णय लिया था जिसके लिए अब हम तैयार हैं और यह जल्द ही आपके सामने होगी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# पाक बार्डर से पहुंचे रामभक्त, भक्तिपथ पर गूंजा राम भजन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामोत्सव के रंग के बीच अयोध्या धाम में श्रद्धालुओं का आगमन अनवरत जारी है। यहां बुधवार को आस्था स्पेशल ट्रेन से पाकिस्तान बार्डर से 1400 रामभक्तों का जत्था पहुंचा। दोपहर 12 बजे से एक घंटे के लिए हनुमानगढ़ी पर दर्शन बंद होने के दौरान श्रद्धालु भक्तिपथ पर बैठ कर राम भजन गाने लगे। दर्शन सुलभता से हो जाएं इसके लिए कोई कतार से नहीं हटा। भक्तिपथ पर मौजूद इन रामभक्तों ने लगातार जय श्रीराम के उद्घघोष से क्षेत्र गुंजायमान कर दिया।

रामलला के दर्शन के साथ यहां पहुंचने वाले श्रद्धालु हनुमंत लला के दरबार में भी शीश नवा रहे हैं। एससबी के जवान भक्तिपथ पर दर्शनार्थियों की लाइन लगवाकर बारी - बारी से दर्शन करने के लिए भेज रहे है। एससबी के एसआई ओम प्रकाश ने बताया भीड़ को कंट्रोल करने के लिए 67 जवान रोज की तरह आज भी सुबह आठ बजे से लाइन लगवाकर दर्शन करवा रहे है। देर रात तक यह प्रक्रिया जारी रहेगी। जत्थे का नेतृत्व कर रहे छगन लाल गहलोत ने बताया कि हम लोगों के ठहरने से लेकर भोजन की व्यवस्था कराई गई है। ऐसा पहली बार है जब रामभक्तों को इतना सत्कार दिया जा रहा है। सुरक्षा और अयोध्या धाम की व्यवस्था बहुत ही अच्छी है। मुरादाबाद और अमरोहा से आए कुनाल ने कहा हम 12 लोग कल अयोध्या आए हैं। दो घंटे से लाइन में खड़े लेकिन थके नहीं है। बोले अयोध्या वास्तव में अलौकिक नगरी बन चुकी है। यहां सड़कों पर बैठ भजन करना स्वर्ग के किसी आसन से कम नही है



श्रद्धालुओं को कतारबद्ध कराते एसएसबी के जवान।



पाकिस्तान बार्डर से आए रामभक्त भक्तिपथ पर जय श्रीराम का उद्घोष करते।



भक्तिपथ पर बैठकर भजन कीर्तन करते श्रद्धालु।

## एक नजर

### देर से पहुंचे बेंगलुरू और पुणे के विमान



**अयोध्या, अमृत विचार :** अयोध्या के अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर स्पाइस जेट के बेंगलुरू और पुणे से आने वाले विमान बुधवार को एक घंटे की देरी से पहुंचे। विमानों की देरी को खराब मौसम का हवाला दिया गया। इसके अलावा फरक्का एक्सप्रेस तीन घंटे और दून एक्सप्रेस ट्रेन दो घंटे की देरी से अयोध्या कैंट पहुंचीं। आज कुल 10 विमान टेकऑफ हुए।

### जिला अस्पताल में बना थैलीसिमिया वार्ड



**अयोध्या, अमृत विचार :** जिला अस्पताल में थैलीसिमिया वार्ड बनाया गया है। इस वार्ड में थैलीसिमिया से ग्रसित बच्चों को भर्ती किया जाएगा। सीएमएस डॉ .एनपी गुप्ता ने बुधवार को बताया कि वार्ड में चार बेड लगाए गए हैं। आने वाले दिनों में वार्ड को अलग जगह पर शिफ्ट करते हुए बेडों की संख्या भी बढ़ाई जाएगी।

### कर्मियों का विवरण फीड करने के निर्देश

**अयोध्या, अमृत विचार :** मुख्य विकास अधिकारी ऋषिराज ने जिले के समस्त कार्यालयाध्यक्षों को लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत सभी मतदान, मतगणना कार्मिकों के लिए विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों का विवरण अद्यतन शत प्रतिशत फीड करने के निर्देश दिये हैं।

### रिटायर्ड फौजी की लाइसेंसी बंदूक नहीं मिली


**अयोध्या, अमृत विचार :** लगभग सवा माह पूर्व कैंट थाना क्षेत्र के एफसीआई गोदाम के पास संदिग्ध हाल में गायब सेवानिवृत्त फौजी कैंट थाना क्षेत्र स्थित डिफेंस कॉलोनी करमअली का पुरवा निवासी दिनेश कुमार की लाइसेंसी बंदूक का अभी तक सुराग नहीं लग पाया। थाने के एसएसआई शरतचंद्र का कहना है कि अज्ञात के खिलाफ बंदूक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर तहकीकात कराई जा रही है।

### जुलूस सफरे मदीना नौ को शाम सात बजे

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** जुलूस सफरे मदीना नौ फरवरी को शाम सात बजे निकलेगा। जुलूस मस्जिद फैय्याज़ से उठकर अपने कदीमी रास्ते से होता हुआ दरगाह आलिया कमरख खुर्द महल जाएगा। जिसमें शहर की सभी अंजुमन शिरकत करेगी। जुलूस में मौलाना क़मर मेहदी , मौलाना मोहम्मद जाफ़र, मौलाना नदीम रज़ा ज़ैदी तकरीर करेंगे।

## अयोध्या धाम में बिक रही एक्सपायरी डेट की कोल्ड ड्रिंक्स

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** अयोध्या धाम में पूरे भारत वर्ष के विभिन्न प्रदेशों से लाखों लोग आ रहे है। इन सबके बीच बुधवार को यहां एक बड़ी कंपनी की एक्सपायरी डेट की कोल्ड-ड्रिंक मिलने का मामला सामने आया है। भक्ति पथ पर कोल्डड्रिंक का व्यापार करने वाले अतुल ने बुधवार दोपहर बाहर से आए एक श्रद्धालु की मांग पर कोल्ड ड्रिंक दी। शुक्र रहा कि कोल्ड-ड्रिंक देते समय अचानक दुकानदार की निगाह एक्सपायरी डेट की ओर चली गई। इसके बाद उन्होंने ग्राहक से कोल्डड्रिंक न पीने की अपील की। नामी कंपनी के इस कोल्ड ड्रिंक पर बनाने की 23 अप्रैल 2023 तिथि लिखी और एक्सपायर तिथि 22 जनवरी 2024 लिखी है। दुकानदार ने बताया पांच गत्ता माल मंगवाया था। अभी तक कोई शिकायत नहीं थी। उसने बताया कि अब जब एक्सपायर कोल्ड ड्रिंक सामने आ गई है तो सारा माल हटा कर कंपनी के जिम्मेदार से शिकायत की है। कंपनी के अधिकारी शिवेंद्र ने बताया शिकायत मिली है, संभवत: गलत आपूर्ति हो गई हो। सभी जगह चेक कराया जा रहा है।



कोल्ड-ड्रिंक की बाटल पर दर्ज तिथि।

# निर्माणाधीन फोरलेन की सात गलियां छह माह से बंद

**संकट**

## पाइप लाइन कटने से जलापूर्ति हुई ठप

**आठ मोहल्लों और कॉलोनियों के लोगों का आना-जाना दुश्वार**

**35 हजार से अधिक लोग झेल रहे संकट**

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** बसखारी - फैजाबाद फोरलेन निर्माण की धीमी गति ओवरब्रिज से देवकाली चौराहे तक निवास करने वाले लोगों और दुकानदारों के लिए संकट बन गई है। छह महीने बाद भी लोक निर्माण विभाग द्वारा नाला, डक्ट और फुटपाथ का निर्माण नहीं पूरा करा सका है। जिसके कारण इस मार्ग पर बसे आठ मोहल्लों और कॉलोनियों के लोग छह माह से सुगम आवाजाही के लिए तरस रहे हैं। अव्यवस्थित ढंग से चल रहे निर्माण के कारण करीब 35 हजार आबादी जलापूर्ति, जलभराव, जल निकासी समेत तमाम दंश झेल रही है।

स्थानीय निवासियों द्वारा शिकायत के बाद भी अब तक समस्याओं का समाधान नहीं किया गया है। वर्तमान में हालात यह है कि मुख्य सड़क तक आने वाली सभी सात गलियों से बाहर आना दूभर हो गया है। बच्चों के स्कूल जाने के साथ महिलाओं के बाजार और लोगों के दफ्तर जाने में दुरुह हालत है। इतना ही नहीं जल निकासी नाली की और सप्लाई वाटर के कनेक्शन बंद कर दिए गए हैं। मुख्य मार्ग पर दीवार नुमा डिवाइडर अलग बनाकर छोड़ दिया गया। न तो उस पर आने-जाने का एप्रोच मार्ग बनाया गया न उतरने का। जिसके कारण लोगों को अपने घरों से निकलने में तमाम पापड़ बेलने पड़ रहे हैं।

कबीर नगर वार्ड के पार्षद चंदन सिंह ने बताया कि देवकाली मार्ग पर फैमिली बाजार, स्मार्ट बाजार के बगल में इस तरह से लगभग सात गलियां पूरी तरह से बंद हैं। पानी की सप्लाई छह महीने से ठप है। जल निकासी की नालियों में निर्माण सामग्री ठुसी होने से गंदा पानी घरों में वापस लौट रहा है। गलियों में जलभराव से भी लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कोई भी वाहन से गली से मुख्य सड़क पर आ नहीं सकता है। वहीं लोगों ने बताया कि कहीं भी कोई उससे एप्रोच वे बनाया ही नहीं गया है। कर्मचारियों से बात करने पर कहते हैं कि कर देंगे, लेकिन छह महीने से जस की तस स्थिति है।



फैमिली बाजार पुरानी के बगल हनुमत नगर कॉलोनी गली।



सड़क के किनारे दीवार नुमा फुटपाथ बिना एप्रोच के।



गणेशपुरी कॉलोनी जाने वाली गली।

### लोग बोले : विकास सही लेकिन समस्याएं भी देखी जानी चाहिए

गणेशपुरी कॉलोनी के अजीत सिंह व प्रकाश गुप्ता ने कहा कि विकास सही है लेकिन समस्या पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। बताया कि शिकायत पर न कोई सुनवाई हो रही न समाधान। प्रकाश गुप्ता, राजा मान सिंह, दुर्गेश सिंह, प्रवीण सिंह व अमित त्रिपाठी ने कहा कि गली से निकलने के लिए 10 बार सोचना पड़ता है। जिस तरह से निर्माण हो रहा है वह मानक और जनसुविधा के अनुरूप नहीं है। बताया कि ओवरब्रिज से लेकर देवकाली चौराहे तक अगल-बगल के सभी कॉलोनियों की स्थिति बहुत खराब है।

### ये इलाके सर्वाधिक प्रभावित

गणेशपुरी कॉलोनी, केके बाबू की कोठी, स्मार्ट बाजार के बगल डॉ. चितरंजन वर्मा की गली, स्वामी कुंज को जाने वाली गली, नई धर्मशाला के बगल नवजीवन ज्योति हॉस्पिटल जाने के लिए गली, पुराने फैमिली बाजार के बगल हनुमत नगर कॉलोनी, डॉ. एसबी सिंह की गली, डॉ.गंगवार सर्जन गली समेत कुल आठ गलियां पूरी तरह से बंद हो गईं है।

**प्रमुख समस्याएं**
- आवागमन बंद।
- जल निकासी बंद।
- जलभराव।
- एप्रोच मार्ग नहीं।
- दिवार नुमा डिवाइडर।

"लोगों की क्या शिकायत है जानकारी नहीं है। यदि कोई ज्ञापन है तो भेज दीजिएगा, हम दिखवा लेंगे। जो भी समस्या होगी निराकरण करा दिया जाएगा।"
-शशांक पांडेय, सहायक अभियंता, लोक निर्माण विभाग।

# ओलंपिया बॉडी बिल्डिंग में देश के लिए स्वर्ण पदक जीतना लक्ष्य



पत्रकारों से रूबरू मि. इंडिया सुशील। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय

**मिस्टर गैलेक्सी टीम इंडिया में चयनित सुशील बोले, देश में फिर रामराज्य आया**

**अमृत विचार:** मेरा देश के लिए स्वर्ण पदक हासिल करने का लक्ष्य है। ये हम सबका सौभाग्य है कि जन्मभूमि में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के समय मौजूद हैं। देश में फिर रामराज्य आया है, हर तरफ राममय वातावरण बन गया है।

ये बातें थाईलैंड में आयोजित मिस्टर गैलेक्सी प्रो वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए टीम इंडिया में चयनित लखनऊ के सुशील यादव ने बुधवार को यहां कहीं। वो चैंपियनशिप से पूर्व रामलला व हनुमानजी का आशीर्वाद लेने आए थे। एक रेस्टोरेंट में पत्रकारों से वार्ता करते हुए 20 वर्षीय सुशील ने बताया कि लखनऊ में जनवरी में यूडब्ल्यूएसएफएफ की ओर से हुई प्रतियोगिता में मेन्स फिजिक व क्लासिक फिजिक स्पर्धा मिस्टर गैलेक्सी प्रो चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में चयन हुआ है। एशियन चैंपियनशिप में भारत प्रतिनिधित्व कर चुके सुशील मिस्टर इंडिया, मिस्टर यूपी खिताब हासिल कर चुके है। इस अवसर पर पूर्व मिस्टर इंडिया शोभित शुक्ल, यूथ कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष शरद शुक्ल, डॉ. कृतांत सिंह व डॉ. सौरभ सिंह ने रामनामी और रामचरितमानस भेंट कर स्वागत किया।

### तानों ने बनाया बॉडी बिल्डर

भारतीय थल सेना के पूर्व सैन्यकर्मी पिता सुदर्शन यादव व गृहिणी माता फूलमती के पुत्र सुशील बचपन में दुबले पतले थे। लोगों के तानों से तंग आकर शरीर बनाना शुरू किया। पिता चाहते थे कि बेटा सेना में ही जाए, लेकिन बॉडी बिल्डिंग का पैशन कब प्रोफेशन बन गया सुशील को पता ही नही चला। आज पिता ही नहीं सभी को सुशील की उपलब्धियों पर गर्व है।

### तीन दिन पूर्व त्याग देते हैं पानी, चीनी और नमक

सुशील कहते है कि कुछ पाने के लिए खोना बहुत जरूरी है। चैंपियनशिप के तीन दिन पूर्व से ही पानी, चीनी और नमक खाना छोड़ना होता है। हालांकि चीनी तो तीन माह पूर्व ही बंद हो जाती है और नमक एक हफ्ता पहले। तीन दिन पहले पानी भी छोड़ देते है और उबला, सादा खाना ही खाते हैं।

# अयोध्या नगर निगम बोर्ड में भाजपा को मिला बहुमत

अयोध्या कार्यालय

**अल्पसंख्यक समेत पांच निर्दलीय पार्षद पार्टी में शामिल**

**अमृत विचार:** भाजपा ने अयोध्या नगर निगम बोर्ड में बहुमत हासिल कर लिया। ऐसा नगर निगम में जीते एक अल्पसंख्यक समेत पांच निर्दलीय पार्षदों के बुधवार को लखनऊ में भाजपा का दामन थामने के चलते हुआ। नगर निगम चुनाव में पार्टी के महापौर प्रत्याशी के अलावा 60 वार्डों में 27 पार्षदों ने जीत हासिल की थी, जबकि 17 सीट सपा, तीन सीट बसपा और एक-एक सीट रालोद, पीस और आम आदमी पार्टी के खाते में गई थी। 10 निर्दलीय पार्षदों ने जीत दर्ज की थी।

अब लोक सभा चुनाव के पूर्व अयोध्या महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने पांच निर्दलीय पार्षदों को पार्टी से जोड़ न केवल निगम बोर्ड में बहुमत का आंकड़ा पार किया है, साथ ही पार्टी की जमीन मजबूत की है। लखनऊ प्रदेश प्रदेश कार्यालय में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी, क्षेत्रीय अध्यक्ष मिथिलेश मिश्रा,उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या और उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक की मौजूदगी में अयोध्या निगम के निर्दल पांच पार्षद मणिरामदास वार्ड की आभा पांडे पत्नी रिशू पांडेय, वशिष्ठ कुंड वार्ड से रंजना यादव पत्नी अनिकेत यादव, नानकपुरा वार्ड की मीरा देवी, अभिरामदास वार्ड के सुल्तान अंसारी व अवधपुरी वार्ड के पार्षद सौरभ सिंह सूर्यवंशी ने महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी के संयोजन में अपने समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी की रीति-नीति से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता हासिल की है। जिसके बाद 60 सदस्यीय नगर निगम बोर्ड में भाजपा के पार्षदों की संख्या 32 हो गई है।

महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विकास की नीतियों से प्रभावित होकर नगर निगम के विकास के लिए पांच निर्दलीय पार्षदों ने अपने समर्थकों के साथ पार्टी की सदस्यता ली है। यह सभी अब अयोध्या के विकास में अपना योगदान देंगे। इस अवसर पर महंत बृजमोहन दास, पूर्व सभासद रमेश गुप्ता राणा,श्रीनिवास शास्त्री, शिव मोहन शुक्ल, विनीत पांडेय समेत अन्य मौजूद रहे।



लखनऊ भाजपा कार्यालय में पार्टी का झंडा देते निर्दलीय पार्षद।



नौका विहार के दौरान सूरीनाम के सांसद। अमृत विचार

## सूरीनाम के सांसदों ने किए रामलला के दर्शन

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** राम मंदिर में विराजमान रामलला के दर्शन के लिए बुधवार को दक्षिण अमेरिका स्थित सूरीनाम देश के लोकसभा सभापति के नेतृत्व में सात सदस्यीय सांसदों का प्रतिनिधिमंडल रामलला के दर्शन किए। इसके बाद सरयू नदी में नौका विहार भी किया। भारत के लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला के निमंत्रण पर सूरीनाम से आए सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल में स्पीकर मरिनस बेई, सांसद महेंद्र कुमार योगी, निशा झकरी, मांगरो, आशीष गयादीन, मोहन, रेशमा म्हात्रे व परमेश्वर शामिल रहे। दर्शन पूजन के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद भी दिया। सांसद रेशमा म्हात्रे ने कहा कि रामलला से आशीर्वाद मांगा है कि भगवान सबको खुश रखे। कहा कि मैं मोदी की बहुत बड़ी फैन हूं और उनसे कुछ सीखना चाहती हूं। सांसद महेंद्र योगी ने बताया कि बहुत ही अच्छा लगा किसी जन्म में हमने कोई पुण्य किया था जो रामलला के दर्शन का मौका मिला है। उन्होंने बताया कि हमारे पूर्वज 150 साल पहले बिहार से सूरीनाम गए थे। स्पीकर मरिनस बेई ने कहा कि मेरा यह प्रथम अयोध्या दौरा है। एक महान अनुभूति हो रही है।

# अभेद होगी स्थाई राममंदिर की सुरक्षा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** प्राण प्रतिष्ठा के बाद अब भव्य राम मंदिर की सुरक्षा को लेकर नए सिरे से खाका खींचा जा रहा है। अत्याधुनिक उपकरणों के साथ श्रद्धालुओं की सुविधाओं का भी ध्यान रखा जाएगा। इस पर बुधवार को राम जन्मभूमि परिसर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद हुई पहली राममंदिर स्थाई सुरक्षा समिति की बैठक में मंथन किया गया।

बैठक के पहले अधिकारियों ने जन्मभूमि पथ और परिसर में प्रवेश के पहले लगाई गई सुरक्षा के आधुनिक उपकरणों का भी निरीक्षण किया। आने वाले श्रद्धालुओं से भी बातचीत कर जानकारी ली। इस दौरान श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा, विमलेंद्र मोहन मिश्रा के साथ एडीजी सुरक्षा रघुवीर लाल, एडीजी जोन पीयूष मोर्डिया, आईजी प्रवीण कुमार, मंडलायुक्त गौरव दयाल, जिलाधिकारी नीतीश कुमार, सीआरपीएफ के कमांडेंट, पीएससी, आरआरएफ और खुफिया विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे।



रामजन्मभूमि परिसर में बुधवार को सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते अधिकारी।

### 45 मिनट में एक श्रद्धालु करता है दर्शन सिगरेट-तंबाकू न लाने की अपील

एडीजी जोन पीयूष मोर्डिया ने बुधवार को बताया कि अब तक मंदिर परिसर की सुरक्षा को आगे बेहतर व्यवस्था के अनुरूप किया जा रहा है। बड़ी संख्या में लोग दर्शन करने के लिए आ रहे हैं। लगभग 45 मिनट में प्रति व्यक्ति दर्शन कर राम जन्मभूमि क्षेत्र से बाहर आ जा रहा है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि भक्त सामान और सिगरेट, तम्बाकू आदि परिसर तक न लाएं ।उन्होंने बताया कि अभी निर्माण कार्य भी चल रहा है। इसलिए व्यवस्था को और बेहतर किया जा रहा है। बताया कि सामान की ही चेकिंग में विलम्ब होता है, इसलिए श्रद्धालु कम सामान लाएं तो अच्छा होगा।

**बोर्ड एग्जॉम** — एग्जाम स्ट्रेस को डिस्ट्रेस (अवसाद) न बनने दें, रचनात्मक गतिविधियों के साथ गहरी नींद लें

# शरीर पर होता है तनाव का दुष्प्रभाव

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** स्ट्रेस या मनोदबाव का सकारात्मक प्रबन्धन न कर पाने पर स्ट्रेस नकारात्मक रूप ले लेता है। जिसे डिस्ट्रेस या अवसाद कहा जाता है। जिससे उलझन, बेचैनी, घबराहट, अनिद्रा आदि के साथ शारीरिक दुष्प्रभाव भी दिखाई पड़ते हैं।

तीव्र मेन्टल स्ट्रेस से कार्टिसाल व एड्रेनिल हॉर्मोन बढ़ जाता है। जिससे चिंता, घबराहट, आलस्य, पढ़ाई में मन न लगना,अनिद्रा आदि दिक्कतें आती हैं। यह बातें देवा पब्लिक इंटर कॉलेज उसरु अमौना में बुधवार को बोर्ड एग्जाम स्ट्रेस व साइकोसोमेटिक हेल्थ विषयक कार्यशाला में मुख्य अतिथि जिला चिकित्सालय के मनोपरामर्शदाता डॉ. आलोक मनदर्शन ने कहीं।

कार्यशाला में प्रतिभागियों के संशय व सवालों का समाधान का भी किया गया। इस मौके पर चेयरमैन सहदेव उपाध्याय ,निदेशक अजय उपाध्याय, प्रधानाचार्या नमिता मिश्रा व संयोजक ऋतु त्रिपाठी सहित बोर्ड परीक्षार्थी मौजूद रहे।



कार्यशाला में बोर्ड परीक्षार्थियों को जानकारी देते मनो परामर्शदाता डॉ. मनदर्शन।

### सलाह

मन के प्रत्येक भाव पीड़ा, तनाव, सुख, आनन्द, भय, क्रोध, चिंता, द्वन्द व कुंठा आदि का सीधा प्रभाव शरीर पर पड़ता है। चिंता व घबराहट यदि एक हफ्ते से ज्यादा महसूस होने पर मनोपरामर्श अवश्य लें। रचनात्मक गतिविधियों के साथ फल व सब्जियों का सेवन को बढ़ावा देते हुए योग व व्यायाम को दिनचर्या में शामिल कर आठ घन्टे की गहरी नींद अवश्य लें।

## शोधार्थी 20 तक दे सकते हैं प्रस्तावित शोध

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल के निर्देश पर विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा बुधवार को शोधार्थियों के लिए दिशा-निर्देश जारी किया गया है। इसके अनुसार पीएचडी कोर्स वर्क परीक्षा-2021-22 के उत्तीर्ण शोधार्थियों को अपने प्रस्तावित शोध की अन्तर्वस्तु एवं सलग्नक शोध निर्देशकों की सूची में से तीन नाम 20 फरवरी तक विश्वविद्यालय को ई-मेल करने होंगे। कुलसचिव डॉ. अंजनी कुमार मिश्र ने बताया कि पीएचडी कोर्स वर्क परीक्षा के उत्तीर्ण शोधार्थियों को प्रस्तावित शोध की अन्तर्वस्तु अथवा उद्देश्य के साथ शोध निर्देशक के लिए तीन शिक्षकों के नाम वरीयता क्रम में देने होंगे। मेल registrar@rmlau.ac.in पर उपलब्ध कराना होगा। इसके साथ ही उन्हें अपना नाम, पिता का नाम, विषय एवं अनुक्रमांक तथा पत्राचार का पूर्ण पता व मोबाइल नम्बर का उल्लेख करना अनिवार्य होगा।

## 10 एकड़ में बनेगा वैदिक शोध संस्थान

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय रामायण व वैदिक शोध संस्थान को और आधुनिक सुविधायुक्त भव्यता दी जाएगी। जिससे श्रीराम से जुड़े रामकथा, साहित्य पर अध्ययन व शोध कार्य को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जोड़ा जा सके। अयोध्या शोध संस्थान के निदेशक लव कुश द्विवेदी ने बताया कि इसके लिए संस्कृति विभाग ने अयोध्या में 10 एकड़ भूमि की तलाश शुरू कर दी है। प्रदेश सरकार ने भी इस योजना को लेकर 2024 के बजट में 10 करोड़ की धनराशि को स्वीकृत की है। देश-विदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों में शोधरत छात्रों को संस्थान से जोड़ने के लिए संस्थान से सम्बद्ध कराया जाएगा। संस्थान द्वारा शोध साहित्य का कम से कम कीमत पर आम जनता को सुलभ कराया जाएगा। अयोध्या में पहले से ही एक वैदिक शोध संस्थान संचालित है। जिसे भव्यता दिया जाना है। विदेश से भी आने वाले शोधक यहां पर अपने शोध को पूरा कर सकेंगे।

## एक नजर

### बसपा ने जिला संगठन में किया फेरबदल

**टांडा, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** बहुजन समाज पार्टी ने जिला संगठन में आंशिक फेरबदल किया है। जिसमें जिला महासचिव पद पर दयानंद मौर्य, कटेहरी विधानसभा अध्यक्ष सभाजीत व आज्ञाराम को विधानसभा अध्यक्ष अकबरपुर बनाया गया है। उक्त जानकारी जिला अध्यक्ष सुनील सावंत गौतम ने दी।

### नुक्कड़ नाटक कर सरकार की बताई योजनाएं

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** बेसिक शिक्षा विभाग के संयोजन में धौरूआ चैराहा पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी अभिभावकों को दी गई। परिषदीय विद्यालयों में निपुण लक्ष्य, सामर्थ्य एप, कायाकल्प योजना समेत विभिन्न योजनाओं के बारे गांव वासियों को जागरूक किया गया। नोडल शिक्षक सत्य प्रकाश गुप्त, प्रतीक तिवारी, राजाराम वर्मा, सुमित, मित्र प्रकाश, अश्वनी यादव, अनिल कुमार यादव, एआरपी ध्रवसेन यादव, रुद्रमणि त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

### एसपी और एएसपी ने लोगों की सुनीं समस्याएं

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।** पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ और अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय ने पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई कर फरियादियों की समस्याओं को सुना और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए शत-प्रतिशत निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सम्बन्धित थानाध्यक्ष, प्रभारी निरीक्षक को तत्काल फोन और वायरलेस के माध्यम से वार्ता कर निर्देशित किया। एसपी ने साथ ही समस्त जमीनी विवाद को चिह्नित कर पुलिस टीम को राजस्व टीम के साथ समन्वय बनाकर टीम गठित कर समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण, प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण के लिए निर्देशत दिया है।

### अवैध चाकू के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** थाना इब्राहिमपुर पुलिस ने अवैध चाकू के साथ एक अभियुक्त को गिफ्तार करने में सफलता हासिल की है। बता दें पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के निर्देश पर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत बुधवार को थाना इब्राहिमपुर पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान याद मोहम्मद उर्फ कुकी पुत्र पेमई बंजारा उम्र 45 वर्ष निवासी सहजौरा थाना इब्राहिमपुर को सहजौरा मोड़ के पास से एक अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। जिसके आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

### युवक की काउंसलिंग कर बचाई जान

**टांडा, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम पर एक युवक द्वारा आत्महत्या करने संबंधी पोस्ट करने पर शोसल मीडिया निगरानी टीम व टांडा कोतवाल संतोष सिंह ने त्वरित कार्यवाही करते हुए युवक की काउंसलिंग कर उसकी जान बचाई। मामला टांडा कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नेहरू नगर स्थित कांशीराम आवास कालोनी का है, जहां के युवक राजन पुत्र अजय कुमार ने आत्महत्या करने की पोस्ट डाला। पुलिस की सोशल मीडिया निगरानी टीम ने उक्त को संज्ञान लेकर कोतवाल टांडा इंस्पेक्टर संतोष सिंह को सूचना दिया। जिस पर कोतवाल तुरन्त मौके पर पहुंच गए और युवक को समझा बुझा कर बचाया। मामला परिवार का निकला जहां माता-पिता ने किसी बात पर युवक को डांट दिया था।

# जिलाधिकारी ने जिला अस्पताल की परखी हकीकत, 15 डॉक्टर मिले अनुपस्थित

## डीएम, सीडीओ और अन्य अधिकारियों ने जिला अस्पताल और सीएमओ कार्यालय के पटलों का किया निरीक्षण

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।**

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन सहित जनपद के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ महात्मा ज्योतिबा फुले संयुक्त जिला चिकित्सालय अकबरपुर और मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों को अलग-अलग पटलों का निरीक्षण करने के लिए निर्देशित किया। जिसमें सभी वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा अपनी निरीक्षण की रिपोर्ट प्रेषित की गई है।

जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी की उपस्थिति में स्वयं पर्ची काउंटर, दवा वितरण काउंटर, एक्स-रे कक्ष, सीटी स्कैन कक्ष, रैन बसेरा और डॉक्टरों के ओपीडी कक्ष का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मौके पर पर्ची काउंटर में कुल 342 ओपीडी मरीजों का रजिस्ट्रेशन किया हुआ पाया गया। वहीं 66 मरीज का एक्स-रे व 34 मरीज का अल्ट्रासाउंड, 55 मरीज का डिजिटल एक्स-रे, 17 मरीज का सीटी स्कैन किया गया पाया गया। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में डैम कक्ष सहित अन्य पटल का निरीक्षण किया। डैम ने बताया कि आशा बहुओं का माह दिसंबर तक भुगतान किया जा चुका है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सभी पटलों पर उपस्थित डॉक्टर व कर्मचारियों से संबंधित कार्यालय के बारे में जानकारी ली। वहीं सभी पटलों पर उपस्थित मरीज और परिजनों से मिलने वाली सुविधाओं व दवाओं के बारे में भी जानकारी लिया। जिला विकास अधिकारी सुनील तिवारी ने डायलिसिस कक्ष और एसएनसीयू कक्ष का निरीक्षण किया। मौके पर कोई अनुपस्थित नहीं पाया गया और न ही कोई कमी पाई गई। डीसी मनरेगा द्वारा इमरजेंसी वार्ड का निरीक्षण किया गया। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय द्वारा समस्त वार्डों का निरीक्षण किया गया। मरीजों ने बताया कि प्रतिदिन नाश्ता, दोपहर और रात्रि का भोजन निशुल्क और पर्याप्त मिल रहा है।


निरीक्षण के दौरान मरीज से जानकारी लेते जिलाधिकारी अविनाश सिंह।


जिला अस्पताल का निरीक्षण करते एडीएम डॉ. सदानंद गुप्ता।

### ब्लड बैंक में मिला सिर्फ 20 यूनिट ब्लड

अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता ने ब्लड बैंक, आयुष कक्ष, पैथोलॉजी सहित अन्य कक्षों का निरीक्षण किया। ब्लड बैंक में केवल 20 यूनिट ब्लड उपलब्ध पाया गया। जिस पर अपर जिलाधिकारी ने कड़ी चेतावनी देते हुए निर्देश दिए कि कम से कम 100 यूनिट ब्लड हमेशा उपलब्ध रहे। वहीं आयुष कक्ष के निरीक्षण में यूनानी और आयुर्वेद की कोई दवा उपलब्ध नहीं पाई गई। अपर जिलाधिकारी ने दवा की उपलब्धता अभिलंब करने के लिए निर्देशित किया।

### इमरजेंसी में साफ-सफाई व्यवस्था बदहाल

पैथोलॉजी के निरीक्षण के दौरान लिपिड प्रोफाइल में ब्लड में कैल्शियम का लेवल थायराइड व अन्य कई छोटी जांच नहीं हो रही थी। इसे सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया। इमरजेंसी वार्ड में साफ-सफाई व्यवस्था ठीक नहीं पाई गई। जिस पर संबंधित को साफ-सफाई के लिए निर्देशित किया गया। अपर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जाहिर की गई और दवाओं की उपलब्धता के लिए निर्देशित किया गया।

### निरीक्षण में यह मिले अनुपस्थित

परियोजना निदेशक दिलीप सोनकर ने मरीजों का पंजीकरण और चिकित्सकों की उपस्थिति का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मौके पर 14 चिकित्सक डॉ. प्रिया मौर्या, डॉ. शालू मिश्रा, डॉ. लता चैधरी, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. राजेश यादव, डॉ. रीना राजभर, डॉ. विवेक पटेल, डॉ मुकेश, डॉ. सुरेंद्र कुमार, डॉ. रवि विक्रम, डॉ. सुमित तिवारी, डॉ. यू रहमान, डॉ. रागिनी सिंह और डॉ. विपिन वर्मा अनुपस्थित पाए गए। खंड विकास अधिकारी भियांव अंजली भारती ने मेटरनिटी वार्ड का निरीक्षण किया। जिसमें ओपीडी कक्ष में डॉ. भानुमति वर्मा अनुपस्थित पाई गई। वहां पर बेसिन टूटा हुआ पाया गया और साफ-सफाई व्यवस्था भी संतोषजनक नहीं पाया गया। जिसपर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त किया।

### आईजीआरएस रैंकिंग में जनपद को प्रदेश में मिला प्रथम स्थान

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में जनपद को प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। आइजीआरएस रैंकिंग में माह जनवरी 2024 में प्रदेश के 75 जनपदों में अंबेडकरनगर को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। आइजीआरएस पोर्टल के माध्यम से प्रत्येक माह जनपद की रैंकिंग जारी की जाती है और प्रगति विभागवार दर्ज होती है। इसके अंतर्गत शिकायतों का ससमय व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना होता है। इसी क्रम में माह जनवरी की रैंकिंग जारी की गई है। जिसमें जनपद को प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। जिलाधिकारी ने आईजीआरएस रैंकिंग में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने पर जनपद स्तरीय समस्त अधिकरियाओं और कर्मचारियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी और कर्मचारी आगे भी टीम भावना के साथ इसी प्रकार बेहतर प्रदर्शन करें। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी अधिकारी सुबह 10 से 12 बजे तक जनसुनवाई करें और आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का ससमय व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जिससे जनपद आगे भी प्रथम स्थान प्राप्त करता रहे।

## कॉरिडोर के लिए जमीन क्रय करने में तेजी लाएं अधिकारी : जिलाधिकारी

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।**

▶▶ **जनपद में जमीन क्रय की तेजी को देखते हुए 100 करोड़ रुपए की धनराशि की गई आवंटित, उपलब्ध होंगे रोजगार के अवसर**

**अमृत विचार।** यूपीडा के अधिकारियों ने जिलाधिकारी को 100 करोड़ रुपए का ड्राफ्ट प्रदान किया। जिलाधिकारी ने चेक प्राप्त करने पर प्रसन्नता व्यक्त किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्य में और तेजी लाने के निर्देश दिए। जिससे शासन की मंशानुरूप यथाशीघ्र प्रोजेक्ट को पूरा किया जा सके।

मुख्यमंत्री ने अभी हाल ही में जनपद में औद्योगिक विकास प्राधिकरण और औद्योगिक विकास कॉरिडोर जैसे दो प्रमुख प्रोजेक्ट की मंजूरी जनपद के लिए दी है। यूपीडा द्वारा जनपद के तीव्र गति से कराए जा रहे कार्य और सराहनीय योगदान के कारण सर्वाधिक 100 करोड़ रुपए की धनराशि आवंटित की गई है। जनपद में औद्योगिक विकास प्राधिकरण व औद्योगिक विकास कॉरिडोर की शासन से मंजूरी मिलने के बाद 50 करोड़ रुपए यूपीडा द्वारा प्रदान किए जा चुके हैं। कॉरिडोर की स्थापना के लिए किसानों से जमीन क्रय किया जा रहा है। इसी क्रम में यूपीडा द्वारा तीसरी किस्त के रूप में 100 करोड़ रुपए की धनराशि पुनः उपलब्ध कराई गई है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि शासन के मंशा के अनुरूप जमीन क्रय करने में तेजी लाएं, जिससे इस प्रोजेक्ट को जल्द पूरा किया जा सके। इस प्रोजेक्ट के निर्माण से जहां जनपद में स्थानीय स्तर के उद्यमियों को उद्योग लगाने में मदद मिलेगी, वहीं प्रदेश व देश के उद्यमी भी जनपद में उद्योग लगाने के लिए आकर्षित हो रहे हैं। इसके साथ ही जनपद में रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।


कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी को 100 करोड़ रुपए का ड्राफ्ट देते यूपीडा के अधिकारी।

### सरयू मेले का आयोजन 10 फरवरी से

**टांडा, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** महिलाओं की स्वयंसेवी संस्था गरिमा महिला मंडल द्वारा सरयू मेला का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला एनटीपीसी टांडा की आवासीय कालोनी स्थित रामलीला मैदान में 10 और 11 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। गरिमा महिला मंडल समाज सेवाए महिला सशक्तिकरण एवं महिला उत्थान के क्षेत्र में अनेक महत्वपूर्ण कार्य करती रहती है। मेले में खान-पान की विविध स्टाल के अतिरिक्त विशेष आकर्षण के लिए कूपन ईनाम की व्यवस्था भी रहेगी। इसके उपरांत विजेताओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा। इस अवसर पर गरिमा महिला मंडल की अध्यक्षा आरती पलेई ने बताया कि यह मेला 10 फरवरी को शाम 3 बजे प्रारंभ होकर 11 फरवरी रविवार को रात्रि 10 बजे तक चलेगा। मेले में विविध प्रकार के देशी और विदेशी व्यंजन और सेल्फी प्वाइंट भी विशेष आकर्षण का केंद्र बनेगा। मेले में बच्चों के लिए झूला और युवाओं के लिए गेम स्टाल को भी तैयार किया जा रहा है। मेले में दोनों दिन विशेष सांकृतिक कार्यक्रमों की धूम रहेगी। गरिमा महिला मंडल की सचिव अनीता परिहार ने क्षेत्र के सभी लोगों से मेले में सम्मिलित होने और सुविधाओं का आनंद उठाने का आग्रह किया।

### खाद्य सुरक्षा की टीम ने नवोदय विद्यालय के रसोई का किया निरीक्षण, दिया निर्देश

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** सहायक आयुक्त खाद्य एसके त्रिपाठी के निर्देश पर मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी केके उपाध्याय के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने नवोदय विद्यालय और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के रसोई का निरीक्षण किया। टीम ने जवाहर नवोदय विद्यालय के रसोई का निरीक्षण कर सरसों तेल, मूंगफली दाना, पका चावल, राजमा की सब्जी और रायता का निगरानी नमूना संग्रहित कर जांच के लिए भेजा है। टीम ने किचेन स्टाफ को आवश्यक निर्देश भी दिए हैं। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय गदायां का निरीक्षण किया। टीम ने वहां से तहरी व दूध का और कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय बसोहरी का निरीक्षण कर तहरी का निगरानी नमूना संग्रहित कर जांच के लिए भेजा है। जांच टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अखिलेश मौर्य और आदर्श प्रताप मौजूद रहे।


रसोई का निरीक्षण करते खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी।

### महिला के साथ हुई मारपीट से आहत पति की मौत

**आलापुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जन सेवा केंद्र पर पहुंची महिला के साथ हुई मारपीट के बाद पति की हालत बिगड़ गई और अस्पताल पहुंचाया गया जहां मेडिकल कॉलेज टांडा में इलाज के दौरान वृद्ध की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू किया। मामला जहांगीरगंज थाना क्षेत्र के मंसूरगंज गांव का है। मंगलवार को गांव निवासी केशरा देवी पत्नी राधेश्याम मंसूरगंज में स्थित सुनील गुप्ता के जनसेवा केंद्र पर पहुंची थी। आरोप है कि सुनील नें डंडे से पिटाई करना शुरू कर दिया। शोर-शराबा सुनकर पहुंचे स्थानीय लोगों ने बीच-बचाव किया। विवाद के बाद केशरा देवी घर पहुंची और इसी बीच पति राधेश्याम की तबीयत बिगड़ गई और आनन-फानन में जहांगीरगंज अस्पताल पहुंचाया गया। टांडा मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान बुधवार को राधेश्याम पुत्र 75 वर्ष मिश्रीलाल की मौत हो गई। इसी दौरान बुधवार को परिजनों ने राधेश्याम के शव को सुनील के जनसेवा केंद्र पर रखकर हंगामा करना शुरू कर दिया। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने जांच पड़ताल शुरू किया। थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि महिला के साथ गाली-गलौज और पिटाई की तहरीर पर सुनील के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। वृद्ध की मौत से इस घटना का कोई संबंध नहीं है।

**अभियान** | क्षेत्रीय मंत्री अवध क्षेत्र ने बताया कि अब महिलाएं समाज की अग्रणी भूमिका में दिख रही

# भाजपा में बूथ अध्यक्ष भी बन सकता है राष्ट्रीय अध्यक्ष

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।**

**अमृत विचार।** शक्ति वंदन अभियान की जिला कार्यशाला अटल भवन भाजपा जिला कार्यालय पर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय मंत्री अवध क्षेत्र संजय गुप्ता और जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी की अध्यक्षता और जिले के महामंत्री बाबा राम शब्द यादव के संयोजन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन जिले के महामंत्री दिलीप पटेल देव ने किया।

मुख्य अतिथि क्षेत्रीय मंत्री अवध क्षेत्र संजय गुप्ता ने कहा कि भाजपा इकलौती ऐसी पार्टी है जिसमें सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और अंत्योदय का भाव स्थापना काल से लेकर आज तक चला आ रहा है। भाजपा में एक बूथ अध्यक्ष भी राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकता है, इसका कई उदाहरण हमारे बीच में उपलब्ध है। नारी शक्ति राष्ट्र शक्ति इस भाव को उजागर करने के लिए हमारी डबल इंजन की सरकार महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान, स्वालंबन का जो विस्तृत स्वरूप उपस्थित किया है वह किसी से अछूता नहीं है। अब महिलाएं चहरदीवारी के अंदर की चीज नहीं वरन समाज की अग्रणी भूमिका में जूड़ी दिख रही है। विधानसभा और मंडल के संयोजक की टोली गांव-गांव जाकर स्वयं सहायता समूह के उन सभी मातृ शक्तियों का अभिनंदन करेगी जो समाज की अग्रणी भूमिका में है। शक्ति वंदन अभियान के जिला संयोजक बाबा राम शब्द यादव ने मुख्य अतिथि के समक्ष जिले का वृत्त रखते हुए बताया कि आज की कार्यशाला में 188 लोग अपेक्षित थे, जिसमें 127 लोग उपस्थित थे। जिला टीम में पांच जिला पदाधिकारी, पांच महिला मोर्चा व चार जनप्रतिनिधि मिलाकर 14 सहसंयोजक है। इसी तरह प्रत्येक विधानसभा में एक संयोजक व एक सहसंयोजक तथा मंडलों में भी प्रत्येक मंडल में एक संयोजक व चार सहसंयोजक की वृत्त बनाई गई है।





शक्ति वंदन अभियान में मौजूद क्षेत्रीय मंत्री अवध क्षेत्र संजय गुप्ता और कार्यक्रम में मौजूद भाजपा पदाधिकारी। अमृत विचार

**कार्यक्रम में ये भी रहे मौजूद :** जिला सह मीडिया प्रभारी बजरंगी पाठक ने बताया कि कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों में से जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर साधू वर्मा, नगर पंचायत किछौछा के अध्यक्ष ओमकार गुप्ता, कटेहरी ब्लाक प्रमुख अनिल वर्मा मौसम व जिला पदाधिकारी में महामंत्री सुरेश कनौजिया, जिला उपाध्यक्ष रफत एजाज, सुमन पांडे, जिला मंत्री विनय पांडे, दीपक तिवारी, संजय सिंह, पंकज वर्मा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रिंकल सिंह, महिला मोर्चा की पदाधिकारी अंबिका जायसवाल आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**
मैंने अपना नाम Baboo से बदलकर Baboo Khan कर लिया है, अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/o PALE, ADD- N. NO. NAYA VILL- MOHAMMADPUR PARSA DEHARIYA, BHINGA SHRAWASTI - 271831 (U.P.)

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आशीर्वाद माइक्रो फाइनेंस लिमिटेड अब अपने नये कार्यालय में 1 जनवरी 2024 से निम्न पते पर तारादेवी सिंह के मकान लखनऊ गोण्डा रोड जरवल रोड बहराइच से संचालित किया जा रहा है।

**सूचना**
सूचित हो कि मैने अपना नाम आदिल रिजवी से बदलकर मोहम्मद आदिल रिजवी रख लिया है। – **मोहम्मद आदिल रिजवी पुत्र स्व0 जायर हुसैन रिजवी, राजकीय आद्योगिक संस्थान हरदोई । निवासी–396/407, ओल्ड 396/165, अंगूरी बाग, कश्मीरी मोहल्ला, थाना– सहादतगंज, लखनऊ।**

**सूचना**
सूचित हो कि मेरे सभी शैक्षिक अभिलेखों में मेरा नाम मुन्ना दर्ज है, जबकि मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड व बैंक पास बुक में मेरा नाम मुन्ना राव दर्ज है। मुन्ना राव एवं मुन्ना दोनों मेरे ही नाम हैं। भविष्य में मुझे मुन्ना राव के नाम से ही जाना जाये। **मुन्ना राव सुत रामजीत निवासी ग्राम जगदीशपुर, पो0 व थाना– अखण्ड नगर जनपद सुल्तानपुर।**

**सूचना**
सूच्य हो कि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा जायद आरिफ पुत्र आरिफ खान दर्ज है, जो गलत है जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरे पिता का नाम मोहम्मद आरिफ खान दर्ज है जो सही है।अत: अब से समस्त अभिलेखों में मेरे पिता का सही नाम ही पढ़ा व समझा जाए। जायद आरिफ पुत्र मोहम्मद आरिफ खान निवासी– ब्राह्मणी ओला बिसवां जिला–सीतापुर

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 2013 अनुक्रमांक 1787938 अंकपत्र व प्रमात्रपत्र तथा इण्टरमीडिएट वर्ष 2016 अनुक्रमांक 1338154 अंकपत्र व प्रमाणपत्र वास्तव में कहीं खो गये हैं। **सुप्रियम पुत्र श्री कमलेश सिंह निवासी मोहल्ला लोहिया नगर, वार्ड नं. 4 दिबियापुर औरैया।**

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है मै मुन्ना लाल पुत्र भगवान बक्श सिंह उर्फ अमरेश कुमार सिंह पुत्र भगवान बक्श सिंह, निवासी बरोसा एक ही हू सरकारी अभिलेखो मे अमरेश कुमार सिंह पुत्र भगवान बक्श सिंह लिखा है घर का नाम मुन्ना लाल पुत्र भगवान बक्श सिंह है हमे आज से उपरोक्त दोनो नाम से जाना पहचाना जाए। – **अमरेश कुमार सिंह उर्फ मुन्ना लाल पुत्र भगवान बक्श सिंह, निवासी– बरोसा, थाना हरगांव, सीतापुर**

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 2000 अनुक्रमांक 1095900 अंकपत्र व प्रमात्रपत्र तथा इण्टरमीडिएट वर्ष 2002 अनुक्रमांक 0356636 अंकपत्र व प्रमाणपत्र वास्तव में कहीं खो गये हैं। **सुशील कुमार सामनाड़ी पुत्र श्री प्रीतमदास एफ.एन.5–2, पी.एन. 298 ए, शास्त्री नगर यूटीसी हंसनगर कानपुर नगर– 208005**

**सूचना**
सूच्य हो कि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा नाम गौरी शंकर केडिया पुत्र छेदी लाल केडिया दर्ज है, जो गलत है जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरे पिता का नाम छेदी लाल दर्ज है जो सही है। अत: अब से समस्त अभिलेखों में मेरे पिता का सही नाम ही पढ़ा व समझा जाए। गौरी शंकर केडिया पुत्र छेदी लाल निवासी–महाराजा गंज मास्टर कॉलोनी बिसवां जिला– सीतापुर

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि सन्दीप कुमार यादव पिता आत्मा राम यादव मेरा हाई स्कूल का अंक पत्र वास्तव में कहीं खो गया है। जिसका अनुक्रमांक 2709379 है। मैंने वर्ष 2020 में हाई स्कूल परीक्षा उत्तीर्ण किया था। संदीप कुमार यादव पिता आत्मा राम यादव ग्राम संतरीदास कुट्टी बदरौली कैसरगंज जिला बहराइच का निवासी है।

**Notice**
I, Mrs. Safrun, wife of Mr. Firoz, residing in the village Bhanpur, post Hariharpur, tehsil and district Bahraich, state the following: My husband's previous name was Firdosh, and his passport was issued under this name. My husband's recorded name is Firdosh, and this same name is also mentioned on his Aadhaar card, PAN card, etc. My husband is now known and recognized by his official name, Firoz. Mrs. Safrun, wife of Firoz, residing in the village Bhanpur, post Hariharpur, tehsil and district Bahraich, Uttar Pradesh

KESHLATA CANCER HOSPITAL LTD BAREILLY
**केशलता अस्पताल**
फ्री "मेगा आर्थो स्पाइन एवं स्त्री रोग" कैंप
प्रिय नगरवासियों आपके शहर में "विशाल स्वास्थ्य जाँच शिविर" का आयोजन किया जा रहा है
दिनाँक : 6 / 7 / 8 फ़रवरी 2024 समय प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक
स्थान : केशलता अस्पताल , डेलापीर - बरेली

हड्डी एवं स्पाइन रोग विशेषज्ञ

डॉ. (प्रो.) वरुण अग्रवाल
मिनिमल इनवेसिव और एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जन, प्रो. ऑर्थोपेडिक्स, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज, बरेली

स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ

डॉ. प्रज्ञा मिश्रा
गायनी एंडोस्कोपी, लेप्रोस्कोपी और हिस्टेरोस्कोपी सर्जन, प्रो. गायनी, स्त्री रोग विशेषज्ञ रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज, बरेली

FREE! "विशाल स्वास्थ्य जाँच शिविर" FREE!

डॉ. अनिल मिश्रा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन) सलाहकार चिकित्सक और कार्डियो - मधुमेह विशेषज्ञ


डॉ. अनुपम सेठ
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन) गैस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट एवं न्यूरोलॉजिस्ट

विशेष सुविधाएं
- नि:शुल्क परामर्श
- बी.एम.डी जॉच नि:शुल्क
- खून की जांचों पर भारी छूट
- एक्स-रे पर भारी छूट
- सभी दवाइयों पर भारी छूट
- आयुष्मान कार्ड धारकों का नि:शुल्क ऑपरेशन
- कैंप मैं रजिस्टर्ड मरीजों के ऑपरेशन पर भारी छूट



नि:शुल्क रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें : 9081800900, 8006460900

## एक नजर

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की मौत, दी आर्थिक सहायता

**रुपईडीह गोंडा :** ब्लॉक की ग्राम पंचायत पिपरा भोदर में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यकर्ता माया देवी के निधन पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका एसोसिएशन की शाखा रुपईडीह के पदाधिकारी ने दुख व्यक्त करते हुए उनके परिजनों को घर जाकर छह हजार रुपए की आर्थिक सहायता भेंट की। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष कुसुम तिवारी, महामंत्री अरुणा हंस, संरक्षक जगदेव शुक्ल, सुनील तिवारी, खुशीराम आदि लोग उपस्थित रहे।

### ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कराने की उठाई मांग

**रुपईडीह गोंडा :** ब्लॉक की ग्राम पंचायत नव्वागांव के गोमती पुरवा गांव से आर्य नगर पृथ्वीनाथ पक्की सड़क तक जाने वाले मार्ग का निर्माण कराये जाने की मांग प्रधान नान बच्चा वर्मा ने क्षेत्र विधायक बावन सिंह से की है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण न होने से काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार मरम्मत की मांग भी की जा चुकी है। उनकी इस मांग पर विधायक की ओर से शीघ्र ही आवश्यक कार्रवाई कराये जाने का आश्वासन दिया गया है।

### बिजली आपूर्ति ठप होने से बढ़ी परेशानी, जताया रोष

**रुपईडीह गोंडा :** ब्लॉक के गौनरिया तमही पुरवा गांव निवासी सत्य प्रकाश शुक्ल ने उपखंड अधिकारी विद्युत को पत्र देकर उनके घर की ठप बिजली आपूर्ति को बहाल कराये जाने की मांग की है। उनका कहना है कि बिजली आपूर्ति ठप होने से काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि दो सप्ताह पहले उनके घर को जाने वाली केबिल जर्जर होकर टूट कर गिर गई थी जिससे बिजली गुल हो गई और परेशानी बढ़ गई। इतना ही नहीं तभी से उनके घर के केबल को आज तक नहीं जोड़ा गया है। उन्होंने मौके की जांच कर आवश्यक कार्रवाई कराई जाने की मांग की है।

# हादसा: गन्ना लदी ट्रैक्टर ट्रॉली ने बाइक सवार दो लोगों को रौंदा, मौत

## कौड़िया थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर हुईं दुर्घटनाएं, शव पीएम के लिए भेजा गया


रामनाथ राजपूत। (फाइल फोटो)


रामरूप। (फाइल फोटो)

**दुबहा बाजार/ गोंडा**

**अमृत विचार:** कौड़िया थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग स्थान पर हुए भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार दो लोगों की जान चली गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। हादसे को अंजाम देने वाले ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में ले लिया गया है। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर चालकों की तलाश शुरू कर दी है।

कटरा बाजार थाना क्षेत्र के मुराइन पुरवा नरायनपुर कला निवासी रामरूप मौर्या (58) पयागपुर से अपने घर नरायनपुर कला की तरफ जा रहे थे, तभी रास्ते में दुबहा बाजार चौकी क्षेत्र के पयागपुर जाने वाले मार्ग पर झौंनहा गांव के पास गन्ना लदे एक ट्रैक्टर ट्राले ने रामरूप की बाइक में ठोकर मार दी और उसे कुचल दिया। इस हादसे में बाइक सवार रामरूप की मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद दोनों ओर से वाहनों का भारी जाम लग गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। दूसरी घटना भी दुबहा बाजार चौकी क्षेत्र अंतर्गत गोपाल जोत गांव में घटित हुई। गोपालजोत धर्मपुर निवासी रामनाथ राजपूत पुत्र लालता (30 वर्ष) साइकिल से दुबहा बाजार से अपने गांव गोपाल जोत जा रहा था कि गन्ना लदे ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आने पर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए सीएचसी कटरा बाजार भेजा गया जहां चिकित्सकों ने रामनाथ को मृत घोषित कर दिया। चौकी इंचार्ज दुबहा बाजार गोपाल सिंह ने बताया कि चौकी क्षेत्र में दो अलग-अलग जगह पर दुर्घटनाएं घटित हुई हैं, दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। कौडिया थानाध्यक्ष अंकुर वर्मा ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है।

**ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज: खरगूपुर:** खरगूपुर थाना क्षेत्र के अचलनगर गांव के पास दो दिन पहले सड़क हादसे में हुई महिला की मौत के मामले में ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। थाना क्षेत्र के निधि नगर गांव निवासी बाइक चालक विनोद यादव के मुताबिक दो दिन पहले वह बाइक से अपनी मां उर्मिला देवी को बाइक से लेकर जा रहा था तभी अचलनगर गांव के समीप एक गन्ना लदी ट्रैक्टर ट्राली ने उसकी बाइक में ठोकर मार दी थी। इस हादसे में वह तो बच गया लेकिन उसकी मां उर्मिला देवी की मौत हो गयी थी। साथ में बालक पर बैठी उसकी बेटी ममता घायल है और उसका इलाज चल रहा है। घटना के बाद चालक ट्रैक्टर ट्राली छोड़कर भाग निकला था। बुधवार को विनोद यादव की तहरीर पर पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है।

## कार गड्ढे में गिरी, चालक फरार


दुल्लापुर रेलवे क्रासिंग के पास अनियंत्रित कार गड्ढे में गिरी। अमृत विचार

**संवाददाता, नवाबगंज**

**अमृत विचार:** कटरा शिवदयालगंज मार्ग पर स्थित दुल्लापुर रेलवे क्रासिंग के पास मंगलवार रात एक कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरी। हादसे के बाद कार चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कार का चालक शराब के नशे में था। वह सडक पर अंधे मोड़ को देख नहीं सका और कार समेत गड्ढे में जा गिरा। गनीमत रही कि कार का एयर बैग खुल गया जिससे चालक की जान बच गयी। हादसे में कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। थाना प्रभारी मनोज कुमार राय ने बताया कि सूचना मिलते ही मौके पुलिस कर्मियों को भेजा गया लेकिन चालक कार छोड़कर मौके से भाग गया।

## खाद्य विभाग की टीम ने दूध के लिये नमूने

**गोंडा कार्यालय**



दूध का नमूना लेती खाद्य विभाग की टीम। अमृत विचार

**अमृत विचार:** मिलावटी सामान की बिक्री की शिकायत को लेकर खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग गंभीर हो गया है। मिलावटखोरों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई कर रहा है। अभियान चलाने से मिलावट खोरो में हड़कंप मचा है। बुधवार को खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग में दूध के कारोबारी को लेकर अभियान चलाया। खाद्य विभाग की टीम ने चार नमूने लिए हैं जिनको जांच के लिए प्रयोगशाला में भेजा जा रहा है। खाद्य विभाग की टीम अलग अलग क्षेत्र में निकली जहां से नमूने लिए हैं। अभियान चलने से दुधिये में हड़कंप रहा था। खाद्य विभाग की टीम ने झंझरी ब्लॉक, आवास विकास कालोनी, सुभागपुर रेलवे क्रॉसिंग के समीप से दूध के कारोबारी को रोक कर नमूना संकलित किया । जब टीम के छापेमारी की जानकारी दूध के कारोबारी को हुई तो वह लोग भाग खड़े हुए। कई दुकानों पर तो ताला लटक गया । मिठाई व पनीर की दुकान बंद हो गई । जब बाजार से टीम वापस गई तो लोगों ने दुकान दोबारा खोला। खाद विभाग की कार्रवाई से बाजार में हड़कंप मचा रहा। छापेमारी टीम में खाद्य निरीक्षक युगल किशोर ,संतोष कुमार, मनीष , जयप्रकाश ,विनोद वर्मा आदि लोग मौजूद रहे। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय अजीत कुमार मिश्रा ने बताया कि खाद्य विभाग की ओर से छापेमारी कर दूध के चार नमूने लिए गए हैं । जिनको जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जा रहा है।

## नायब तहसीलदार का स्थानांतरण अल्पिका की तैनाती

**करनैलगंज, गोंडा:** करनैलगंज के नायब तहसीलदार देवेंद्र यादव का स्थानांतरण जिला मुख्यालय पर सदर तहसील के लिए हुआ। वहीं करनैलगंज तहसील में बहराइच से स्थानांतरित होकर आई अल्पिका वर्मा को करनैलगंज का नायब तहसीलदार बनाया गया है।

तहसीलदार मनीष कुमार ने बताया कि करनैलगंज के नायब तहसीलदार देवेंद्र यादव का स्थानांतरण सदर तहसील के लिए हुआ था उनके स्थान पर बहराइच से स्थानांतरित होकर आई अल्पिका वर्मा को करनैलगंज का नायब तहसीलदार बनाया गया है। अब वही यहां कामकाज देखेंगी।

## विधवा व उसके ससुर को पीटा, की शिकायत

**करनैलगंज, गोंडा**

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नारायनपुर माझा में एक विधवा महिला की लोगों ने जमकर पिटाई कर दी और उसे बचाने आए उसके ससुर को भी पीटा गया। मामले में महिला ने कोतवाली करनैलगंज में तहरीर दी है।

नारायनपुर माझा निवासी महिला कुंवर पता पत्नी स्वर्गीय लल्लू का कहना है कि वह एक विधवा महिला है और उसके ससुर काफी वृद्ध हैं। दो नाबालिक बच्चों के साथ वह अपने घर में रह रही है। रात्रि करीब 10 बजे उसके पड़ोस में रहने वाले लोगों ने उसे गाली देना शुरू कर दिया। जब उसने मना किया तो उन लोगों ने फोन करके अपने और साथियों को बुलाया फिर महिला की पिटाई करने लगे। महिला के शोर मचाने पर उसके ससुर जब बचाने पहुंचे तो उन्हें भी पीटा गया। इस मारपीट में उसका सोने का तब एवं गले की माला भी गायब हो गई। महिला कुंवरपता ने पांच लोगों के विरुद्ध कोतवाली में तहरीर दी है। कोतवाल हेमंत कुमार गौड़ का कहना है कि महिला के प्रार्थना पत्र पर जांच कराई जा रही है कार्रवाई की जाएगी।

## भाजपा किसानों की हितैषी: विद्याभूषण

**बभनजोत गोंडा**



बभनजोत ब्लॉक में आयोजित कार्यशाला में मौजूद मुख्य अतिथि व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी द्वारा मंडल कार्यशाला की बैठक बभनजोत ब्लॉक के एम यू इंटर कॉलेज घारीघाट में आयोजित किया गया जिसके मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष विद्या भूषण द्विवेदी व विशिष्ट अतिथि जिला मंत्री किसान मोर्चा बिंदेशवरी वर्मा रहे।

कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष द्वारा नमो ऐप डाऊनलोड कराया गया तथा उपस्थित सभी पदाधिकारी एवम कार्यकर्ता को ग्राम परिक्रमा यात्रा के जरिये सभी ग्राम सभा मे पहुंचने एवं केंद्र और राज्य के द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का संकल्प दिलाया गया।

जिला मंत्री बिदेशवरी वर्मा ने केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारियां दी। क्षेत्रीय विधायक प्रभात कुमार वर्मा द्वारा कराए गये क्षेत्र में विकास कार्यों का भी सराहना की। इस मौके पर ओमप्रकाश श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा रमेश यादव, मंडल महामंत्री कर्मराज प्रजापति, उपाध्यक्ष किसान मोर्चा मानिक राम कश्यप, कमलेश सिंह, अतुल, सचिन चौधरी, अब्दुल कयूम, कमलेश यादव, उसमान अली, वृजेंद्र पटेल, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## मादक पदार्थ की तस्करी में हुई सजा

**गोंडा:** ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत प्रभावी पैरवी से मादक पदार्थ तस्कर को 01 वर्ष का सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है। बीते वर्ष 27 अगस्त को को थाना कटराबाजार पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ के साथ प्रीतम कश्यप पुत्र रामचन्दर निवासी डेलईपुरवा मौजा असरना थाना कटराबाजार को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। शासकीय अधिवक्ता अनुपम शुक्ला, मॉनिटरिंग सेल व थाना कटराबाजार के पैरोकार सुनील कुमार शुक्ला, कोर्ट मोहर्रिर नम्रता चौधरी की प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप अभियुक्त को एक साल का सश्रम कारावास व दस हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

## कटरा कुटी धाम का होगा विकास: चंपत

**नवाबगंज गोंडा**


श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय से मिलते महंत स्वामी चिन्मयानंद।

**अमृत विचार:** 84 कोसी परिक्रमा का आदर्श एवं अंतिम पड़ाव कटरा कुटी धाम को अयोध्या परिक्षेत्र का पर्यटन स्थल घोषित कर विकास कराने की मांग श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय को ज्ञापन देकर मांग किया गया।

सोमवार को कटरा कुटी धाम के महंत स्वामी चिन्मयानंद महाराज ने अयोध्या कारसेवक पुरम के भरत कुटी पहुंचकर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय से मुलाकात कर महंत ने चंपत राय को ज्ञापन देकर मांग किया कि कटरा कुटी धाम हनुमान मंदिर अति प्राचीन सिद्ध पीठ है। अयोध्या के सरयू नदी के किनारे स्थित है। इस ऐतिहासिक एवं पौराणिक मंदिर से क्षेत्र के लोगों की गहरी आस्था जुड़ी हुई है।

मुख्यमंत्री के द्वारा पर्यटन विकास की ओर से अयोध्या के आसपास के क्षेत्र में स्थित पौराणिक मंदिरों के विकास पर जीर्णोद्धार के लिए कहा गया है। इसके बावजूद इस स्थान का पर्यटन विकास विभाग द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

मंदिर के धार्मिक महत्व के अनुरूप विकास नहीं हो पा रहा है। महंत ने यात्री रैन बसेरा, संत निवास, सत्संग भवन भोजनालय, प्रसाधन, प्रकाश, शुद्ध पेयजल, मंदिर के सड़क का चौड़ीकरण तथा मंदिर का प्रवेश द्वार एवं गर्भगृह का विकास कराए जाने की मांग किया गया। राम जन्म भूमि के महासचिव ने महंत को आश्वासन दिया कि मंदिर के विकास के लिए यह प्रस्ताव प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं पर्यटन विकास विभाग के अधिकारियों को सौंप कर विकास करने की चर्चा करेंगे। महंत ने उनके प्रति आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि 22 जनवरी को श्री राम लला के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में आपका योगदान अतुलनीय एवं प्रशंसनीय रहा।

इस अवसर पर 84 कोसी परिक्रमा प्रभारी सुरेंद्र सिंह, विहिप के प्रांतीय मीडिया प्रभारी शरद शर्मा, डॉ. अरुण सिंह, विनोद कुमार गुप्ता समेत समस्त कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नमो एप लोड करने का चलाया गया अभियान

**मसकनवा, गोंडा:** मसकनवा कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में नमो एप डाउनलोड अभियान चलाया गया। अभियान का शुभारंभ पूर्व जिला पंचायत सदस्य दिनेश शुक्ल ने किया। उन्होंने कहा कि नमो एप का उद्देश्य विकास योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि पदाधिकारी योजनाओं की जानकारी जन जन तक पहुंचाये। प्रधान संघ ब्लाक अध्यक्ष भूपेश मिश्रा, जितेन्द्र पाण्डेय, सच्चिदानंद पाण्डेय, अनुपम गुप्ता, निसार अहमद, राजन सिंह, शिवपूजन, राम जी, जगन्नाथ चतुर्वेदी, श्याम जी श्रीवास्तव, श्याम बाबू रहे।

## कचरा संवेदनशील बिंदुओं पर पालिका का प्रहार शुरू

**डीएम का आदेश**

- शहर में पांच दर्जन से अधिक गारबेज वलनरेबल बिन्दु किए गए चिन्हित

**गोंडा कार्यालय**


शहर के पटेल नगर वार्ड में पांडे तालाब पर साफ-सफाई करती पालिका टीम।

**अमृत विचार :** स्वच्छ गोंडा सुन्दर गोंडा की असल तस्वीर धरातल पर लाने की दिशा मे नगर प्रशासन ने प्रयास तेज कर दिए हैं. डीएम के निर्देश पर नगर पालिका ने शहर के पांच दर्जन कचरा संवेदनशील बिंदुओं यानी गारबेज वलनरेबल पॉइंट ( जीवीपी ) को चिन्हित किया है. इन स्थलों के विलोपन के प्रयास शुरू कर दिए गए हैं.

नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी संजय मिश्रा ने बताया कि जीवीपी बिंदुओं के विलोपन का कार्य शुरू कर दिया गया है।

इसी क्रम में बुधवार को पटेल नगर वार्ड स्थित पांडे तालाब के किनारों से साफ सफाई कराई गई. जेसीबी लोडर और ट्रालियों के साथ दो दर्जन सफाई कर्मचारियों की टीम लगाई गई. तालाब के किनारों से जंगली झाड़ियां और कूड़ा करकट हटवाया गया।

शहर में इस अभियान का प्रभार देख रहे काजी शारिफ और मुहम्मद फराज ने बताया कि अधिकांश वार्डों में टीम बनाई गई है. शहर भर के जीवीपी बिंदुओं के विलोपन का कार्य दो महीनों में पूरा करा दिया जाएगा।

## प्रयाग के लिए 40 बसों से जाएंगे भक्त

**गोंडा :** शुक्रवार को माघ अमावस्या पर प्रयाग में होने वाले स्नान में शामिल होने के लिए गोंडा से परिवहन विभाग की 40 बसों को लगाया गया है। गोंडा, बहराइच, श्रावस्ती व बलरामपुर से पांच लाख से अधिक लोग रवाना होंगे। गोंडा परिवहन निगम में 82 बसों का बेड़ा है।

इसमें 22 बसें निगम की तथा 60 अनुबंधित हैं। आधे से अधिक बसों का संचालन प्रयाग के लिए किया गया है। बुधवार को बस स्टेशन पर मेलार्थियों की भीड़ जुटी रही। परिवहन निगम ने भी प्रयाग के यात्रियों की संख्या में इजाफा को देखते हुए अधिकांश बसों को प्रयाग के लिए रवाना कर दिया है।

## भाजपा महिलाओं के उत्थान के लिए तत्पर: पाठक


कार्यशाला को संबोधित करते मुख्य अतिथि जिला प्रभारी विजय बहादुर पाठक।

**गोंडा कार्यालय:** भाजपा जिला कार्यालय पर शक्ति वंदन अभियान को लेकर जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रभारी/प्रदेश उपाध्यक्ष /एमएलसी विजय बहादुर पाठक उपस्थित रहे।

उन्होंने कहा केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार की जो भी योजनाएं संचालित की जा रही हैं उन सभी योजनाओं के केंद्र बिंदु में नारी शक्ति ही है। कार्यशाला की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष अमरकिशोर कश्यप तथा संचालन जिलामंत्री विनय शर्मा ने किया। शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन, पुष्पर्चन एवं वंदे मातरम गायन के साथ हुआ। अभियान अंतर्गत हमारा पहला कार्यक्रम शक्ति संवाद कार्यक्रम होगा। यह जिला स्तरीय कार्यक्रम आगामी 10 फरवरी को किया जायेगा। 11 एवं 14 फरवरी में विधानसभा स्तर के शक्ति संवाद के कार्यक्रम किए जाएंगे। 22 फरवरी को जनपद के सभी मंडलों में देश के यशस्वी एवं लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव उद्बोधन शक्ति संवाद कार्यक्रम के निमित्त सुना जाएगा। इसके अलावा 25 एवं 26 फरवरी को जनपद के एनजीओ के प्रमुख लोगों का एक जिला स्तर सम्मेलन होगा। कार्यशाला को आशीष त्रिपाठी, अनुपम प्रकाश मिश्रा, अंजू सिंह खरवार ने भी संबोधित किया।

# मंडल स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में गोंडा चैंपियन

## जिला विज्ञान क्लब की तरफ से आयोजित प्रदर्शनी का आयुक्त ने किया अवलोकन, बच्चों के आत्मविश्वास की सराहना की


प्रतियोगिता में स्वागत गीत प्रस्तुत करतीं गीता इंटरनेशनल स्कूल की छात्राएं।

**गोंडा कार्यालय:** जिला विज्ञान क्लब की तरफ से बुधवार को आयोजित मंडल स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में गोंडा के बच्चों का जलवा रहा। प्रतियोगिता के तीनों स्थान पर जिले के बच्चों के मॉडल चुने गए। बलरामपुर जिले के बच्चों को दो सांत्वना पुरस्कार मिला। बेहतर प्रदर्शन के बावजूद बहराइच व श्रावस्ती के बच्चे खाली हाथ रह गए। हालांकि कमिश्नर योगेश्वर राम मिश्र ने बच्चों की प्रतिभा की तारीख करते हुए उनके आत्मविश्वास को सराहा और कहा कि इस प्रदर्शनी को देखकर यह साबित होता है के बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है।


मंडल स्तरीय विज्ञान मॉडल स्पर्धा का उद्घाटन करते आयुक्त योगेश्वर राम मिश्र।


विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन करते देवीपाटन मंडल आयुक्त व अन्य। अमृत विचार

शहर के गीता इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित प्रतियोगिता का उद्घाटन देवी पाटन मंडल के आयुक्त योगेश्वर राम मिश्र ने किया। प्रतियोगिता में गोंडा बलरामपुर बहराइच की 15-15 व श्रावस्ती जिले की आठ टीमों समेत कुल 53 टीमों ने विज्ञान पर आधारित प्रोजेक्ट का मॉडल प्रदर्शन किया। आयुक्त योगेश्वर राम मिश्र, अपर जिलाधिकारी चंद्रशेखर व एलबीएस पीजी कालेज के प्राचार्य प्रो रवींद्र पांडेय ने बच्चों के मॉडल की सराहना की। निर्णायक मंडल में शामिल अयोध्या के साकेत पीजी कालेज के एसोसिएट प्रो अरविंद कुमार शर्मा, बलरामपुर एमएलके पीजी कालेज के डा बसंत कुमार गुप्ता, श्रावस्ती के डा निर्देश कुमार रवि व एलबीएस पीजी कालेज गोंडा के बीसीए डिपार्टमेंट हेड इं अभय द्विवेदी प्रदर्शनी का मूल्यांकन किया। फाइनल नतीजों में तीनों स्थानों पर गोंडा जिले के बच्चों का कब्जा रहा। शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इंटर कॉलेज के छात्र उदित मिश्रा ने चंद्रयान- 3 के मॉडल को पहला स्थान मिला। उदित को पहले पुरस्कार के रूप में 10 हजार रुपये का पुरस्कार दिया गया। दूसरा स्थान सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज इटियाथोक के छात्र अभिषेक कुमार कश्यप के इलेक्ट्रिसिटी जनरेट बाई वेस्ट मटेरियल के मॉडल को मिला। अभिषेक को सात हजार रुपये का पुरस्कार दिया गया। तीसरा स्थान भी गोंडा के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज इटियाथोक की छात्रा विद्या शुक्ला के वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट के मिला। विद्या को पांच हजार रुपये का पुरस्कार दिया गया। इसके अतिरिक्त बलरामपुर जिले के खाते में दो सांत्वना पुरस्कार गए। बलरामपुर के आर एल शांति पब्लिक इंटरमीडिएट कॉलेज की काव्या श्रीवास्तव को फार्मर लाइफ सेविंग सिस्टम के मॉडल के लिए दो हजार रुपये का सांत्वना पुरस्कार दिया गया जबकि राजकीय इंटर कॉलेज गैसड़ी की छात्रा सोनाली चौरसिया के एलआई एफआई को भी सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इसके पहले गीता इंटरनेशनल स्कूल की छात्राओं ने स्वागत गीत गाकर अतिथियों का स्वागत किया। प्रतियोगिता के लिए जिला विज्ञान क्लब की समन्वयक डा रेखा शर्मा को मंडल का नोडल समन्वयक बनाया गया था। इस मौके पर जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार, सुशील श्रीवास्तव, स्कूल की प्रधानाचार्या नीलम अग्रवाल, रितेश अग्रवाल, रंगेश अग्रवाल, जिला विज्ञान क्लब बहराइच के जिला समन्वयक डॉ एनके शुक्ला, श्रावस्ती के सह समन्वयक श्रीनिवास तिवारी बलरामपुर के जिला समन्वयक सर्वजीत वर्मा समेत अन्य मौजूद रहे।

## एक नजर

### सरहरा और फरेंदा में वसूली शिविर का आयोजन

**रुपईडीह गोंडा :** इंडियन बैंक की शाखा आर्यनगर के तत्वावधान में सरहरा व फरेंदा शुक्ल में वसूली शिविर आयोजित किया गया। शाखा प्रबंधक वीरेंद्र मिश्र ने बताया इस शिविर में किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत 8 किसानों से 15 लाख रुपए का बकाया वसूल किया गया। सहायक प्रबंधक विनय कुमार शुक्ल भी उपस्थित रहे।

### ग्राम पंचायत का किया स्थलीय निरीक्षण

**रुपईडीह गोंडा :** ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी मृत्युंजय यादव ने एडीओ आईएसबी आजम खान के साथ ग्राम पंचायत रुकमंगतपुर व गौसिहा का स्थलीय भ्रमण किया। यहां पर उन्होंने दोनों ग्राम पंचायतो में मनरेगा के तहत कराये जा रहे निर्माण कार्य, सामुदायिक शौचालयों और पंचायत भवनों वन के निर्माण के बारे में जानकारी हासिल की। इस दौरान उन्होंने दिशा-निर्देश भी जारी किए। इस मौके पर पंचायत सचिव अजीत कुमार भी उपस्थिति रहे।

# आस्था और विश्वास का संतोष लेकर अयोध्या से लौटे भक्तगण

## अमृत विचार से साझा की खुशी, कहा-प्रभु श्रीराम के दर्शन से सफल हो गया जीवन, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री योगी का जताया आभार



रामलला का दर्शन करने के बाद कटरा स्टेशन स्थित कैंप में मौजूद श्रद्धालु।



मीना देवी। अमृत विचार



सुदामा साहनी। अमृत विचार



आसान साहनी। अमृत विचार



श्रीनिधि सिंह व प्रतिमा देवी। अमृत विचार

**नवाबगंज, गोंडा**

**अमृत विचारः** आस्था स्पेशल ट्रेन से अयोध्या पहुंचे बिहार के श्रद्धालुओं ने श्री रामलला का दर्शन करने के बाद बुधवार को वापस लौटते समय अपनी खुशी को अमृत विचार से साझा किया। जय श्री राम के जयकारों संग अयोध्या से लौट रहे राम भक्तों ने कहा कि श्री राम लला का दर्शन कर उनकी और उनके पूर्वजों की वर्षों की तपस्या सफल हो गयी। श्रद्धालुओं के चेहरे पर आस्था और विश्वास का जो उल्लास था वह देखते ही बन रहा था। चेहरे पर राम दर्शन करने करने का संतोष और अयोध्या आने की उमंग उनकी इस लालसा को बिना कहे ही बता रही थी जो वर्षों से अपने आराध्य के दर्शन के लिए तड़प रही थी। रामलला के दर्शन से अभिभूत श्रद्धालुओं ने भव्य राम मंदिर निर्माण और अयोध्या के विकास के लिए प्रधानमंत्री मोदी और सीएम योगी की जमकर तारीफ की और उनका आभार जताया।

अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद देश भर के श्रद्धालुओं को अयोध्या लाकर राम दर्शन कराने के लिए आस्था स्पेशल ट्रेन का संचालन प्रारंभ किया गया है। इसी क्रम में मंगलवार को पूर्वोत्तर रेलवे की पहली आस्था स्पेशल ट्रेन बिहार के मुंगेर से चलकर कटरा शिवदयाल गंज रेलवे स्टेशन पर पहुंची थी। ट्रेन में सवार करीब 11 सौ यात्रियों का पूर्वोत्तर रेलवे को डीआरएम ने स्टेशन पर भव्य स्वागत किया था। सभी को 36 इलेक्ट्रिक बसों से अयोध्या ले जाया गया था। श्रद्धालुओं ने अयोध्या पहुंचकर रामलला और हनुमानगढ़ी में बजरंगबली का दर्शन किया। दर्शन के बाद बुधवार को वापस लौटे इन श्रद्धालुओं ने कटरा शिवदयाल गंज रेलवे स्टेशन पर राम दर्शन की अपनी खुशी अमृत विचार से साझा की। बिहार के लखीसराय की रहने वाली 75 वर्षीया बुजुर्ग मीना देवी ने कहा कि वर्षों पुरानी अभिलाषा थी कि अयोध्या में राम जन्म भूमि मंदिर का निर्माण हो और मुझे प्रभु श्रीराम का दर्शन पूजन करने का सौभाग्य प्राप्त हो। आज मोदी योगी सरकार के सहयोग से अयोध्या आने का सौभाग्य मिला। अपने आराध्य प्रभु श्रीराम का दर्शन कर जीवन सफल हो गया। लखीसराय के जैतपुर थाना बलिया के रहने वाले श्रीनिधि सिंह (62) ने अपनी पत्नी प्रतिमा देवी के साथ अयोध्या में दर्शन पूजन किया। वापस लौटते हुए उन्होंने कहा कि अयोध्या में प्रभु श्रीराम का साक्षात् दर्शन कर जीवन धन्य हो गया। वह गांव के लोगों को भी अयोध्या आने के लिए प्रेरित करेंगे। बेतिया जिले के रहने वाले 60 वर्षीय सुदामा साहनी ने कहा कि अयोध्या में प्रभु श्रीराम का दर्शन पूजन किया। उन्होने भरोसा जताया कि पीएम मोदी उन्हे मथुरा और काशी विश्वनाथ का दर्शन करने का अवसर भी देंगे। बेतिया के ही 62 वर्षीय आसान साहनी ने कहा कि वह अयोध्या आने में असमर्थ थे लेकिन उन्हे स्पेशल ट्रेन से अयोध्या आने का सौभाग्य मिला।

# कटरा पहुंचा आसाम-पश्चिम बंगाल के 1800 भक्तों का जत्था

**नवाबगंज, गोंडाः** आस्था स्पेशल ट्रेन से देश के विभिन्न प्रांतों से श्रद्धालुओं के अयोध्या पहुंचने का सिलसिला जारी है। बुधवार को आसाम और पश्चिम बंगाल से श्रद्धालुओं को लेकर आस्था स्पेशल ट्रेनें कटरा शिवदयालगंज रेलवे स्टेशन पहुंचीं। स्टेशन पर रेलवे के अफसरों ने पुष्प वर्षा कर यात्रियों का स्वागत किया। सभी यात्रियों को इलेक्ट्रिक बसों के जरिए अयोध्या के लिए रवाना किया गया।



कटरा शिवदयाल गंज रेलवे स्टेशन पर श्रद्धालु का स्वागत करते लोग। अमृत विचार



बस में बैठे यात्री। अमृत विचार

पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के जन संपर्क अधिकारी ने बताया कि बुधवार को पश्चिम बंगाल के बर्धमान से चलकर गाड़ी संख्या 00305 विशेष आस्था ट्रेन दोपहर 3.30 बजे कटरा स्टेशन पहुंची। इस ट्रेन से 491 यात्री अयोध्या दर्शन के लिए आए हैं। आस्था ट्रेन के आगमन पर पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के मंडल रेल प्रबंधक आदित्य कुमार , अपर मंडल रेल प्रबंधक (इंफ्रा) राजीव कुमार व अन्य अफसरों ने यात्रियों पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। इसके बाद सभी को इलेक्ट्रिक बसों से अयोध्या भेजा गया। बुधवार को ही देर शाम करीब 8.30 बजे आसाम से 1300 सौ यात्रियों को लेकर आस्था स्पेशल ट्रेन कटरा पहुंची। यहां भी यात्रियों का फूलमालाओं से स्वागत हुआ।

जनसंपर्क अधिकारी पंकज सिंह ने बताया कि यात्रियों के आगमन को देखते हुए कटरा रेलवे स्टेशन पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम किए गए हैं। स्टेशन पर आकस्मिक स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के लिए रेलवे चिकित्सकों की टीम के साथ आधुनिक एम्बुलेंस उपलब्ध है। स्टेशन पर खान-पान के नए स्टालों के संचालन शुरू हो गया है। नए शौचालयों के निर्माण के साथ पेयजल की व्यवस्था व्यापक रूप से की गई है। कटरा स्टेशन को आधुनिक सूचना प्रणाली से लैस कर दिया गया है। स्टेशन पर बड़ी संख्या में रेलवे अधिकारी और कर्मचारियों की विशेष ड्यूटी लगाई गई है। रेलवे के वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर प्रथम, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (फ्रेट), वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक सामान्य, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त, सहायक सुरक्षा आयुक्त तथा अन्य अधिकारी व कर्मचारी कटरा स्टेशन पर कैंप कर रहे हैं।

# मौनी अमावस्या पर भक्त कल करेंगे स्नान

**उमरी बेगमगंज, गोंडाः** शुक्रवार को मोनी अमावस्या है। स्नान पर्व के इस महाकुंभ के अवसर पर ऐली परसोली में भी विशाल मेले का आयोजन किया गया है। यहां सरयू में स्नान दान कर लोग पुण्य अर्जित करते हैं। शताब्दी वर्ष पहले ऐलीपरसौली में स्थित मठ के मठाधीश सिद्ध पुरुष बाबा रीवा पुरी महाराज ने प्रथम डुबकी लगाकर मेले का शुभारंभ किया था। तब से यह परंपरा चली आ रही है और लोग हर वर्ष स्नान पर्व पर ऐलीपरसौली के सरयू नदी में डुबकी लगाकर पुण्य अर्जित करते हैं। अब बाबा रीवा पुरी के 15 वें शिष्य बाबा ईश्वर नाथ पुरी इस परंपरा का निर्वहन करते हैं और उन्हीं की अध्यक्षता में मेले का आयोजन किया जाता है। एक किंवदंती के अनुसार सिद्ध पुरुष बाबा रीवा पुरी बाराबंकी में स्थित मठ को जाने के लिए कभी नदी में नाव का सहारा नहीं लेते थे लोग कहते हैं कि नदी की धारा सूख कर उनका मार्ग प्रशस्त करती थी। शुक्रवार को मौनी अमावस्या होने के नाते इस पर्व का महत्व और भी बढ़ जाता है इस कारण से यहां स्नान दान के लिए भारी संख्या में श्रद्धालुओं के जुटने की उम्मीद है।

# शिव को पाने के लिए पार्वती ने की थी कठोर तपस्या



कथा कहते डॉ. रामविलास दास वेदांती।



चतुर्भुजी नाथ मंदिर ग्राम चतुर्भुजवा में चल रही श्री शिव महापुराण की कथा सुनते श्रद्धालु। अमृत विचार

**खरगूपुर गोंडा**

**अमृत विचारः** चतुर्भुजी नाथ मंदिर ग्राम चतुर्भुजवा में चल रही श्री शिव महापुराण कथा छठवें दिन डॉ रामविलास दास वेदांती महाराज ने कहा कि भगवती पार्वती जी की तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें अपनी प्राप्ति का वरदान दिया। उन्होंने कहा कि भगवती पार्वती की तपस्या आज तक की सबसे कठोर तपस्या मानी जाती है,भगवान शिव ने सप्त ऋषियों को भगवती पार्वती की परीक्षा लेने के लिए भेजा सप्त ऋषियों और नारद जी ने पार्वती जी को बहुत समझाया कि शिव सर्प लपेटे रहते हैं, कपड़े नहीं पहनते, रहने को घर नहीं खाने के लिए व्यवस्था नहीं,लेकिन हजारों वर्षों की भगवती की तपस्या को कोई डिगा न सका। महाराज ने नारद के गुणों का वर्णन करते हुए कहा कि नारद जी के उपदेश के फलस्वरूप ही राक्षस कुल में प्रहलाद का जन्म हुआ जिससे उसका कुल पवित्र हो गया। कार्यक्रम में राघवेश दास वेदांती, अवनीश शुक्ल, नन्दिता शुक्ला, अध्यक्ष नगरपालिका परिषद बलरामपुर धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू सिंह, संतोष घनश्याम शुक्ला, अरविंद पाठक, विजय ओझा, बृजभूषण तिवारी मौजूद रहे।

# रामकथा के धनोपार्जन से भरते हैं गोवंशों का पेट

**उमरी बेगमगंज, गोंडा**

**अमृत विचारः** एक तरफ गोपालन और रक्षा को लेकर मुख्यमंत्री योगी भले ही गंभीर हो लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है करीब पांच वर्ष पहले मुकुंदपुर गांव में स्थापित श्री राम गोशाला में सरकारी अनुदान के नाम पर अभी तक फूटी कौड़ी भी नसीब नहीं हुई है अब यहां मौजूद गायों के भरण पोषण के लिए राम का ही सहारा है गौशाला के संचालक मानस प्रवक्ता उमाशंकर महाराज यहां मौजूद गाय और बछड़ों का पेट भरने के लिए देश-विदेश में राम कथा करते हैं और राम कथा के बाद जो भी धनोपार्जन होता है उससे 165 गोवंशों का पेट भरा जा रहा है हरे चारे के इंतजाम के लिए ग्रामीणों के खेतों को बटाई पर लिया गया है तरबगंज तहसील के मुकुंदपुर गांव में मां बाराही मंदिर के निकट वर्ष 2014 श्री राम गोशाला स्थापित की गई गरीब 10 बीघे में फैली इस गोशाला में 150 गाय व 15 बछड़े व सांड की देखभाल की जाती है वर्तमान में श्री राम गोशाला में मौजूद गोवंशो को श्री राम का ही सहारा है मवेशियों के लिए चारे के इंतजाम और गोशाला की व्यवस्था को सुदृढ करने के लिए मानस प्रवक्ता उमाशंकर महराज को कड़ी मेहनत करनी पड़ती है यही नहीं राम नाम संकीर्तन के साथ देश-विदेश में राम कथा करने वाले मानस प्रवक्ता ने मां बाराही दरबार में अन्न क्षेत्र की स्थापना की है जहां पिछले कई वर्षों से दोनों समय गरीब व असहाय लोगों को भोजन उपलब्ध कराया जाता है श्री राम गौशाला की देखभाल करने वाले आचार्य कपिल कहते हैं कि गोवंशों की सेवा के लिए गोसेवकों के मानदेय के साथ ही हरे चारे, खली और दाने के इंतजाम करने में प्रतिमाह करीब दो लाख रुपए खर्च हो जाते हैं फिलहाल योगी सरकार भले ही गोपालन में रक्षा को लेकर गंभीर है और छुट्टा गोवंशों को पालने पर अनुदान का ढिंढोरा पीटा जा रहा है लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है गोशाला संचालन को करीब एक दशक बीतने को है और श्री राम गौशाला को अभी तक अनुदान के नाम पर एक फूटी कौड़ी भी नसीब नहीं हुई है।



गौशाला में मवेशी को चारा खिलाते संचालक उमाशंकर महाराज।

# कृषि मेले में दी तकनीकी जानकारी

**इटियाथोक/गोंडा**

**अमृत विचारः** इटियाथोक विकास खंड परिसर में कृषि विकास मेले का आयोजन किया गया कार्यक्रम की शुरुआत फीता काटकर मंडल अध्यक्ष भाजपा सत्यव्रत ओझा, प्रधान संघ अध्यक्ष ज्योति चंद तिवारी व खंड विकास अधिकारी इटियाथोक अभय सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उप कृषि निदेशक प्रेम कुमार व जिला कृषि अधिकारी जेपी यादव की उपस्थिति रही। उपस्थित किसानों को वैज्ञानिक एसपी शर्मा ने वैज्ञानिक एवं तकनीकी खेती के बारे में जानकारी दी और मंच का संचालन भी किया। इस अवसर पर वन विभाग ,ग्राम विकास विभाग, कृषि विभाग, सहकारिता विभाग, कृषि एग्री जंक्शन, गन्ना विभाग, पंचायती राज विभाग के स्टॉल भी लगाए गए। सभी विभागों के जिम्मेदारों ने उपस्थित लोगों को योजनाओं की जानकारी दी । वहीं कृषि विभाग की तरफ से एडीओ कृषि मजहर हुसैन ने कृषि विभाग की योजनाओं के बारे में खाद बीज दवा सहित आधुनिक तरीके से खेती करने के बारे में विस्तार से जानकारी दी कि वर्तमान समय में कम लागत में कैसे अच्छी खेती की जाए। वही इसको के डॉक्टर डीके सिंह ने नैनो यूरिया सहित ऑर्गेनिक खेती के बारे में उपस्थित लोगों को जानकारी दी।



मेले का फीता काटकर उद्घाटन करते अतिथि व अन्य। अमृत विचार

# करनैलगंज में अतिक्रमण हटाने का अभियान फेल

**करनैलगंज, गोंडाः** करनैलगंज तहसील के सामने से रामलीला मैदान के बीच तहसील रोड के दोनों तरफ फैले अतिक्रमण को हटाने का नगर पालिका का अभियान फेल हो गया।

करीब एक माह पूर्व तहसील रोड का निर्माण करने के पहले तहसील से रामलीला मैदान के सामने यतीम खाना चौराहे तक फैले अतिक्रमण को हटाया गया था। तहसील के सामने से यतीम खाना चौराहे के बीच फैले अतिक्रमण को हटाने की कवायद फेल होती नजर आ रही है। जबकि रोड के दोनों तरफ जबरदस्त तरीके से अतिक्रमण फैला हुआ है। उस रोड पर निकलना दुभर हो रहा है। जबकि इस रोड के बगल फायर स्टेशन का निर्माण चल रहा है। जहां वाहनों के आने-जाने व आवागमन या सामग्री लोड करके आने वाले वाहनों को पहुंचने में दिक्कत हो रही है और तहसील रोड पर हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है। नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी धनुषधारी सिंह का कहना है कि तहसील रोड पर अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी गई थी। समय पूरा हो चुका है जिस पर टीम बनाकर अतिक्रमण को हटवाने की कार्रवाई की जाएगी। जिसकी तैयारी की जा रही है।

# संगठन की एकता पर दिया जोर

**गोंडा कार्यालयः**विद्यानगर किसान इंटर कॉलेज मोतीगंज में प्रधानाचार्य एवं उप्र माशिसं के जिलामंत्री राधा मोहन पांडेय की अध्यक्षता में गोष्ठी का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि संघ के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह रहे। इस मौके पर संघ की शाखा इकाई द्वारा नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष अजीत सिंह व जिलामंत्री राधा मोहन पांडेय के साथ जनपदीय कार्यकारिणी के संयुक्त मंत्री घनश्याम ओझा, सदस्य कार्यकारिणी बाल्मिक प्रसाद एवं प्रिय शंकर मिश्र सदस्य कार्यकारिणी का भी माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया। संघ के जिलाध्यक्ष ने कहा उन्होंने शिक्षक साथियों को आगाह किया। उन्होंने कहा कि संगठन की एकता के बल पर ही हमें उपलब्धियां मिली हैं इसे हमें बनाए रखना होगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री राधा मोहन पांडेय ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार को शिक्षक विरोधी बताया और कहा कि सरकार ने हमारे बुढ़ापे की लाठी हमारी पेंशन को वापस ले लिया। गोष्ठी को मां गायत्री मंगला प्रसाद पांडेय महाविद्यालय मोतीगंज के डायरेक्टर अनिल पांडेय , एसोसिएट प्रोफेसर पंकज पाठक आदि ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर तिलकराम वर्मा, नवनीत शुक्ला, विवेक वर्मा, जितेंद्र कुमार सोनी, सुजीत श्रीवास्तव, संजीव सिंह, रंजीत कुमार, संदीप कुमार, लाटबक्श मिश्रा, सुरेश पांडे, दीपक चौबे, लवकुश मिश्रा आदि मौजूद रहे।



मोतीगंज में शैक्षिक गोष्ठी को संबोधित करते माशिसं के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह।

# राष्ट्रीय बोर्ड परीक्षा में डॉ. सोमनाथ गोस्वामी ने हासिल की सफलता

**करनैलगंज, गोंडाः** ग्रापं कुवंरपुर अमरहा के मजरा सिकिहा निवासी डॉ. सोमनाथ गोस्वामी ने चिकित्सा विज्ञान में राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड की परीक्षा में सफलता हासिल कर नाम रोशन किया है। डॉ. सोमनाथ गोस्वामी ने बताया कि पर्म स्टेट चिकित्सा विवि (रूस) से जुलाई 2023 में एमबीबीएस की डिग्री हासिल कर चिकित्सा विज्ञान में राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड की परीक्षा के लिए आवेदन किया था, बीते 20 जनवरी को परीक्षा हुई थी, जिसका परिणाम अब आया है। बताया कि कन्हैयालाल इंटर कालेज से हाई स्कूल, श्रीराम सिंह इंटर कालेज से इंटरमीडियट की परीक्षा पास करके वह एमबीबीएस की पढ़ाई के लिए रूस गए थे। जहां से एमबीबीएस की डिग्री हासिल कर इस परीक्षा के लिए आवेदन किया था। उनकी इस सफलता पर त्रिलोकीनाथ तिवारी, तौवाज खान, राम आशीष गोस्वामी, मनमोहन गोस्वामी, श्याम गोस्वामी, मनीष श्रीवास्तव, दिनेश गोस्वामी आदि ने बधाई दी है।



# चोरी की लकड़ी के साथ गिरफ्तार

**मनकापुर, गोंडाः** वन विभाग की लगातार कार्यवाही से वनमाफियों में दहशत व्याप्त हो रही है। सूचना पर जंगल से चोरी कर सागौन की लकड़ी को पिकअप सहित पकड़ कर चार लोगों के विरुद्ध भारतीय वन अधिनियम व वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत कार्यवाही किया है।

टिकरी रेंज में तैनात वन रक्षक रामपाल भारती ने दर्ज कराए मुकदमे में कहा कि बीते मंगलवार की सुबह सूचना प्राप्त हुई कि रेंज अंतर्गत रामगढ़ बीट से एक पिकअप सागौन को लादकर परसापुर थनवा के रास्ते जा रही है।सूचना पर रामजियावन सिंह वन दरोगा व मन्दगोपाल श्रीवास्तव वन दरोगा के साथ घेराबन्दी की गई। नई बस्ती की तरफ से आती हुई पिकप दिखाई पडी जैसे ही पास पहुँचा ड्राइवर गाड़ी छोड़ कर अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। बरामद पिकप में 12 बोटा सागौन मय गाड़ी रेंज कार्यालय परिसर मे अनुरक्षित किया गया। कटान स्थल की छानबीन पर पता चला अजय सिंह, उदय सिंह निवासीगण ग्राम भिटौरा व संतराम निवासी ग्राम बन्दरहा व मिट्ठु पुत्र बहादुर निवासी शम्भूनगर बुटहा द्वारा किया गया है। कटान स्थल पर चिड़िया का घोसला व अण्डा व बच्चा क्षत-विक्षत मिला।



मनकापुर थाने में पिकअप पर लदी लकड़ी। अमृत विचार

# हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**बेलसर, गोंडा**

**अमृत विचारः** सड़क दुर्घटना में चोटिल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई है। बीते 23 दिसंबर को गोंडा बेलसर मार्ग पर डिडीसिया कला के पास दो बाईकों को आमने सामने टक्कर हो जाने से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

प्रधान प्रतिनिधि सिंहपुर मनीष शुक्ल ने बताया कि थाना तरबगंज क्षेत्र के सिंहपुर पूरे शुक्ल निवासी राघवेंद्र शुक्ल (30) एवं उनके भाई अवनेंद्र मणि शुक्ल 23 दिसंबर को गोंडा से अपनी बाइक से घर आ रहे थे। डिडीसिया के पास सामने से आ रही बाइक से टक्कर हो गई। जिसमें राघवेंद्र द्रमणि गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उनका इलाज लखनऊ के एक निजी अस्पताल में चल रहा था। चार दिन पूर्व गोंडा के एक निजी अस्पताल में परिजनों ने भर्ती कराया था जहां पर आज इलाज के दौरान मौत हो गई। राघवेंद्र मणि शुक्ल चार भाइयों में तीसरे नंबर पर था। राघवेंद्र मणि की पत्नी निशू शुक्ला का रो- रोकर बुरा हाल है।

## गुमशुदा



नाम –**अजय सागर**
पिता का नाम – महादेव सागर
आयु – 27 वर्ष, हुलिया – रंग गोरा चेहरा लम्बा, इकहरा जिस्म, दाढी रखे हुए, गर्दन पर दाहिने तरफ टैटू का निशान, बाये हाथ पर टैटू का निशान, कद – 5.5 फीट, पहनावा– फूल आस्तीन नेवी ब्लू शर्ट व जीन्स पैंट,निवासी– फत्तेपुर कटरा शिवदयालगंज थाना नवाबगंज जनपद गोंण्डा
उपरोक्त गुमशुदा दिनाँक 28/09/2023 को सुबह समय करीब 9:00 बजे घर से अयोध्या के लिए निकले थे जो वापस लौट कर नहीं आए काफी प्रयास करने के बावजूद भी गुमशुदा का पता नहीं चल पाया है इसके संबंध में थाना नवाबगंज जनपद गोंडा में गुमशुदगी दर्ज है यदि किसी सज्जन को गुमशुदा के बारे में कोई जानकारी मिले तो निम्न नबरो पर सूचित करें।
**गुमशुदा के घर का मोबाइल न0– 9839043251 (महादेव सागर पिता), चौकी सरयू घाट– 9919975151, थाना नवाबगंज– 9454403493, क्षेत्राधिकारी तरबगंज– 9454401375**

# जिले में इस बार विभाग की लक्ष्य से कम हुई धान की खरीद

**उठे सवाल**

- 1.75 के मुताबिक 1.62 एमटी हुई धान खरीद
- धान खरीद में जिले को प्रदेश में 7वां और मंडल में पहला स्थान

बहराइच कार्यालय

**अमृत विचार :** जिले में धान खरीद के लिए निर्धारित लक्ष्य इस बार पूरा नहीं हो सका। विभाग की ओर से लक्ष्य से कम धान की खरीद हुई। हालांकि, जिला मंडल में पहले स्थान पर आया है जबकि प्रदेश में 7वां स्थान मिला है। ऐसे में विपणन विभाग के धान खरीद को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

प्रदेश सरकार की ओर से धान खरीद के लिए ब्लॉक और ग्राम पंचायत स्तर पर तौल क्रय केंद्र स्थापित किए गए थे। जिले में 1 नवंबर से धान की खरीद शुरू की गई थी। शासन की ओर से 1.75 एमटी धान खरीद का लक्ष्य रखा गया था लेकिन इस बार खाद्यान्न विपणन विभाग लक्ष्य के नजदीक नहीं पहुंच सका। लक्ष्य से कम धान की खरीद हुई है। जिला खाद्य



बहराइच में धान खरीद की जांच करते अधिकारी फोटो : अमृत विचार

एवं विपणन अधिकारी संजीव कुमार सिंह ने बताया कि 1 नवंबर से फरवरी माह तक 1.62 एमटी धान की खरीद की गई है। उन्होंने बताया कि लक्ष्य से कुछ कम धान की खरीद हुई है। धान खरीद की अंतिम तिथि 29 फरवरी होने के मामले में लक्ष्य हासिल करने की बात की गई तो उन्होंने बताया कि अब लक्ष्य पूरा नहीं हो सकता क्योंकि किसान धान क्रय केंद्र पर बिक्री करने के लिए नहीं आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिलेभर में संचालित धान क्रय केंद्रों से 22,488 किसानों से धान की खरीद की गई है जिसके चलते जिले को मंडल में पहला और प्रदेश में 7 वां स्थान मिला है।

**शाहजहांपुर आया प्रदेश में प्रथम**

जिला खाद एवं विपणन अधिकारी संजीव कुमार सिंह ने बताया कि धान खरीद के मामले में शाहजहांपुर प्रदेश से पहले स्थान पर आया है जबकि मंडल में बहराइच पहले स्थान पर है उन्होंने बताया कि गोंडा प्रदेश में 22वें, श्रावस्ती 34वें और बलरामपुर 42वे स्थान पर आया है। जबकि मंडल में गोंडा जनपद का धान खरीद में दूसरा स्थान है और श्रावस्ती का तीसरा है।

# दुष्कर्म के प्रयास में अभियुक्त को 10 वर्ष का सश्रम कारावास

## विशेष न्यायाधीश ने 50 हजार के अर्थदंड से किया दंडित

बहराइच कार्यालय

**अमृत विचार :** कोतवाली नानपारा के एक गांव में नाबालिक से दुष्कर्म के प्रयास के मामले में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो ने अभियुक्त को 10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश ने अभियुक्त को 50 रुपये हजार के अर्थदंड से दंडित भी किया है।



दीवानी न्यायालय के विशेष लोक अभियोजक सुरेंद्र कुमार मौर्य व संत प्रताप सिंह ने बताया कि 14 मार्च 2015 को थाना कोतवाली नानपारा क्षेत्र में एक पिता ने नबालिग बेटी से दुष्कर्म करने के प्रयास के मामले में थाना क्षेत्र के मथुरा गांव निवासी अयोध्या प्रसाद के खिलाफ तहरीर दी थी। कहा था कि उसकी बेटी के शोर मचाने पर गांव के लोग मौके पर पहुंचे और अभियुक्त को दबोच लिया था। उसके बाद उसे थाने ले जाकर पुलिस के हवाले कर दिया था। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया था। बुधवार को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो वरुण मोहित निगम की कोर्ट ने सुनवाई शुरू की। कोर्ट ने दोनों पक्षों का तर्क सुनने के बाद अभियुक्त को सजा सुनाई। अर्थदंड की धनराशि अदा न करने पर अभियुक्त को 6 माह का अतिरिक्त करावास भुगतना होगा।

**वरिष्ठ नागरिक संगठन ने गरीबों को बांटे कंबल**

**कैसरगंज, बहराइच, अमृत विचार :** वरिष्ठ नागरिक संगठन, कैसरगंज के तत्वावधान में कैसरगंज की ग्राम पंचायत देवलखा में कंबल वितरण कार्यक्रम हुआ। इसमें दो दर्जन से अधिक बुजुर्ग व विधवा महिलाओं को कंबल बांटे गए। कंबल वितरण कार्यक्रम डॉ. दाताराम मौर्य की अध्यक्षता में हुआ। मुख्य अतिथि वरिष्ठ नागरिक संगठन के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार सिंह बब्बू भैया रहे। कार्यक्रम में देवलखा के बुजुर्गों व विधवाओं सहित करीब दो दर्जन महिलाओं को कंबल वितरित किए गए। कार्यक्रम में राम बक्श सिंह, तपन कुमार सिंह, अरुण कुमार सिंह, अरविंद कुमार सिंह, छोटे सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।

## सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर पकड़े गए चोर, खुली वारदात

**मोतीपुर, बहराइच, अमृत विचार:** मिहींपुरवा नगर पंचायत के वार्ड नंबर-5, जरही रोड स्थित सुखविंदर सिंह के घर के बगल में निवास कर रही मंजू देवी गौरा पिपरा शिक्षक के पद पर तैनात हैं। 4 फरवरी की रात उनके घर में चोर दीवार फांदकर मोटर खोल ले गए थे। घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई थी। सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर चोरों की पहचान ग्राम हंसुलिया व जरही रोड निवासी किशोरों के रूप में हुई। यह दोनों कई चोरियों को अंजाम दे चुके हैं। चोरी की घटना के बारे में जब उनके माता-पिता को बताया गया तो उन लोगों ने इसे मानने से इनकार कर दिया। सीसीटीवी फुटेज दिखाने पर भी वह करने को तैयार नहीं हुए। इसके बाद मामले को थानाध्यक्ष मोतीपुर के संज्ञान में लाया गया। तब चोरी की गई मोटर बरामद हो सकी। पीड़ित मंजू देवी व पड़ोसी मंजू सिंह ने बताया कि ये दोनों बच्चे अभी नाबालिक हैं जो मोहल्ले में तीन बार चोरी कर चुके हैं।

# मुशायरे के उद्देश्य से कराया गया रू-ब-रू



मुशायरे को संबोधित करते वक्ता। अमृत विचार

कैसरगंज, बहराइच

**अमृत विचार :** कैसरगंज क्षेत्र के वजीरगंज, रुकनापुर खुर्द बरखुरद्वारापुर में इस्लाहे तुशायरा कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया।

बरखुरद्वारापुर कॉन्फ्रेंस में मुख्य अतिथि अमरोहा दिल्ली से आए मौलाना मुफ्ती खुर्शीद अनवर कासमी नक्शबंदी ने अपनी तकरीर के दौरान समाज में फैली बुराइयों, बेटियों को दहेज के लालची दानवों की कुकृत्यों का जमकर विरोध जताते हुए कहा कि इस मनहूस प्रथा को समाप्त कर बेटियों को उसे उच्च स्थान दिलाने में सामाजिक वातावरण को इसके लिए तैयार करना वक्त की अहम जरूरत है। दहेज लेना, डकैती के बराबर है। नौजवानों में बढ़ती अपराध की प्रवृति, शराबखोरी और गलत संगत में पड़कर अपनी हंसती-खेलती जिदगी को बर्बादी के रास्ता पर ले जाने से परहेज की तल्कीन पेश की। अध्यक्षता हाफिज कारी अमानत अली ने और संचालन मौलाना एहरारुलहक ने किया। इस दौरान मौलाना फकरुद्दीन, कारी मो. मुजफ्फर, हाफिज अब्दुलमुईद, हफीजुर्रमान, हबीबुर्रहमान, अजीजुर्रहमान, मौलाना हाजी रईस कासमी, हाफिज वहीदुददीन रहे।

## सार-संक्षेप

### संतकबीर नगर से महसी पहुंचे लोगों का हुआ स्वागत



संतकबीर नगर से आए लोगों का स्वागत करते पदाधिकारी। अमृत विचार

**तेजवापुर, बहराइच, अमृत विचार :** भाजपा की नीतियों के प्रचार-प्रसार के लिए संतकबीर नगर जिले के दो साइकिल यात्री अब तक 19,500 किमी की यात्रा कर चुके हैं। बुधवार को वह महसी विधानसभा के सिसैया चूड़ामणि गांव पहुंचे। यहां ब्लॉक प्रमुख के साथ भाजपा पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। साइकिल यात्रियों ने ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं के पत्रक भी बांटे। संतकबीर नगर जिले के बूढ़ी बेलभद्दर गांव के रहने वाले रणविजय सिंह व अरविंद सिंह 1 जनवरी 2022 से अनवरत साइकिल यात्रा कर विभिन्न जिलों में पहुंचकर सरकार की योजनाओं की जानकारी लोगों को दे रहे हैं। दोनो महसी के सिसैया गांव पहुंचे। यहां ब्लॉक प्रमुख कृष्णा देवी व अन्य लोगों ने उनका स्वागत किया। रणविजय सिंह व अरविंद सिंह ने बताया कि वे अब तक 60 जिलों में भ्रमण कर साइकिल से 19,500 किलोमीटर की यात्रा पूरी कर चुके हैं। वे ग्रामीणों को केंद्र व प्रदेश सरकार की जलकल्याणकारी योजनाओं के पत्रक बांटकर जानकारी दे रहे हैं। इस दौरान बृजेश्वर सिंह, योगेश्वर सिंह, भाजपा नेता योगेश्वर सिंह, संजय त्रिवेदी, धर्मेंद्र शुक्ल, छोटू सिंह, रामपाल वर्मा, चिफुरी सिंह, रितुनेश मिश्र, सुधांशु मिश्र, बृजेश बाजपेई, नागेंद्र मिश्र, हरिनाथ यादव, पुत्तन समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### चोरी के लिए घर में घुसे नकाबपोश ने चाकू से किया हमला

**बहराइच, अमृत विचार :** जनपद के कुंडासर गांव निवासी एक ग्रामीण के घर में मंगलवार रात नकाबपोश बदमाश घुस गए। बदमाशों ने लाइट बंद करने का प्रयास किया तो युवती ने विरोध किया। इस पर एक बदमाश ने युवती पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिए जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जिला अस्पताल रेफर किया गया है। फखरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कुंडासर निवासी बाबादीन की घर में ही परचून की दुकान है। मंगलवार को उनकी पत्नी एक कार्यक्रम में न्योता देने गई थी जबकि 20 साल की बेटी प्रिया अन्य परिजनों के साथ सो रही थी। देर रात नकाबपोश बदमाश घर में घुस गए। बाबादीन का कहना है की चोरी करने की नियत से जैसे ही बदमाशों ने लाइट बंद करने का प्रयास किया तो बेटी जाग गई और उसने विरोध किया। इस पर एक नकाबपोश ने बेटी पर चाकू से हमला कर दिया। छीना-झपटी में नकाबपोश का गमछा खुल गया जिस पर उसकी पहचान हो गई। पुलिस को घटना की सूचना दी गई। पुलिस ने घायल युवती को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। यहां से जिला अस्पताल लेकर कर दिया गया। प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार त्रिपाठी ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया है।

### राष्ट्रीय कार्यशाला 10 को

**बहराइच, अमृत विचार :** उद्यमियों व भावी उद्यमियों को उत्पादन के क्षेत्र में प्रोडक्ट एंड प्रोसेस डेवलपमेंट इनोवेशन, टेक्नोलॉजिकल डेवलपमेंट, एक्पोर्ट इम्पोर्ट पॉलिसी तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय अंतर्गत संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी देने के उद्देश्य से 10 फरवरी को पूर्वान्ह 11 बजे से लेजर रिसॉर्ट में एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है। यह जानकारी देते हुए एमएसएमई विकास कार्यालय, प्रयागराज के सहायक निदेशक संजय कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय कार्यशाला में विषय विशेषज्ञों द्वारा उद्यमियों व भावी उद्यमियों को महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की जाएंगी।

# श्रावस्ती एसपी ने जमुनहा क्षेत्र के थानों का किया निरीक्षण

संवाददाता, श्रावस्ती

**अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने बुधवार को जमुनहा सर्किल के थाना मल्हीपुर, थाना हरदत्तनगर गिरंट का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। कर्मचारियों को प्रतिदिन योग, व्यायाम करने व पौष्टिक आहार लेने के लिए कहा जिससे पुलिसकर्मी शारीरिक रूप से स्वस्थ्य रहकर अपनी ड्यूटी कर सकें। पुलिस कर्मियों के वेलफेयर पर विशेष ध्यान देने के लिए थाना व चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया। साथ ही थाने-चौकी में नियुक्त पुलिसकर्मियों की उपस्थिति के बारे में भी जानकारी ली। रात में चोरी की घटनाओं की रोकथाम के लिए ड्यूटीरत कर्मचारियों को सशस्त्र गस्त करने का निर्देश दिया।



थाने के निरीक्षण के दौरान जानकारी लेते पुलिस अधीक्षक। अमृत विचार

एसपी ने भोजनालय का जायजा लिया। मेस मैनेजर को साफ-सफाई रखने व थाना-चौकी प्रभारियों को परिसर, बैरक, कार्यालय आदि की भी साफ-सफाई रखने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्राधिकारी जमुनहा कार्यालय में पहुँचकर कार्यालय का निरीक्षण किया तथा कार्य कर रहे कर्मचारियों से उनके कार्य के बारे में जानकारी ली। एसपी ने थाना हरदत्त नगर गिरंट, चौकी बदला, चौकी वीरगंज के लिए आवंटित जमीन का भौतिक सत्यापन किया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी जमुनहा सतीश कुमार शर्मा, संबंधित थानाध्यक्ष व चौकी प्रभारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## पुलिस ने गुमशुदा बच्ची को 12 घंटे में किया बरामद

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** थाना हरदत्तनगर गिरंट के ग्राम करनपुर (छोटा) दा. इमलिया करनपुर निवासी सुनील कुमार पुत्र माधव राम ने मंगलवार को थाने में प्रार्थनापत्र 6 वर्षीय बहन के बिना बताए घर से कही चले जाने की सूचना दी थी। पुलिस ने मामला दर्ज किया था। पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने प्रभावी कार्रवाई के लिए अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव, क्षेत्राधिकारी जमुनहा सतीश कुमार शर्मा के नेतृत्व में हुलिए के आधार पर बच्चे की तलाशी को टीमें लगाई। 12 घंटे में गुमशुदा बच्ची (मंदबुद्धि) को ग्राम जमुनही से सकुशल बरामद किया गया। बरामद बच्ची को सीडब्लूसी के समक्ष प्रस्तुत कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# छात्रों की कम उपस्थिति पर डीएम ने जताई नाराजगी

संवाददाता, श्रावस्ती

**अमृत विचार :** जनपद के विकास खंड गिलौला अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय हुसैनपुर खुरूहरी का बुधवार को जिलाधिकारी कृतिका शर्मा आकस्मिक ने निरीक्षण कर जायजा लिया। जिलाधिकारी ने विद्यालय में अध्यापकों की उपस्थिति व नामांकन के सापेक्ष छात्र-छात्राओं की उपस्थिति की जांच की। उपस्थिति कम मिलने पर नाराजगी व्यक्त की। प्रधानाध्यापक को निर्देश दिया कि पंजीकृत छात्र-छात्राओं की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराएं।




विद्यालय का निरीक्षण करतीं जिलाधिकारी। अमृत विचार

जिलाधिकारी ने छात्र-छात्राओं को दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता की भी जांच की। विद्यालय में मीनू के अनुसार मध्यान्ह भोजन में तहरी बनी थी, जिसमें सोयाबीन न पाये जाने पर प्रधानाध्यापक को फटकार लगाते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने विद्यालय परिसर में किचन, पेयजल, साफ-सफाई, शौचालय आदि व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण कर जायजा लिया और सभी व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरूस्त करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि अध्यापन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं की जायेगी। इसलिए सभी गुरूजनों का कर्तव्य है कि वे अपने दायित्वों को बाखूबी निभावें और नौनिहालों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से शिक्षित कर उनके भाग्य हो संवारे और अभिभावकों के विश्वास पर खरे उतरें। साथ ही जिलाधिकारी ने समस्त अभिभावकों से अपील किया है कि अपने बच्चों को विद्यालय प्रतिदिन भेजे, ताकि उनका भविष्य उज्ज्वल बन सके। उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार बच्चों के अभिभावकों की भूमिका निभा कर उन्हे निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें, निःशुल्क जूते-मोजे, स्कूल बैग व मध्यान्ह भोजन मुहैया करा रही है।


## वर्ग पहेली-336

**बाएं से दाएं**

1. 1. टांकने की क्रिया 2. टांकने की मज़दूरी या पारिश्रमिक।
3. 1. घास-फूस या टीन से बनाया हुआ छोटा घर 2. छोटी-सी कुटी या झोपड़ी।
4. 1. किसी को पास आने के लिए आवाज़ देना, पुकारना 2. किसी को बोलने में प्रवृत्त करना 3. किसी से कुछ कहना या कहलाना।
6. स्त्रियों को दी जाने वाली एक प्रकार की गाली।
8. 1. अंधेरी, अंधकार भरी 2. शिकारी जंतुओं अथवा घोड़ों की आंख पर बांधने की पट्टी।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. तेज़ी से आगे बढ़ना, जल्दी-जल्दी चलना 2. झपटना।
3. टाल-मटोल, ना-नुकर करना; कार्य को आगे के लिए स्थगित करते जाना, खिसकाते जाना।
5. केलास संबंधी, सफ़ेद एवं पारदर्शक क्रिस्टल वाला।
7. गहनों पर नगीने जड़ने का काम करने वाला, जड़िया।



### वर्ग पहेली - 335 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 मँ | | | | 2 ढि |
| 3 ष | ड | रि | 4 पु | | ला |
| | वा | | रो | | ना |
| | | 5 सं | हि | ति | |
| 6 ट | ढ़ी | भू | त | | 7 श |
| | | त | | | फ़ी |
| 8 शि | फा | | 9 त | पा | क |

### सुडोकू-53

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | | 7 | | 3 | | |
| 8 | | | 2 | | | | 7 | 4 |
| | | 7 | | 1 | | 6 | | |
| 6 | | | | | | | | 9 |
| | 7 | 2 | | | | 8 | | |
| | | | | 6 | | | | 1 |
| | | 3 | | 2 | | 5 | | |
| 9 | 4 | | | | 7 | | | 2 |
| | | 6 | | 9 | | | 8 | |

### सुडोकू - 52 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 5 | 3 | 8 | 4 | 1 | 6 | 9 | 7 |
| 6 | 4 | 8 | 2 | 9 | 7 | 3 | 5 | 1 |
| 1 | 7 | 9 | 3 | 6 | 5 | 4 | 8 | 2 |
| 8 | 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 1 | 3 | 9 |
| 9 | 3 | 4 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 5 |
| 5 | 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 2 | 4 | 6 |
| 4 | 8 | 2 | 1 | 7 | 9 | 5 | 6 | 3 |
| 7 | 6 | 1 | 5 | 3 | 8 | 9 | 2 | 4 |
| 3 | 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 1 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 8 फरवरी, गुरुवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 11.17 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-शिशिर। चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुम्भ, मीन। ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-उत्तराषाढ़ा 9 फरवरी 02.14 तक तत्पश्चात श्रवण।

**मेष:** आज वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। आप लोगों के बीच में आदरणीय रहेंगे। शाम को शरीर में थकान और सुस्ती महसूस हो सकती है। अपने आहार को पौष्टिक रखें और स्वास्थ्य का ध्यान दें। मेहनत के साथ ही आराम को भी महत्व दें।

**वृष:** आज विदेश में रह रहे परिजनों से कुछ अच्छी सूचना मिल सकती है। अपना लक्ष्य पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। गुरुजनों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। बच्चों की उन्नति से उत्साहित रहेंगे। जीवनसाथी के साथ आप कहीं घूमने जा सकते हैं।

**मिथुन:** आज लोग आपसे धन उधार तो लेना चाहेंगे पर उसे लौटाने की मंशा नहीं रखेंगे। समय से काम पूरा न होने के कारण क्रोधित हो सकते हैं। सभी जिम्मेदारियों को अपने ऊपर लादने से बचें। आज आप मेहनत करते रहें, परिणाम जल्द ही आपको प्राप्त होगा।

**कर्क:** आज आपकी देखभाल और नरम रवैये से जीवनसाथी आपके प्रति समर्पित रहेगा। कारोबार में निवेश बढ़ा सकते हैं। कार्यक्षेत्र में अतिरिक्त मेहनत के बाद सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। व्यवसाय के उद्देश्य से की गयी यात्रा सफल रहेगी।

**सिंह:** आज नई नौकरी ढूंढ रहे हैं, तो आज का दिन अनुकूल है। कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे। जॉब में प्रमोशन मिलने की प्रबल सम्भावना है। प्रतियोगी परीक्षा में आशानुकूल सफलता मिल सकती है। विरोधी शान्त रहेंगे।

**कन्या:** आज सिनेमा और वेबसीरीज आदि में आप काफी रुचि लेंगे। विद्यार्थी एकाग्रचित्त होकर अपनी पढ़ाई पर ध्यान देंगे। आज आप मित्रों से ज्यादा अपेक्षा न करें। संक्रमण से जुड़ी बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं।

**तुला:** आज सम्पत्ति के मामलों में गतिरोध आ सकता है। शाम के समय किसी निकटस्थ व्यक्ति से झगड़ा हो सकता है। कोई पुरानी बात निकल कर सामने आ सकती है। यदि तनाव में हैं, तो अपने जीवनसाथी से अपने मन की बात कहें।

**वृश्चिक:** आज आप अपने प्रोफेशनल और दांपत्य जीवन दोनों में संतुलन रख पायेंगे। बड़े निर्णय लेने के लिए दिन उचित नहीं है। आपके काम की बाधाएं दूर होंगी। रिसर्च क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन उपलब्धि भरा रहेगा। आमदनी के नए स्रोत प्राप्त होंगे।

**धनु:** आज आपको खरीदारी में अतिरिक्त पैसे खर्च करने पड़ सकते हैं। जीवनसाथी का मूड भी खराब हो सकता है। प्रेम प्रसंग को लेकर जल्दबाज़ी न करें। लोग आपकी बातों का गलत मतलब न निकाल लें, इसका ध्यान रखें। माता की सेहत का ध्यान रखें।

**मकर:** आज बच्चे माता-पिता के प्रति आज्ञाकारी रहेंगे। बुजुर्ग लोगों के सुझाव को अवश्य मानें। उच्च प्रतिष्ठित लोगों से आपके संपर्क मजबूत होंगे। यदि आप परिस्थितियों का सही उपयोग कर पाते हैं, तो दिन आपके लिए काफी अनुकूल रहेगा।

**कुंभ:** आज तनाव को अपने ऊपर हावी न होने दें। लवमेट्स को रिश्ते में गम्भीरता लाने की आवश्यकता है। महत्वपूर्ण कार्यों को फिलहाल दो दिनों के लिए टाल देना उचित होगा। विवादित विषयों को शुरू करने से बचें। रात में यात्रा करने से बचें।

**मीन:** आज समाजसेवा में आप काफी रुचि लेंगे। पार्टी व पिकनिक के लिए जा सकते हैं। वैवाहिक संबंधों में थोड़ी अनबन के बाद सब कुछ सामान्य हो जायेगा। मैनेजमेन्ट संबंधी कार्यों के लिए दिन विशेष है। कारोबार में योजनाएं बदलनी पड़ सकती है।

## आज की फिल्में

B4U Movies
- पृथ्वी — सुबह : 09.00
- गद्दार — रात : 09.00

Sony Max
- मलंग — सुबह : 10.44
- पीकू — रात : 07.00

Utsav Gold
- वीरता द पॉवर — दोपहर : 12.15
- कलंक — रात : 06.45

Zee Cinema
- हीरो — सुबह : 07.10
- दिवार — रात : 07.00

Colors Cineplex
- कभी खुशी कभी गम — सुबह : 08.24
- राजा हिन्दुस्तानी — शाम : 06.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर रात-07.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी- तुमने मेरे साथ धोखा किया है?
पति- क्यों जानेमन क्या हुआ?
पत्नी- तुमने बताया ही नहीं कि तुम्हारी रानी नाम की पहले से एक पत्नी है।
पति- ससुर जी को बताया तो था कि तुझे बिल्कुल रानी की तरह रखूंगा।

पप्पू गुस्से में बैंक से बाहर निकलते हुए बड़बड़ा रहा था...
दूध वाले हड़ताल करते हैं, तो दूध सड़क पर फेंक देते हैं...!
टमाटर वाले हड़ताल करते हैं, तो टमाटर सड़क पर फेंक देते हैं...!
न जाने बैंक वालों को कब अक्ल आएगी...!

# नाली का पानी ओवरफ्लो हो सड़क पर भरा, व्यापार ठप

लापरवाही

▸▸ सिर्फ निरीक्षण और प्रस्ताव में ही सिमट कर रह गई जल निकासी की योजना

जरवलरोड, बहराइच



जरवल रोड बाजार में हुआ जलभराव। फोटो : अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिले के जरवल रोड बाजार के गल्ला मंडी रोड पर घरेलू गंदा पानी नाली से ओवरफ्लो होकर रोड पर भर गया है। इससे दुकानदारो का व्यवसाय प्रभावित हो रहा है। व्यापारियों का कहना है कि सिर्फ अधिकारी आश्वासन देकर चले जाते हैं।

विकासखंड जरवल के ग्राम पंचायत बंभौरा जरवल रोड बाजार का घरेलू दुषित गंदा पानी सड़क पर भरा होने से ग्राहक दुकानों पर नहीं जाते हैं जिससे दुकानदार की दुकानें बंद है तो कुछ लोग दुकान खोलकर खाली बैठे रहते हैं। एक साल से इस समस्या को कई बार जनप्रतिनिधि व खंड विकास अधिकारी जरवल से लेकर उप जिला अधिकारी कैसरगंज से लिखित पत्र भी बाजार वासियों ने सौंपकर मांग की थी। नाला निर्माण के संबंध में ब्लॉक प्रमुख जरवल विपेंद्र सिंह ने जिलाधिकारी बहराइच को लिखित पत्र देकर विकासखंड जरवल के ग्राम पंचायत बंभौरा के जरवल रोड बाजार में घरेलू दुषित गंदे पानी की निकासी की समस्या से अवगत कराया था। ब्लॉक प्रमुख ने गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी को पत्र सौंपा था। जिलाधिकारी के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारीआर रम्या को स्थलीय सत्यापन के लिए आई थी। आर राम्या ने तथा जनप्रतिनिधि ने चीनी मिल मोड़ पर पहले पुलिया निर्माण के साथ नाला निर्माण कराए जाने की जरूरत बताई थी। जब तक जरवल रोड-गोंडा मार्ग चीनी मिल मोड़ के पास पुलिया का निर्माण नहीं होगा, पानी निकासी की व्यवस्था दुरुस्त नहीं हो पाएगी। चीनी मिल मोड़ के निकट बाजार का दूषित पानी निकालने के लिए पुलिया निर्माण की आवश्यकता है। जनप्रतिनिधि से लेकर शासन-प्रशासन तक इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है।

**जल्द होगी सफाई**

ग्राम पंचायत बंभौरा जरवल रोड के गलामंडी में आधा से एक फीट तक पानी भरा है। पूजन-अर्चन के लिए मंदिर में जाने वाले भक्त व मस्जिद में नमाज पढ़ने वाले लोग पहुंच नहीं पाते हैं। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मनोज राव ने बताया कि गल्ला मंडी में जलभराव हो गया है। पुरानी नाली व नाले की सफाई शीघ्र करा दी जाएगी जिससे कुछ राहत मिल जाएगी, जब तक नाला निर्माण नहीं होगा, समस्या बनी ही रहेगी।

# उत्तराखंड में असिस्टेंट प्रोफेसर बने अनूप शुक्ला

**बहराइच, अमृत विचार:** 'उठो, जागो और तब तक मत रुको, जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए।' स्वामी विवेकानंद की इन पंक्तियों को आत्मसात कर अनूप शुक्ला ने पढ़ाई जारी रखी जिसका परिणाम है कि 10 दिन पहले नेट परीक्षा पास कर असिस्टेंट प्रोफेसर बने। अब उत्तराखंड राज्य असिस्टेंट प्रोफेसर पात्रता परीक्षा में अनारक्षित श्रेणी में भी 66.67 फीसदी अंकों के साथ उत्तीर्ण कर सफलता हासिल की है।



अनूप शुक्ला

मूलरूप से गोंडा जिले के खेमपुर नसीरपुर के रहने वाले प्रमोद एक राष्ट्रीय अखबार में जिला प्रभारी हैं। उनके पुत्र अनूप शुक्ला प्रारंभ से ही मेधावी रहे हैं। वह इस समय शहर के मोहल्ला सूफीपुरा में रहते हैं। उत्तराखंड प्रांत के कुमाऊ विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित राज्य पात्रता परीक्षा यूसेट में अनूप ने राजनीति शास्त्र विषय की अनारक्षित श्रेणी में 66.67 फीसदी अंक हासिल किए हैं। इससे पहले जनवरी में वे नेट क्वालीफाई भी कर चुके हैं। अनूप वर्तमान में पं. अशोक मिश्र महाविद्यालय खुटेहना से बीएड कर रहे हैं।

## एक नजर

### देहात कोतवाल हुए लाइन हाजिर

**बहराइच, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक ने देहात कोतवाल को लाइन हाजिर कर दिया है। उनके स्थान पर रूपईडीहा के अपराध निरीक्षक देहात कोतवाल बनाए गए हैं। देहात कोतवाल ब्रह्मा गौड़ को बुधवार को पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने लाइन हाजिर कर दिया है। रूपईडीहा थाने में तैनात अपराध निरीक्षक बिजेंद्र कुमार मिश्रा को कोतवाल बनाया गया है। सूत्रों के मुताबिक, दो विधायकों के मामले में देहात कोतवाल को हटना पड़ा है।

### छेड़खानी में अधेड़ को पुलिस ने भेजा जेल

**जरवलरोड, बहराइच, अमृत विचार :** जरवलरोड थाना अंतर्गत एक गांव निवासी नाबालिक बालिका कुछ दिन पूर्व रिश्तेदारी में गई थी जहां अधेड़ ने बालिका को अकेला पाकर अश्लील हरकत की। बालिका के शोर मचाने पर अधेड़ उसे छोड़ कर भाग गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। प्रभारी निरीक्षक बृजराज प्रसाद ने बताया कि मामले में ग्राम सभा मुस्तफाबाद कोइली पुरवा निवासी रूप चंद उर्फ दिलवाले पुत्र अशर्फी लाल घटना फरार चल रहा था जिसे गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में वृद्ध की मौत

**बहराइच, अमृत विचार :** कोतवाली नानपारा अंतर्गत मोहल्ला हसनगंज निवासी असलम (70) पुत्र झब्बर की बुधवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिवार के लोगों ने संदिग्ध मौत की आशंका जताते हुए पुलिस को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक मिथिलेश कुमार राय ने बताया कि परिवार की सूचना पर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

# बीसी सखी की डिवाइस बंद होने से नहीं हो रहा लेनदेन, कामकाज ठप

## बैंकों में तैनात बीसी सखियों की व्यथा पर एनआरएलएम उपायुक्त ने निदेशक को लिखा पत्र

बहराइच कार्यालय



एनआरएलएम के उपायुक्त को ज्ञापन देतीं बीसी साखियां। फोटो : अमृत विचार

**अमृत विचार:** जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में करीब 4 हजार से अधिक बीसी सखियों की तैनाती है। इन सभी को बैंक में लेनदेन करने के लिए डिवाइस दी गई है लेकिन इनकी डिवाइस नहीं चल रही है जिसे लेनदेन नहीं हो पा रहा और काम प्रभावित है। बुधवार को एनआरएलएम उपायुक्त ने इस संबंध में शासन को पत्र लिखा।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए गांवों में संचालित बैंकों में बीसी सखी के पद पर तैनात किया गया है। ये महिलाएं नजदीकी बैंकों में लेनदेन का कार्य करती हैं। इन्हें संस्था की ओर से डिवाइस उपलब्ध कराई गई है। इन डिवाइस के द्वारा ही ये लेनदेन करती हैं लेकिन 6 माह से डिवाइस काम नहीं कर रही हैं जिसके चलते लेनदेन ठप है। एनआरएलएम की विशिष्ट कॉरेस्पोंडेंस महिला रोजगार पाने के बाद भी बेरोजगार बनी हुई हैं। इसे लेकर सभी ने बुधवार को कलेक्ट्रेट में नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इसके बाद एनआरएलएम के उपायुक्त कद गोस्वामी को शिकायती पत्र सौंप कर समस्याओं का निदान कराए जाने की मांग की। इस दौरान संघ की जिलाध्यक्ष शालिनी मिश्रा, जिला सचिव शहनाज बेगम, जिला उपाध्यक्ष ममता शुक्ला, जिला मंत्री बीना मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष कंचन कुमारी, जिला उपाध्यक्ष पूजा गौतम, जिला उपाध्यक्ष पूनम तिवारी, मंडल अध्यक्ष पूजा पाठक समेत सभी बीसी सखी मौजूद रहीं। इस मामले में उपायुक्त केडी गोस्वामी ने बताया कि निदेशक को पत्र भेजा गया है, जल्द ही इस समस्या का समाधान किया जाएगा।

**सपोर्ट फंड करें माफ**

बीसी सखियों ने उपायुक्त केडी गोस्वामी को पत्र देकर कहा है कि सरकार की ओर से 75,000 सपोर्ट फंड दिया गया था। उसे पूरी तरह से माफ किया जाए क्योंकि बीसी सखियां आमदनी न होने के चलते इसके कर्ज की भरपाई नहीं कर सकेंगी।

# 15 केंद्रों पर होगी आरओ-एआरओ परीक्षा

संवाददाता, बहराइच



जानकारी देती डीएम मोनिका रानी।

▸▸ 11 फरवरी को 2 पालियों में होगी परीक्षा, 6 हजार से अधिक अभ्यर्थी होंगे शामिल

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित समीक्षा एवं सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा-2023 को सकुशल संपन्न कराने के लिए जनपद में 15 विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा को नकलविहीन व सुव्यवस्थित ढंग से कराने के लिए परीक्षा केंद्रों को 5 जोन में विभाजित कर प्रत्येक के लिए एसडीएम को सेक्टर मजिस्ट्रेट व तहसीलदार, नायब तहसीलदार और बीईओ स्तर के अधिकारियों को स्टैटिक मजिस्ट्रेट नामित किया गया है। परीक्षा केकंद्रों के रूप में चिन्हित शिक्षण संस्थाओ के प्रिसिपल्स को केंद्र व्यवस्थापक बनाया गया है। उनके सहयोग के लिए सह केंद्र व्यवस्थापक भी नामित किए गए हैं।

जिले में 11 फरवरी को दो पालियों (प्रथम पाली में प्रातः 9:30 से पूर्वान्ह 11:30 बजे और द्वितीय पाली में अपरान्ह 2:30 से 3:30 बजे तक) होने वाली परीक्षा में कुल 6497 अभ्यर्थी प्रतिभाग करेंगे। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि सेक्टर 1 अन्तर्गत स्थापित किये गए परीक्षा केंद्रों के लिए उप जिलाधिकारी सदर प्रिंस वर्मा को सेक्टर मजिस्ट्रेट व नायब तहसीलदार सुरेंद्र प्रसाद, बीईओ अनुराग मिश्र, नायब तहसीलदार सौरभ सिंह व बीईओ महेन्द्र यादव को स्टैटिक मजिस्ट्रेट नामित किया गया है। सेक्टर 2 के लिए स्थापित परीक्षा कंद्रों पर उप जिलाधिकारी पयागपुर दिनेश कुमार को सेक्टर मजिस्ट्रेट व नायब तहसीलदार सचिन कुमार श्रीवास्तव, संग्राम सिंह व महबूब अंसारी को स्टैटिक मजिस्ट्रेट नामित किया गया है। डीएम ने बताया कि इसी तरह शेष 4 जोन के लिए भी तैनाती की गई है। ये सभी नामित अधिकारी नकलविहीन परीक्षा संपन्न कराने में सहयोग देंगे।

## एटीएम बदलकर 51 हजार निकाले

**विशेश्वरगंज, बहराइच, अमृत विचार :** मुंडेरवा ठकुराइन गांव निवासी एक ग्रामीण का एटीएम बदलकर 51 हजार रुपये जालसाजों ने निकाल लिए। इसकी जानकारी होने पर पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। पयागपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मुंडेरवा ठकुराइन गांव निवासी घनश्याम ने बताया कि 2 फरवरी को उनका बेटा एटीएम लेकर बस स्टॉप विशेश्वरगंज पैसा निकालने गया था। 4 हजार रुपये निकालने के दौरान वहां पहले से मौजूद दो लोगों ने एटीएम बदल लिया। इसके बाद 51 हजार रुपये एटीएम लगाकर खाते से निकाल लिए। जब मोबाइल पर मैसेज आया तो उन्हें जालसाजी का पता चला। इस पर पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर केस दर्ज किए जाने की मांग की है। इस मामले में थानाध्यक्ष सूरज कुमार राणा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि जांच के बाद केस दर्ज किया जाएगा।

## शक्ति कलश रथ ने किया भ्रमण

**जरवलरोड, बहराइच, अमृत विचार:** गायत्री परिवार द्वारा आयोजित 21 कुंडीय राष्ट्र जागरण महायज्ञ एवं पावन प्रज्ञा पुराण कथा के लिए शांतिकुंज हरिद्वार से आए शक्ति कलश ने क्षेत्र में भ्रमण कर लोगों को आमंत्रित किया। गायत्री परिवार केंद्र, शांति कुंज हरिद्वार से अनुप्राणित शक्ति कलश रथ के जरवल रोड स्थित गायत्री मंदिर पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। गायत्री परिवार ट्रस्ट, जरवलरोड के प्रबंधक ओम प्रकाश अवस्थी ने सपत्नीक उपस्थित प्रधान मनोज राव व अन्य परिजनों द्वारा आरती उतार कर पूजन किया। रथ कलश के साथ चल रहे टोली नायक व वाराणसी जोन के प्रभारी मान सिंह वर्मा ने बताया कि 14 से 18 मार्च तक विराट 51कुण्डीय राष्ट्र जागरण गायत्री महायज्ञ व पावन प्रज्ञा पुराण कथा माता भगवती कुंज आश्रम परसेंडी कैसरगंज में आयोजित की गई है। कलश रथ जरवल क्षेत्र में भ्रमणशील है। इस अवसर पर ट्रस्टी ओम प्रकाश गुप्ता, शिव प्रसाद सिंह, दशरथ लाल राव, ज्ञानेंद्र कुमार मौर्या, परिव्रजिका सावित्री तिवारी, अमरनाथ विश्वकर्मा, राम कुमार गुप्ता, संजय गुप्ता, सोनी यज्ञसेनी, गीता अवस्थी व तमाम अन्य परिजन भी उपस्थित रहे।

## आइडियल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में शिक्षक नवल का नाम दर्ज

**पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार:** विकास क्षेत्र अंतर्गत परसिया आलम विद्यालय के शिक्षक का नाम आइडियल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज होने से क्षेत्र के शिक्षकों में खुशी का माहौल है। शिक्षक नवल पाठक नव प्रज्ञा काव्य फाउंडेशन के सुपर संपादक एवं लेखक ग्रुप के सदस्य बनाए गए हैं। उनकी इस उपलब्धि पर शिक्षक दीनानाथ दीक्षित, राकेश यादव,रजनीश शुक्ला,राकेश तिवारी आदि ने हर्ष व्यपक्त किया है।



नवल पाठक।

## सार-संक्षेप

### स्वामी प्रसाद पर हमले को लेकर जताई नाराजगी

**बहराइच, अमृत विचार :** कौशांबी में 4 फरवरी को स्वामी प्रसाद मौर्य पर हुए हमले पर प्रगतिशील विश्व मौर्य परिषद अखंड भारत ने विरोध जताया है। जिला अध्यक्ष आशीष कुमार के नेतृत्व में राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर को सौंपकर कार्रवाई व सुरक्षा देने की मांग की गई। जिलाध्यक्ष ने बताया कि 4 फरवरी को बौद्ध महोत्सव, कौशांबी जाते समय कुछ अराजक तत्वों ने प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री, सपा के वरिष्ठ नेता स्वामी प्रसाद मौर्य पर सरिया व ईंट-पत्थर से जानलेवा हमला किया था। प्रदेश प्रवक्ता अजय कुमार मौर्य ने कहा कि मौर्य परिषद की सरकार से मांग है कि हमला करने वालों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए और स्वामी प्रसाद को तत्काल जेड श्रेणी स्तर की सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए। इस दौरान देवी पाटन मंडल के सोशल मीडिया प्रभारी आदर्श प्रताप मौर्य,जिला महासचिव संजीव कुमार मौर्य,जिला कोषाध्यक्ष पवन कुमार मौर्य,राजू कनौजिया, गौतम राव, सत्यम व सर्वेश कुमार मौर्य आदि मौजूद रहे।



नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते पदाधिकारी। अमृत विचार

### बैक्टीरिया के कारण होता है कुष्ठ रोग: डॉ. अंग्रेज

**उर्रा, बहराइच, अमृत विचार :** एसपीवीपी इंटर कॉलेज सेमरहना में कुष्ठ रोग उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ अंग्रेज बहादुर सिंह ने बताया कि कुष्ठ रोग इलाज से ठीक हो जाता है ।यह एक बैक्टीरिया से होता है ।डाक्टर के सलाह पर नियमित रूप से दवाइंया खाने से रोगी स्वस्थ हो जाता है। अगर शरीर में सफेद या लाल,पीला चकत्ता दिखाई दे शरीर का कोई हिस्सा सुन्न पड़े, झुनझुनाहट हो तो वह कुष्ठ रोग हो सकता है ।इसका इलाज मुफ्त में होता है ।कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य दुर्गेश कुमार ने जिलाधिकारी का संदेश पढ़कर सभी छात्रों को सुनाया ।तथा कहा कि सभी लोग अपने आसपास लोगों को इसके बारे में बताए एवं जागरूक कर देश से कुष्ठ रोग के उन्मूलन में सरकार का सहयोग करें। जिससे यह हमारे देश से समाप्त हो सके ।कार्यक्रम में स्वास्थ्य अधिकारी रामचरित्र वर्मा,शिक्षक लोकेश कुमार, निरंकार वर्मा, विपिन कुमार, बृजलाल, विशाल मद्देशिया, सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

### 170 बेरोजगारों को मिला रोजगार तो खिल उठे चेहरे



प्रमाण-पत्रों के साथ रोजगार पाने वाले अभ्यर्थी। अमृत विचार

**जरवल, बहराइच, अमृत विचार :** राजकीय आईटीआई, उत्तरप्रदेश कौशल विकास मिशन एवं जिला सेवायोजन कार्यालय, बहराइच के संयुक्त तत्वावधान में पं. दीन दयाल उपाध्याय कौशल्य ग्रामीण योजना के तहत विकास खंड जरवल में बुधवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में निजी क्षेत्र की 11 कंपनियों ने प्रतिभाग कर प्रतिभागी 250 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार करते हुए 170 बेरोजगार अभ्यार्थियों का चयन किया। रोजगार मेले को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी सत्य प्रकाश पांडेय ने अभ्यर्थियों से आह्वान किया कि ऐसे रोजगार के अवसरों का भरपूर उठाएं। जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार ने सेवायोजन पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। राजकीय आईटीआई के कार्यदेशक रामतेज ने आईटीआई व कौशल विकास मिशन अंतर्गत प्रशिक्षित युवक-युवतियों से अह्वान किया कि ऐसे आयोजनों का भरपूर लाभ उठाएं। इस दौरान मेला प्रभारी रामतेज, एमआईएस प्रबंधक रवि शंकर पाठक व भानु प्रताप, पीयूष तिवारी, प्रवीण कुमार, मोहम्मद अजमल, उपेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे। अंत में जिला सेवायोजन अधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी ने नियुक्ति-पत्र वितरित किए।

### 9 को अंतिम बार मीटर गेज पर दौड़ेगी ट्रेन

**बहराइच, अमृत विचार :** बहराइच-नेपालगंज रोड रेल मार्ग के अमान परिवर्तन के कारण 9 फरवरी को अंतिम बार मीटर गेज पर ट्रेन जाएगी। इसकी अधिसूचना रेलवे की ओर से जारी की गई है। बहराइच से नेपालगंज रेल प्रखंड अभी मीटर गेज में है। इसका अमान परिवर्तन कार्य 10 फरवरी से शुरू होगा। इसके लिए इस प्रखंड से चलने वाली ट्रेनों का संचालन 9 फरवरी से बंद हो जाएगा। पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि 9 फरवरी को गाड़ी संख्या 05359 बहराइच से नेपालगंज के लिए जाएगी। इसके बाद इस प्रखंड पर ट्रेन का संचालन कार्य पूरा होने तक बंद रहेगा। नानपारा जंक्शन से मैलानी के लिए ट्रेनों का संचालन 10 फरवरी से किया जाएगा।

# पढाई को बच्चों को भेजें सरकारी स्कूल

जरवल रोड, बहराइच



नुक्कड़ नाटक के द्वारा बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करते कलाकार।

**अमृत विचार :** जन समुदाय को शिक्षा व उसके महत्व समझाने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने को स्पेशल प्रोजेक्ट फॉर ईक्टिविटी के तहत विकास क्षेत्र जरवल की ग्राम पंचायत तप्पेसिपाह के पंचायत भवन व जरवल रोड बाजार के समीप नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया।

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा पंजीकृत टीम ने नाटकों की संगीतमय प्रस्तुतियों से जनमानस में सरकारी स्कूलों में बच्चों को रोजाना भेजने, डीबीटी से प्राप्त धनराशि से बच्चों को यूनिफॉर्म, जूता-मोजा, बैग आदि सुविधाएं दिलाने के लिए प्रेरित किया। टीम के सदस्यों ने स्थानीय बोली में नुक्कड़ नाटक से लोगों के दिलों में बालिका शिक्षा विषय पर बेटियों के प्रति संवेदना उत्पन्न करने के साथ-साथ उनकी मासिक शैक्षिक प्रगति के बारे में शिक्षक से चर्चा करने की अपील की। कार्यक्रम में बीईओ जरवल संतोष सिंह भी मौजूद रहे। उन्होंने वहां उपस्थित ग्रामीणों से कहा कि जिस दिन प्रत्येक गांववासी शिक्षा के महत्व को समझकर जागरूक हो जाएगा, उस दिन शिक्षकों को घर-घर जाकर बच्चों को स्कूल पढ़ने के लिए नहीं बुलाना पड़ेगा। इस दौरान नोडल प्रभारी एआरपी कल्पना मिश्रा, मो. अहमद, रियाज अहमद, अब्दुल मोमिन सहित भारी संख्या में बच्चे व अभिभावक उपस्थित रहे।

## वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुति



परिषदीय विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शामिल छात्र। अमृत विचार

**पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार :** उच्च प्राथमिक गंगापुर व पूर्व माध्यमिक विद्यालय, पयागपुर में वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया गया। बच्चों के मनमोहक कार्यक्रम देख लोग मंत्रमुग्ध हो गए। मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र नाथ द्विवेदी ने कार्यक्रम की शुरुआत की। विद्यालय की छात्रा मधु,मीनाक्षी,शालिनी ने सरस्वती वंदना और दिव्या, प्रतिमा ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर बच्चों ने कवि सम्मेलन, लोकगीत,शिक्षाप्रद नाटक सहित कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए। खंड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र नाथ द्विवेदी ने वार्षिकोत्सव के महत्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के शैक्षिक परिवेश में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसे कार्यक्रमों की नितांत आवश्यकता है। कार्यक्रम को एआरपी पवन कुमार शुक्ल व दिलीप कुमार तिवारी ने भी संबोधित किया। विद्यालय की प्रधान शिक्षिका पूर्णिमा देवी ने अतिथि को सम्मानित किया। इस दौरान नोडल शिक्षक संकुल गोपाल जी शुक्ल, सत्येंद्र कुमार,रंजना गुप्ता, रजनी, कंचन आदि रहीं।

तैयारी

गेंदघर मैदान में 8 फरवरी को लगेगा स्वास्थ्य मेला, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य करेंगे उद्घाटन

# शिविर में मेडिकल कॉलेज के 40 डॉक्टर करेंगे मरीजों का इलाज

संवाददाता, बहराइच



उप मुख्यमंत्री के दौरे और स्वस्थ शरीर को लेकर प्रेस वार्ता करते पदाधिकारी। फोटो : अमृत विचार

**अमृत विचार :** नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन के तत्वावधान में गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा की ओर से 8 फरवरी से जिले में विशाल स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जाएगा इसको लेकर बुधवार को सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में तैयारी बैठक एवं प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया चतुर्थ कार्यक्रम की अध्यक्षता नेशनल मेडिकल ऑर्गेनाइजेशन बहराइच अवध प्रांत की जिला अध्यक्ष डॉक्टर सारिका साहू तथा संचालन सचिव विकास मिश्रा ने किया शहर के गेंद घर मैदान में लगने वाले स्वास्थ्य में मेगा कैंप का 11 फरवरी को डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य उद्घाटन करेंगे सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी जाएगी।



अध्यक्ष ने बताया कि भारत-नेपाल सीमा पर स्थित थारू जनजाति बाहुल्य गांव के ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए 8 फरवरी से विशाल स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जा रहा है इसी क्रम में मिहींपुरवा ब्लॉक क्षेत्र के बर्दिया फकीर पुरी आंबा, सलारपुर, भगड़िया, पर्गहवा, जोगनिया, पड़रिया, करमोहना ,सोहनी बलाई गांव कठौतिया गांव में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा नवाबगंज बाबागंज ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत रंजीत बोझा मिहींपुरवा केवलपुर सहजन जैतापुर , विशुनापुर, निधिनगर पोखरा ,खैरहनियां व 10 फरवरी को इटहवा, जमदान होलिया ,मजगवां ,छोटियागांव, गुलहरिया, गंगापुर चरदा, रामनगर गुलहरिया ग्राम में विशाल चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त शहर के गेंद घर मैदान में दिनांक 11 फरवरी को विशाल चिकित्सा शिविर लगाया जाएगा चतुर्थ श्री गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा के समन्वयक धर्मेन्द्र व मेगा शिविर के समन्वयक रमेश कुमार ने बताया कि चिकित्सा शिविर में कैंप में मेडिकल कॉलेज लोहिया संस्थान महाराजा सुहेलदेव चिकित्सा महाविद्यालय बहराइच सहित 40 मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञ डॉक्टर पहुंच रहे हैं। यह डॉक्टर कैंप में आने वाले मरीज की निःशुल्क जांच कर दवाएं देंगे। प्रेस वार्ता में प्रचार विभाग के अतुल, विपिन, गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा के सहसंयोजक सेवा भारती के अभिषेक,नेशनल मेडिकल ऑर्गेनाइजेशन के सदस्य डॉ. प्रभात मिश्रा, डॉ.रामेंद्र त्रिपाठी, डॉ.अमिताभ, डॉ. दिव्येश बरनवाल, डॉ.बृजेश शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

श्व : कार्यमद्य कुर्वीत पूर्वान्हे चापरान्हिकम्।
न हि प्रतीक्षते मृत्यु : कृतमस्य न वा कृतम्।।

जिस काम को कल करना है उसे आज और जो काम शाम के समय करना हो तो उसे सुबह के समय ही पूर्ण कर लेना चाहिए। क्योंकि मृत्यु कभी यह नहीं देखती कि इसका काम अभी भी बाकी है।


## संपादकीय

# भारतीय छात्रों पर हमले

अमेरिका में भारतीय छात्रों पर हमले लगातार जारी हैं। हमले की ये घटनाएं परेशान करने वाली हैं। अमेरिका के पड्र्यू विश्वविद्यालय में डॉक्टरेट की पढ़ाई कर रहे एक भारतीय छात्र का शव मिला जबकि शिकागो में सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) की पढ़ाई कर रहे एक और भारतीय छात्र के साथ बेरहमी से मार-पीट की गई। रविवार से भारतीय छात्रों पर हमले की एक के बाद एक घटनाएं सामने आई हैं और अकेले 2024 में ही ऐसी छह घटना दर्ज की गई हैं। सवाल उठता है कि भारतीय छात्रों के साथ अमेरिका में बार-बार ऐसी घटनाएं क्यों हो रही हैं। क्या यह हमले केवल लूटपाट के इरादे से हो रहे हैं। क्या यह आपराधिक घटनाएं हैं। ध्यान रहे अमेरिका में रह रहे भारतीयों को अक्सर नस्लीय भेदभाव का शिकार होना पड़ा है। विदेश में पढ़ रहे भारतीय छात्रों पर हमले का मुद्दा पिछले कुछ समय से चर्चा में है।

शुक्रवार को विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने लोकसभा में जानकारी दी थी कि मंत्रालय के पास मौजूद आंकड़ों के हिसाब से विदेश में पढ़ रहे 403 छात्रों की मौत 2018 से अब तक हुई है। इनमें सबसे ज्यादा 91 मौत कनाडा में हुई हैं। जबकि ब्रिटेन 48, रूस में 40, अमेरिका में 36, ऑस्ट्रेलिया में 35, यूक्रेन में 21 और जर्मनी में 20 भारतीय छात्रों की मौत हुई है। गौरतलब है कि पढ़ाई के लिए अमेरिका भारतीय छात्रों की पहली पसंद है। संयुक्त राज्य अमेरिका में पढ़ने वाले दस लाख से अधिक अंतर्राष्ट्रीय छात्रों में से एक चौथाई से अधिक भारतीय छात्र हैं। ओपन डोर्स रिपोर्ट (ओडीआर) के आंकड़ों के मुताबिक भारत में ऐसे लोगों की संख्या सबसे अधिक है, जिन्होंने वैकल्पिक व्यावहारिक प्रशिक्षण (ओपीटी) लिया है। अमेरिका में हुई ताजा घटनाओं ने संयुक्त राज्य अमेरिका में रहने वाले तीन लाख से अधिक भारतीय मूल के छात्रों को चिंतित किया है। हालांकि विदेश मंत्री ने आश्वासन दिया कि विदेश में पढ़ रहे छात्रों की सुविधा और सुरक्षा सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल है। शिकागो में भारतीय छात्र पर हमले के बाद तेलंगाना सरकार ने अमेरिका में एक हेल्प डेस्क के गठन का फैसला किया है। छात्रों को मानसिक तनाव झेलना पड़ रहा है। विशेषज्ञों ने अंतर्राष्ट्रीय छात्रों की मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं को दूर करने के लिए जागरूकता और सहायता प्रणालियों में वृद्धि पर जोर दिया है। ऐसे में विदेश मंत्रालय को भारतीय छात्रों को अमेरिका में सुरक्षित रखने के लिए एक सलाह जारी करने की जरूरत है।

# हमारा मौजूदा संसदीय जनतंत्र: समस्या और समाधान



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

भारत की संसद के बारे में एक राय होना असंभव है, किंतु अपने विश्वविद्यालयीन शिक्षाकाल से लेकर आज तक के लंबे अंतराल में मैंने अधिकांश समय इसे तत्वत : टॉकिंग शॉप का ही एक प्रतिरूप पाया है। इसकी काट में जो चीज व्यवहार में आई।

हमारी मौजूदा जनतांत्रिक व्यवस्था में संसद सर्वोपरि है, वह संप्रभु है। 'संसदीय संप्रभुता', इसके पीछे अवधारणा यह है कि सभी संसद सदस्य अपने-अपने क्षेत्र की जनता का प्रतिनिधित्व करते हुए, विभिन्न मुद्दों पर मुक्त बहस करने के बाद, व्यक्तिगत रूप से अपना-अपना स्वतंत्र मत व्यक्त करेंगे। इस तरह बहुमत से जो निर्णय होगा वह जनता का निर्णय होगा और वही अंतिम हो जाएगा। न्यायपालिका भी उसको केवल संवैधानिकता/असंवैधानिकता(के आधार पर निरस्त कर सकेगी। निरपेक्ष औचित्य/अनौचित्य (डयू प्रोसेस ऑफ लॉ) के आधार पर नहीं। (वैसे हमारी न्यायपालिका ने धीरे-धीरे डयू प्रोसेस ऑफ लॉ के रकबे में दखल देकर इस अधिकार को भी हथिया लिया है।) किंतु दलीय प्रणाली (जिसकी संविधान में न तो व्यवस्था है, न निषेध) ने सचेतक की संस्था के साथ गठजोड़ कर संसदीय संप्रभुता को शासक दल की संप्रभुता में बदल दिया है। यदि शासक दल में आंतरिक जनतंत्र न हो तो यह संप्रभुता दल के एक कॉकस में या एकछत्र शीर्ष नेतृत्व में केंद्रित हो जाती है और संसद महज चिल्लपों मचाने की दुकान में अवमूल्यित हो जाती है।

भारत की संसद के बारे में एक राय होना असंभव है, किंतु अपने विश्वविद्यालयीन शिक्षाकाल से लेकर आज तक के लंबे अंतराल में मैंने अधिकांश समय इसे तत्वतः टॉकिंग शॉप का ही एक प्रतिरूप पाया है। इसकी काट में जो चीज व्यवहार में आई। वह दरअसल काट नहीं संसद को सड़क पर लाने की जुगत है। ऐतिहासिक दृष्टि से देखें तो इसमें कुछ हाथ हमारे "राष्ट्रपिता" का भी बनता है जिन्होंने उन दिनों की संसदनुमा कौंसिल के बहिष्कार, अंतरात्मा या ईश्वर की आवाज वगैरह के जरिए संसदीय गरिमा को चपड़चूं करने में कोई कसर बाकी नहीं रखी। किसी राष्ट्र में अपने पिता के गुण न आएं तो उसे अवैध संतान ही कहा जाएगा न? तो वैधता-अवैधता का मुद्दा इतना अहम है कि हम किसी भी कीमत पर अपने राष्ट्र को पिता की वैध संतान सिद्ध करने में लगे रहते हैं।

यह जो संसद से सरक कर सड़क तक (स्व. धूमिल जी के "भक्त" माफ करेंगे) आने वाला जनतंत्र है, वह तत्वतः जनतंत्र नहीं, भीड़तंत्र है। साथ ही उसमें अगर टीआरपी-क्षुधित मीडिया भी शामिल हो जाए तो वह देश के किसी भी कोने में हो, देशव्यापी भीड़तंत्र बन जाता है।

भीड़तंत्र का फंडा यह है कि उसमें तथ्य, तर्क और बुद्धि का सर्वथा लोप हो जाता है। नतीजतन वह अपरिहार्य रूप से भेड़तंत्र बन जाता है। आगे वाली भेड़ (नेता) भीड़ को जिधर चाहे ले जा सकती है, खड्डा और कुआं भी अपवाद नहीं हैं। इसके लिए निहित स्वार्थ को बस भावना की चाशनी में डुबोकर मुंह से टपकाते रहने की कला आनी चाहिए।

अकारण नहीं कि अरस्तू ने जनतंत्र को सबसे उत्तम शासन प्रणाली बताने के बाद उसके इस भीड़तंत्री (या भेड़तंत्री) संस्करण को सबसे निकृष्ट शासन प्रणाली भी बता डाला। भ्रष्ट व निरंकुश राजतंत्र और भ्रष्ट व निरंकुश कुलीनतंत्र से भी निकृष्ट। कारण तंत्र के भ्रष्ट होने पर वहां गड़बड़ी पैदा करने वाला एक व्यक्ति (राजा) या कुछ व्यक्ति (सत्तासीन कुलीन लोग) होते हैं, जब कि जनतंत्र के भ्रष्ट होने पर पूरी जनता ही गड़बड़ी पैदा करने के शुभ कार्य में संलग्न हो जाती है। इस भेड़तंत्र से हम आम को इमली और इमली को आम सिद्ध करने का चमत्कार कर सकते हैं। निर्दोष को अपराधी और अपराधी को निर्दोष सिद्ध करना तो बाएं हाथ का खेल है। विकल्प क्या है? है भी या नहीं? एक विकल्प कांग्रेस की ओर से राहुल जी ने निकाला है-देश के आरपार यात्राएं करना। इस विकल्प की उपयोगिता-अनुपयोगिता पर दो राय हो सकती है। किंतु उसका संबंध संसदीय जनतंत्र नामक संस्था के इलाज से कम और इस वर्ष होने वाले संसदीय चुनाव से अधिक लगता है। यदि ऐसा है तो चुनाव परिणाम आते ही उसकी उपयोगिता-अनुपयोगिता का परिणाम भी मालूम हो जाएगा। दुर्भाग्य से राजनीतिशास्त्र कोई फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ्स नहीं है, जहां हर सिद्धांत सूत्रबद्ध किया जा सके। सार्वजनिक क्षेत्र के सारे सिद्धांत अमल के लिए आदमी नाम के प्राणी पर निर्भर करते हैं और आदमी जैसा जटिल, अननुमेय प्राणी इस पृथ्वी पर पाया नहीं जाता। लिहाजा जितना ऊंचा सिद्धांत, धूर्तों की कृपा से व्यवहार में उसकी उतनी ही दुर्गति।

> हर सांसद संसद-सत्र के समय को छोड़कर बाकी समय अपने-अपने क्षेत्र में रहे। वहां भी घर पर या किसी डाक बंगले में दरबार लगाने या आराम फरमाने नहीं, लगातार अपने क्षेत्र का भ्रमण करने। वहां के लोगों का काम करने-कराने। ब्लॉक, तालुका/तहसील और जिला स्तर पर उनकी समस्याओं का निपटारा कराने। सामान्य समस्याओं से दल के शीर्ष नेतृत्व को लगातार अवगत कराने जिससे उन्हें संसद में उठाया जा सके। और विपक्ष? उसके लिए तो जनता के बीच काम करने का यही स्वर्णिम अवसर है। सत्ता की खींचतान से मुक्त सभी विपक्षी दल संसद के कार्यकाल की शुरुआत में ही अगले चुनाव के लिए विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों के अपने-अपने उम्मीदवार तय कर दें।

एक विकल्प मुझे भी थोड़ा-थोड़ा समझ में आता है। हर सांसद संसद-सत्र के समय को छोड़कर बाकी समय अपने-अपने क्षेत्र में रहे। वहां भी घर पर या किसी डाक बंगले में दरबार लगाने या आराम फरमाने नहीं, लगातार अपने क्षेत्र का भ्रमण करने। वहां के लोगों का काम करने-कराने। ब्लॉक, तालुका/तहसील और जिला स्तर पर उनकी समस्याओं का निपटारा कराने। सामान्य समस्याओं से दल के शीर्ष नेतृत्व को लगातार अवगत कराने जिससे उन्हें संसद में उठाया जा सके। और विपक्ष? उसके लिए तो जनता के बीच काम करने का यही स्वर्णिम अवसर है। सत्ता की खींचतान से मुक्त सभी विपक्षी दल संसद के कार्यकाल की शुरुआत में ही अगले चुनाव के लिए विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों के अपने-अपने उम्मीदवार तय कर दें। वे जनता के बीच रहकर दल की नीतियों के अनुरूप कार्य करें। जनता की दिन-प्रतिदिन की समस्याएं स्थानीय स्तर पर सुलझाने की कोशिश करें, जो उनके वश में न हों, दल के नेतृत्व की जानकारी में लाएं, नेतृत्व ऐसे क्षेत्रों का दौरा करें। उनकी आवाज संसद में उठाए।

संसद में सत्ता पक्ष और विपक्ष का द्वंद्व, सत्ता के लिए उनकी प्रतिद्वंद्विता हर चुनाव क्षेत्र की जमीनी समस्याओं के आलोक में हो, उनके नीतिगत समाधान और उसकी भिन्नता की दिशा परिलक्षित करे। सत्ता का संघर्ष महज वाग्जाल और स्टंट न रहकर इन समस्याओं और उनके समाधान के परिप्रेक्ष में हो।

सांसदों के इस कार्यकलाप के आधार पर संसद की बहसें व्हिप से मुक्त होकर, अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्र की जनता की ठोस, जमीनी समस्याओं के परिप्रेक्ष्य में हों। उनके निदान के लिए जनता के ठोस हालात की बेहतरी के लिए, उसके विकास के मार्ग की बाधाओं और समस्याओं को दूर करने के लिए हों। संसद सांसदों के लिए अपनी वाकपटुता के प्रदर्शन से एक दूसरे को नीचा दिखाने, स्वयं को जनता का सच्चा सेवक और विरोधी को देश और जनता का दुश्मन सिद्ध करने, हल्ला मचाकर संसद के काम में अवरोध उत्पन्न करने, आए दिन संसद से बहिर्गमन करने आदि का अड्डा (टॉकिंग शॉप) बनने के बजाय जनता की समस्याओं का, जनता का प्रतिबिंब बने। हर सांसद और संसदीय उम्मीदवार अक्सर अपने क्षेत्र की सड़कों पर दिखे तो शायद संसद को सड़क पर लाने की जरूरत न रह जाए। जनतंत्र को भीड़तंत्र/भेड़तंत्र में अंतरित होकर निकृष्टतम शासन प्रणाली बनने से रोकने का, ढीलाढाला ही सही, काम चलाऊ ही सही, शायद यही विकल्प हो।

## प्रसंगवश

# महिलाओं की जिम्मेदारी कर्तव्य या मजबूरी

कई बार औरतों और लड़कियों का व्यवहार मुझे समझ में नहीं आता है। जब मां बाप घूमने-फिरने, आने-जाने और पहनावे पर टोका-टोकी और रोक-टोक करते हैं, तब मां बाप दकियानूस लगते हैं, जल्लाद लगते हैं, पुराने खयालात के लगते हैं। उनकी मूल आजादी और भावनाओं के खिलाफ लगते हैं। लेकिन जब लड़की का ब्वाय फ्रेंड या औरत का पति उसके कहीं आने-जाने, घूमने-फिरने पर टोका टोकी करता है। उसके पहनावे को लेकर सवाल उठाता है या विरोध करता है तो तब उन्हें लगता है कि उनका प्रेमी या पति उनसे बहुत प्यार करता है। ना कुछ अजीब, एक ही व्यवहार के लिए दो अलग-अलग भावनाएं? वैसे भी महिला शक्ति को समझना इतना आसान नहीं है।

प्रेमिका या पत्नी जब कहती है कि उसका पुरुष उसके प्रति बहुत पजेसिव है, वह उस से बहुत प्यार करता है तो वह घुमा-फिराकर अंजाने ही इशारों ही इशारों में यह कहना चाह रही होती है कि उसका पुरुष शक करता है। पुरुष अपनी स्त्री पर मालिकाना हक जताता है। उसे एक वस्तु से अधिक नहीं समझता है। ऐसा पुरुष अपनी स्त्री पर हमेशा दबाव बनाए रखता है। उस पर हमेशा अंकुश लगा कर रखता है। उसे अपनी जायदाद समझता है। इस धरती पर अधिकांश पुरुष ऐसे ही होते है। जब कोई औरत स्वीकार करती है कि उसका पुरुष उसके प्रति पजेसिव है तो बिना लाग लपेट आप समझ जाएं कि वह स्त्री आसमान में स्वच्छंद उडान भरना चाहती है लेकिन वह दबाव में है। यह दबाव वह अपने पुरुष से महसूस करती है।

मनोवैज्ञानिक नियम है कि अपहृत किया हुआ व्यक्ति साथ में रहते हुए कुछ वक्त के बाद अपने अपहरण कर्ता के प्रति प्यार के भाव से भर जाता है। उस से स्नेह करने लगता है और इस बात की भनक तक अपहृत व्यक्ति को नही लगती है। एक पजेसिव पुरुष और उसकी स्त्री के बीच लगभग ऐसा ही रिश्ता होता है। स्त्री में इस बात की समझ विकसित नहीं हो पाती कि उसके पुरुष ने मानसिक और सामाजिक रूप से उसका अपहरण कर लिया है। उस को बंधन में रखे हुए है, यह नागवार विपरीत परिस्थिति स्त्री को अपने अनुकूल लगती है।

> देखा जाए तो भारतीय पति बड़े किस्मत वाले होते हैं। अच्छे हो या बुरे हर हाल में पूजे जाते हैं। अगर यही अमेरिका और रूस होता तो कब के बदल दिए जाते और ऊपर से पति शक्की होता तो दुर्गति कराता।

भारतीय समाजिक ताना बाना भी ऐसा है कि अधिकांश महिलाओं को आत्मनिर्भर नहीं बनने देता है। जो आत्मनिर्भर होती भी हैं तो घर और परिवार के लिए त्याग करने की जिम्मेदार उन पर आ जाती है। जब कुछ छोड़ छाड़ कर वे अपने पुरुष पर आश्रित हो जाती है। अधिकांश भारतीय महिलाएं पुरूषों पर आश्रित होती है। इसलिए भी शायद रिश्ते लंबे निभ जाते हैं और ऐसे में पुरुष की सौ गलतियां भी माफ हो जाती हैं। शब्दों की मीठी चाशनी में आपसी संबंधों के समर्थन में भले लाख तर्क दिए जाएं लेकिन इस के मूल में मजबूत मजबूरियां ही होती हैं वर्ना किसी इंसान का आत्म सम्मान न जागें, यह असंभव है। जब पुरुष नारी को अपने वश में करने में असफल हो जाता है तो उसे चरित्रहीन साबित कर देता है और जब चरित्र की बात आती है तो मजबूरी में ही सही नारी अपना हथियार नीचे रख आत्म समर्पण कर देती है। ऐसे में सब जानते, बुझते, समझते न चाहते हुए भी स्त्री सबसे पहले अपना घर बचाती है।



डॉ.धीरज सिंह
मुंबई

देखा जाए तो भारतीय पति बड़े किस्मत वाले होते हैं। अच्छे हो या बुरे हर हाल में पूजे जाते हैं। अगर यही अमेरिका और रूस होता तो कब के बदल दिए जाते और ऊपर से पति शक्की होता तो दुर्गति कराता और खाता फिर कानूनी भरण-पोषण का खर्च देता वह अलग से होता।

आम स्त्री को अपनी मूलभूत सुविधाएं फलीभूत होने से ही मतलब होता है। इसलिए भी वे चाह कर भी अपने पुरुष का विरोध नहीं कर पाती है। इतिहास गवाह है, स्त्री समानता, महिला अधिकार और आत्म निर्भरता की पहल भी पुरूषों ने ही की थी! उनको जागरूक करने की अलख भी पुरुषों ने ही जगाई है।

# अर्थशास्त्र समझाकर मानेंगी मजबूरियां

पिछले महीने जौनपुर तक यात्रा पर गया था, कार से गया था, रास्ते में जगह जगह बने फास्टैग के साथ टोलों पर 1500 रुपये से ज्यादा टैक्स देना पड़ा। खल गया। ट्रेन से चलो तो सीनियर सिटीज़न को मिलने वाली छूट ख़त्म कर दी गई है, सड़क पेट्रोल/डीज़ल की क़ीमत के साथ साथ टोल पर टोल। यात्रा करना मुश्किल होता जा रहा है।

सोचा, इतने महंगे टोल क्यूं हो गए? यू-ट्यूब पर मिल गए लेखक और अर्थशास्त्री अंशुमान तिवारी। वह कालम लिखते हैं। पता चला कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) एक सरकारी स्वायत्त संस्था है जो बाजार से लोन ले सकती है और इसने केंद्र सरकार द्वारा दिए गए बजट के अतिरिक्त, श्री गड़करी जी के कार्यकाल में 3.48 लाख करोड़ का कर्ज उठाया जबकि वर्ष 2014 तक यह कर्ज मात्र 24 हजार करोड़ था। मतलब करीब 24 गुना ज्यादा। मैं तो दंग रह गया। सुन रहा था कि गड़करी जी खूब सड़कें बनवा रहे है, बहुत सफल है, पर पता लगा यह सब तो हम पर लादे जा रहे कर्ज की वजह से है। हम सबको पता है कि सड़कें बनाने में बड़ी-बड़ी कंपनियों को ठेका दिया जाता है और सड़क के साथ उसके तमाम छेदों से इधर उधर भी वह खूब गिरता है। कितना सड़क पर गिरा, कितना बाहर, यह जांच का विषय है पर हम नागरिकों को इसके कारण बली का बकरा ज़रूर बनना पड़ रहा है। इतने कर्ज की अदायगी कैसे होगी, साफ़ है हमारी आपकी जेब से होगी, जितनी काटी जा सकती है, उतनी काटी जाएगी। कुछ हम कटेंगे, कुछ बैंक में डिफ़ॉल्ट होगा।



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

> यह भी पता चला कि केंद्र सरकार ने यह सब देखते हुए वर्ष 2022 से एनएचएआई को आगे क़र्ज़ लेने से रोक दिया है।

बैंक का डिफ़ॉल्ट भी, अपना डिफ़ॉल्ट होगा। यह भी पता चला कि केंद्र सरकार ने यह सब देखते हुए वर्ष 2022 से एनएचएआई को आगे क़र्ज़ लेने से रोक दिया है। बहुत अच्छा हुआ। आप देख रहे होगे अब एनएचएआई की चाल काफ़ी धीमी पड़ गई है। लखनऊ जाता रहता हूं। 2014 के बाद दिल्ली से लखनऊ जैसे सबसे बड़े प्रांत को जोड़ने वाली, सत्ता पक्ष को सबसे ज्यादा सांसद देने वाली यूपी की राजधानी को देश की राजधानी से जोड़ने वाली नेशनल हाइवे (न.24) रामपुर से सीतापुर के बीच बननी थी, शेष बन चुकी थी और अफ़सोस आज भी वह कई जगहों पर पूरी नहीं हुई है।

केंद्र सरकार ने एनएचएआई को तो रोक दिया पर इसी छानबीन में पता चला कि केंद्र सरकार द्वारा लिए जा रहे क़र्ज़ों को लेकर पिछले दिनों अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भारत सरकार को चेतावनी दी है और इसे सरकार तथा बैंक का ख़तरनाक गठजोड़ बताया। बताया कि केंद्र सरकार, राज्य सरकारें और सरकारी संस्थाओं का कर्ज हमारी जीडीपी के बराबर का हो गया है, ख़तरनाक स्तर पर पहु गया है। जो कर्ज 2014 -15 में जीडीपी का करीब 40 प्रतिशत होता था, अब उसके बराबर हो गया है। आईएमएफ ने तो यह तक कह दिया कि भारतीय अर्थव्यवस्था 'डूम लूप' की तरफ़ जा रही है।

सोचता हूं कि मैं ज़िंदगी भर कर्ज से दूर भागता रहा, पर कर्ज है पीछे पड़ा हुआ है। लखनऊ में मकान बनवाने के लिए सरकारी कर्ज ज़रूर लिया था, दो बार मिलता था, मैंने कोशिश कर तीन बार लिया क्योंकि सरकारी कर्ज तनख्वाह से कटता रहता था, ज्यादा तंग नहीं करता था। ऊपर से गर कोई अनहोनी हो जाए तो कर्ज के बराबर ही उसका बीमा भी करा दिया था शुरू से ही सेविंग भी करता रहा ताकि वक्त ज़रूरत पर काम आए पर आज पता लग रहा है कि मैंने कर्ज भले ही नहीं ले रखा पर मेरे नाम पर सरकार द्वारा लिया गया कर्ज तो बहुत हो गया है। यह कर्ज हमीं सब को भरना है। डाइरेक्ट टैक्स में भी 30 प्रतिशत तक के दायरे में हूं। इनडाइरेक्ट टैक्स तो हर जगह देना ही देना है। जो कुछ ख़रीदो तो टैक्स , चलो तो टैक्स, खाओ तो टैक्स, देखो तो टैक्स। गर मुद्रा छापकर, इसे सरकार ने भुगताया तो रुपये का अवमूल्यन भी हमीं सब को झेलना होगा।

हो सकता है कि आप न डर रहे हो पर जब आईएमएफ चिंतित हो रहा है तो मेरा चिंतित होना स्वाभाविक है। मेरी बचत स्टेट बैंक में जमा है। जानकर लोग राय दें कि वहां सुरक्षित है ना। अर्थशास्त्र कभी मेरा विषय नहीं रहा पर लगता है कि ज़िंदगी की मजबूरियां, अर्थशास्त्र भी समझा कर मानेगी।

## सोशल फोरम

# त्रिकालदर्शी

एक त्रिकालदर्शी गुरु थे। त्रिकालदर्शी वह है जो भूत, वर्तमान और भविष्य तीनों को जानते हैं। द्विकाल दर्शी तो मैं भी हूं अर्थात भूत याद है और वर्तमान दिखाई दे रहा है। गुरु जी जन्म मृत्यु के भय से मुक्त शिष्यों को संसार की नश्वरता का ज्ञान देते थे। एक दिन शिष्य हैरान कि गुरु जी दहाड़ मार कर रो रहे हैं। एक शिष्य ने पूछ लिया कारण। गुरु जी ने कहा, 'मेरा अंत समय आ गया है'। शिष्य ने आश्चर्य से पूछा कि आप तो संसार की नश्वरता को हमें समझाते हैं और स्वयं रो रहे हैं? गुरु बोले कि रोने का कारण पुत्र मृत्यु नहीं वरन् अगला शरीर है। शिष्यों ने पूछा कि वह क्या है?' मूझे अगले जन्म में शूकर (सुअर)का शरीर मिल रहा है। शिष्य भी दुखी। कहां इतने तपस्वी, सदाचारी, निर्मलाहारी भोजक और छी छी ऐसा अगला शरीर। शिष्यों ने पूछा कि ऐसा दंड क्यों? गुरु जी ने कहा कि यह तो मैं यम से पूछ लूंगा लेकिन अभी मुक्ति का उपाय सोचना है। परामर्श के बाद तय हुआ कि ज्यों ही गुरु जी का पुनर्जन्म होगा उनके उस शरीर का वध कर दिया जाए। उनका एक शिष्य शायद उत्तराखंड सचिवालय में बाबू रहा हो, ने सवाल किया कि गुरु जी शहर-शहर गली-गली इतने घूमते हैं कितने मारेंगे? प्रश्न उचित था। उपाय निकाला गया और तय हुआ कि गुरु जी सुअर के रुप में जन्म लेंगे तो उनके माथे पर सफेद निशान होगा। यथा समय गुरु ने शरीर त्याग दिया, शिष्य गण भी इनक्यूबेशन पीरियड की समाप्ति के बाद हाथ में लट्ठ, बरछी, तलवार, भाला आदि लेकर गुरू की खोज में निकल पड़े। संयोग से गुरु की निशानी वाला एक नया नया बाल शूकर नाली में लोटता और मल भक्षण करता मिल ही गया। शिष्य वध करने दौड़े। गुरु जी चीं-चीं करते भागे और बोले मत मारो मत मारो। समझदार शिष्य ने कहा कि गुरु जी यह तो आपका आदेश है? गुरु (सूअर रुप) गंभीर स्वर में बोले, वत्स, जब मैं मानव शरीर में था तो मुझे यह शरीर घृणित लगता था, लेकिन अब इस शरीर में आ गया हूं तो इसी में आनंद आ रहा है। इस आख्यान से मेरी समझ में यह आ रहा है कि मनुष्य को त्रिकालदर्शी नहीं होना चाहिए।



रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत्त आईएएस

-फेसबुक वॉल से

# विश्व पुस्तक मेले को स्तरीय बनाना होगा

नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला अब दुनिया के सर्वाधिक बड़े पुस्तक मेलों में शामिल है। इस बार यह 10 से 18 फरवरी 2024 तक है। हालांकि फेडरेशन आफ इंडियन पब्लिशर्स (एफआईपी) भी हर साल अगस्त में दिल्ली के प्रगति मैदान में ही पुस्तक मेला लगा रहा है और इसमें लगभग सभी ख्यातिलब्ध प्रकाशक आते हैं, बावजूद इसके नेशनल बुक ट्रस्ट के पुस्तक मेले की मान्यता अधिक है।

वैश्वीकरण के दौर में हर चीज बाजार बन गई है, लेकिन पुस्तकें, खासकर हिंदी की, अभी इस श्रेणी से दूर हैं। पिछले कुछ सालों से नई दिल्ली पुस्तक मेला पर बाजार का असर देखने को मिल रहा है। किताबों के स्वत्वाधिकार के आदान-प्रदान के लिए दो दिन "राइटर्स टेबल" का विशेष आयोजन होता है। यह बड़ी बात है कि केवल किताब खरीदने के लिए तो दर्जनों वेबसाईट उपलब्ध हैं जिस पर घर बैठे आदेश दो और घर बैठे डिलेवरी लो, इसके बावजूद इसके बावजूद यहां 1200 से 1400 प्रतिभागी होते हैं और कई चाह कर भी हिस्सेदारी नहीं कर पाते क्योंकि जगह नहीं होती। हालांकि यह पुस्तक मेला एक उत्सव की तरह होता है, जहां किताब का व्यापार मात्र नहीं, कई तरह के समागम होते हैं। लेकिन यह नई दिल्ली पुस्तक मेले का 31 वां आयोजन है और इसे अब बदलना होगा। पिछले साल से यह मेल प्रगति मैदान के नए बने हॉल में हो रहा है और इतने विशाल परिसर में कोई स्टाल तलाशना बहुत जटिल है। पेइचिंग पुस्तक मेले में बड़े-बड़े हाल्स को चौराहों की तरह विभाजित किया जाता है और बीच के रास्ते पर बड़े बड़े प्लेट लटकते हैं जो पंक्ति और स्तंभ में शामिल विक्रेताओं के नंबर स्पष्ट दिखते हैं। अंग्रेजी के हिस्से में लोग विदेश से आए रद्दी में से किताबों को बेहद कम दाम पर बेचते हैं, उनके यहां भीड़ भी होती है लेकिन ऐसे दृश्य किसी मेले के 'विश्व स्तरीय' होने पर सवाल उठाते हैं।



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

> वैश्वीकरण के दौर में हर चीज बाजार बन गई है, लेकिन पुस्तकें अभी इस श्रेणी से दूर हैं। पिछले कुछ सालों से पुस्तक मेला पर बाजार का असर देखने को मिल रहा है।

यह बात भी तेजी से चर्चा में है कि इस पुस्तक मेले में विदेशी भागीदारी लगभग ना के बराबर होती जा रही है। यदि श्रीलंका और नेपाल को छोड़ दें तो विश्व बैंक, संयुक्त राष्ट्र श्रम संगठन, स्वास्थ्य, यूनीसेफ आदि के स्टाल विदेशी मंडप में अपनी प्रचार सामग्री प्रदर्शित करते दिखते हैं। फ्रेंकफर्ट और अबुधाबी पुस्तक मेला के स्टाल भागीदारों को आकर्षित करने के लिए होते हैं। इक्का-दुक्का स्टालों पर विदेशी पुस्तकों के नाम पर केवल 'रिमेंडर्स' यानी अन्य देशों की फालतू या पुरानी पुस्तकें होती हैं। ऐसी पुस्तकों को प्रत्येक रविवार को दरियागंज में लगने वाले पटरी-बाजार से आसानी से खरीदा जा सकता है। पहले पाकिस्तान से दस प्रकाशक आते थे लेकिन बीते एक दशक से पाकिस्तान के साथ बाकी तिजारत तो जारी है लेकिन एक दूसरे के पुस्तक मेलों में भागीदारी बंद हो गई। हालांकि विदेशी तो बहुत दूर है, हमारे मेले में संविधान में अधिसूचित सभी 22 भारतीय भाषाओं के स्टाल्स भी नहीं होते। पहले राज्यों के प्रकाशक संघों को निशुल्क स्टाल और आवास की व्यवस्था की जाती थी तो ढेर सारे भाषाई प्रकाशक यहां आते थे।

नई दिल्ली पुस्तक मेला की छवि पर एक दाग वहां हर हाल में बजने वाले प्रवचन और हल्ला-गुल है। बीते कुछ सालों से हर बार वहां कुछ संगठन उधम करते हैं और सारा साहित्यिक जगत सांप्रदायिक विवाद में धूमिल हो जाता है। समझना होगा कि किताबें लोकतंत्र की तरह हैं- आपको अपनी पसंद का विषय, लेखक, भाषा चुनने का हक देती हैं। यह मेल ही है तो है जहां गांधी- और सावरकर, चे-गोवएरा और भागवत गीता साथ साथ रहते हैं और पाठक निर्णय लेता है कि वह किसे पसंद करे। या तो इस तरह के धार्मिक स्टाल्स को लगाने ही नहीं देना चाहिए या फिर उन्हें किसी एक जगह एक साथ कर देना चाहिए। पुस्तक मेला के दौरान बगैर किसी गंभीर योजना के सेमिनारों, पुस्तक लोकार्पण आयोजनों का भी अंबार होता है। यह बात भी अब किसी से छिपी नहीं है कि अब एक ही तरह की विचारधारा के लोगों को आयोजक द्वारा निर्धारित "लेखक मंच" में समय दिया जाता है। असल में यह स्थान भागीदार प्रकाशकों के लिए बना था कि वे अपने स्टाल पर लोकार्पण आदि न करें और इससे वहां भीड़ न जमा हो। लेकिन लेखक मंच राजनीतिक मंच बन गया और प्रकाशक यथावत अपने स्टाल पर आयोजन करते हैं। बाल मंडप में भी बच्चे स्कूल्स से बुलाए जाते हैं जबकि यह स्थान इस तर्क का होना चाहिए कि मेले में आए बच्चे स्वतः यहां की गतिविधियों में शामिल हों।

छुट्टी के दिन मध्यवर्गीय परिवारों का समय काटने का स्थान, मुहल्ले व समाज में अपनी बौद्धिक ताबेदारी सिद्ध करने का अवसर और बच्चों को छुट्टी काटने का नया डेस्टीनेशन भी होता है- पुस्तक मेला। यह बात दीगर है कि इस दौरान प्रगति मैदान के खाने-पीने के स्टालों पर पुस्तक की दुकानों से अधिक बिक्री होती है। पार्किंग, मैदान के भीतर खाने-पीने की चीजों के बेतहाशा दाम, हाल के भीतर मोबाईल का नेटवर्क कमजोर होने, भीड़ के आने और जाने के रास्ते एक ही होने जैसी कई ऐसी दुविधाएं हैं जिनसे यदि निजात पा ले तो सही मायने में नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेल "विश्व" स्तर का होगा।

# सिद्धार्थनगर को टीबी मुक्त करने का बना प्लान

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** स्वास्थ्य विभाग ने टीबी मुक्त जिला बनाने के लिए कमर कस लिया है। जिले में वर्ष 2023 में निर्धारित लक्ष्य 5333 के सापेक्ष 4516 टीबी रोगियों को चिन्हित कर उपचार शुरू किया गया है। इसी तरह अधिक से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग कर बलगम की जांच कराते हुए टीबी मुक्त ग्राम पंचायत व टीबी मुक्त जिला बनाने की विशेष पहले शुरू हुई है। विभाग ने वर्ष 2025 तक टीबी को जड़ से खत्म करने के लिए ग्राम पंचायत स्तर तक का रूट प्लान तैयार किया है। इसमें ब्लॉकों पर चिकित्सक, सीएचओ, बीपीएम व बीसीपीएम महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी निभाएंगे। उन्हें प्रशिक्षित किया जा रहा है।


राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम की जानकारी देते अधिकारी।

राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के जिला समन्वयक पंकज त्रिपाठी ने बताया कि टीबी मुक्त ग्राम पंचायत व टीबी मुक्त जिला बनाने के लिए विशेष प्लान तैयार किया गया है, जिसे अमली जामा पहनाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस विशेष कार्यक्रम में ब्लॉकों पर तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों को साथ लेकर ग्रामीण अंचल के प्रत्येक घरों तक पहुंच बनाने की योजना है, ताकि संभावित रोगियों का चिन्हांकन कर जांच कराई जा सके। जांच में अगर वह संक्रमित मिलता है तो उसके प्रसार को रोकते हुए उपचार कराना सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ग्रामीण स्तर पर टीम के उतरने से पहले सभी को प्रशिक्षित किया जा रहा है। टीबी रोग के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बीमारी के फैलने, रोग के उपचार व निदान के संदर्भ में विशेष तौर पर जानकारी दी जा रही है। इसके अलावा रिकार्डिंग रिपोर्टिंग, टीएसटीबी, डीआरटीबी, टीबी मुक्त भारत अभियान, ब्लॉकों पर टीबी की सेवाओं को सुदृढ़ बनाने की योजना, लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत रोगियों की उपलब्धता आदि के बारे में प्रशिक्षित किया जा रहा है।

> राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले को टीबी मुक्त बनाने की विशेष पहल हुई है। ब्लॉकों के अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशिक्षित कराया जा रहा है। प्रशिक्षण के बाद सभी ग्रामीण अंचल में कार्य करते हुए टीबी मुक्त ग्राम पंचायत व टीबी मुक्त जिला बनाने में सहयोग करेंगे।
>
> –डॉ. एमएम त्रिपाठी, जिला क्षयरोग अधिकारी

### इन्हें किया जा रहा प्रशिक्षित

उप जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ. मानवेंद्र पाल ने बताया कि टीबी मुक्त जिला बनाने में ब्लॉकों पर तैनात चिकित्साधिकारी, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के चिकित्सक, फार्मासिस्ट, एएनएम, बीपीएम, बीसीपीएम, एमओटीसी, क्षयरोग कार्यक्रम के सभी स्टॉफ, एलटी, एलए व सीएचओ को प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के बाद यह सभी ग्रामीण स्तर पर कार्य कर जिले को टीबी मुक्त बनाने में योगदान देंगे।

### निक्षय राशि देने वाले बेस्ट ब्लॉक

राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 4734 रोगियों के सापेक्ष 3672 रोगियों का निक्षय पोषण योजना की राशि खाते में भेजी जा चुकी है। यह कुल मरीजों का 78 फीसदी है। इसमें खुनियांव 88, शोहरतगढ़ 87, बांसी 81, डीटीसी नौगढ़ 75, इटवा 80 फीसदी पैसा भुगतान किया जा चुका है।

वर्ष 2023 में चिन्हित रोगी एक नजर में–

| कटेगरी | लक्ष्य | मिले रोगी | फीसद |
|---|---|---|---|
| पब्लिक | 4433 | 3958 | 89 |
| प्राइवेट अस्पताल | 900 | 558 | 62 |

सौ फीसदी से अधिक लक्ष्य वाले ब्लॉक एक नजर में–

| ब्लॉक | लक्ष्य | मिले रोगी | फीसदी |
|---|---|---|---|
| डीटीसी नौगढ़ | 339 | 742 | 219 |
| शोहरतगढ़ | 249 | 292 | 117 |
| बांसी | 335 | 366 | 109 |
| इटवा | 332 | 351 | 106 |

फिसड्डी ब्लॉक

| ब्लॉक | लक्ष्य | मिले रोगी | फीसदी |
|---|---|---|---|
| बढ़नी | 366 | 117 | 47 |
| भनवापुर | 366 | 172 | 47 |
| जोगिया | 229 | 88 | 38 |
| लोटन | 175 | 57 | 33 |

## एक नजर

### सामान की तस्करी में दो नेपाली नागरिक गिरफ्तार

**सिद्धार्थनगर।** 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने अलग-अलग स्थानों पर 10 बोरी प्याज, 06 बोरी चावल, 60 पर्दे और 12 साइकिल के साथ दो नेपाली नागरिकों को गिरफ्तार किया है। सशस्त्र सीमा बल की सीमा चौकी अलिगढ़वा और कोटिया के जवानों ने अलग अलग स्थानों पर नाका और गस्ती के दौरान अवैध तरीके से भारत से नेपाल ले जाया जा रहा सामान जब्त किया है। यह जानकारी देते हुए कमांडिंग अधिकारी उज्जल दत्ता ने बताया कि पूछताछ में पकड़े गए लोगों ने अपने नाम महेश जयसवाल (25) तथा गोरख राय दास (18) बताया। दोनों आरोपी गाव- चाकर चौड़ा, थाना- चाकर चौड़ा, जिला- कपिलवस्तु (नेपाल) के निवासी हैं।

### पुलिस ने पैदल मार्च कर दिलाया सुरक्षा का भरोसा

**उसका बाजार, सिद्धार्थनगर।** बुधवार की शाम उसका पुलिस फोर्स ने चौराहा समेत कस्बे में पैदल मार्च करते हुए नागरिकों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। शांति व्यवस्था में लोगों से सहयोग की अपेक्षा के साथ सड़क किनारे के अतिक्रमणकारियों को चेतावनी दी कि सभी सड़क किनारे का कब्जा हटा लें। प्रभारी निरीक्षक रोहित उपाध्याय के नेतृत्व में पुलिस कर्मी पैदल मार्च के लिए निकले। पुलिस फोर्स पहले चौराहे पर पहुंची। इसके बाद उसका राजा, तेतरी, परती बाजार आदि प्रमुख मार्ग पर मार्च किया। व्यापारियों व नागरिकों से संवाद बनाते हुए शांति व्यवस्था में सहयोग की अपील की।

### वारंटी गिरफ्तार

**सिद्धार्थनगर।** थाना डुमरियागंज पुलिस ने एक वारण्टी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पुलिस टीम ने वांछित फरार वारंटी को बुधवार को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है।

# स्टेडियम में कोच न होने से परेशानी

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में कोच के अभाव में जिले के खिलाड़ियों की प्रतिभा दम तोड़ रही है। स्टेडियम में प्रतिदिन दो से 300 खिलाड़ी प्रैक्टिस करने आते है, लेकिन स्टेडियम में खिलाड़ियों को प्रैक्टिस करवाने के लिए कोच न होने से खिलाड़ी अन्य शहरों में जाकर अपना भविष्य संवार रहे हैं।

जिले में स्टेडियम का निर्माण तो हुआ, लेकिन खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए कोच की तैनाती की ओर ध्यान नहीं दिया गया। वहीं दूसरी ओर स्टेडियम में हर माह किसी न किसी खेल का आयोजन होता रहता है लेकिन जरूरी मार्गदर्शन न होने की वजह से खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मौका नहीं मिल पाता। बताते है कि वर्तमान में यहां जिला स्टेडियम में वालीबाल, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, खो-खो, कबड्डी, फुटबाल, बास्केट बॉल, एथलेटिक्स के कोच नहीं हैं। इसकी वजह से संपन्न घरों के प्रतिभावान खिलाड़ी अन्य शहरों में जाकर प्रैक्टिस कर लेते हैं लेकिन आर्थिक रूप से कमजोर घरों की प्रतिभाओं को उचित अवसर नहीं मिल पाता। अर्थिक रूप से एक मध्ययम वर्गीय खिलाड़ी ओम प्रकाश का कहना है कि स्टेडियम में कोच के न होने से उन्हें मार्गदर्शन नहीं मिल पाता। जिले में प्रतिभा की कमी नहीं है लेकिन प्रशिक्षक नहीं होने से अन्य शहर में जाकर प्रैक्टिस करना पड़ता है। उनके अनुसार जिले में खेलों इंडिया अभियान के तहत एथलेटिक्स के कोच की नियुक्ति जरूर है लेकिन वह अंडर-16 के खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देने के लिए हैं। अन्य खिलाड़ियों को प्रशिक्षण न मिलने से परेशानी होती है।

> विभिन्न खेलों के कोच के लिए पत्राचार किया गया है। जल्द ही कोच की नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी की जाएगी, ताकि अन्य खेलों की तैयारी करने वाले खिलाड़ियों को कोई दिक्कत न हो।
>
> –आशुतोष अग्निहोत्री, जिला क्रीड़ा अधिकारी, सिद्धार्थनगर

### छह अभियुक्तों को तीन-तीन वर्ष की कैद

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** आपरेशन कनविक्शन के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना डुमरियागंज पुलिस की प्रभावी पैरवी से गैर इरादतन हत्या का प्रयास के छह अभियुक्तों को तीन-तीन वर्ष का कठोर कारावास साथ ही प्रत्येक को 55,00 के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। थाना डुमरियागंज में दर्ज मुकदमे में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर न्यायाधीश मो. रफी, अपर सत्र न्यायालय ने अभियुक्त सईद अहमद निवासी चौकनिया थाना डुमरियागंज, अकरम, सफीउल्लाह, मतीउल्लाह, अब्दुल हकीम, इलियास पुत्र निवासीगण कोल्हुई थाना सोनहा जनपद बस्ती को सजा सुनाई।




### जिले के दो नगर पंचायत अध्यक्ष भाजपा में हुए शामिल

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** नगर पंचायत अध्यक्ष बढ़नी सुनील अग्रहरि और नगर पंचायत अध्यक्ष शोहरतगढ़ उमा अग्रवाल पत्नी रवि अग्रवाल बुधवार को भाजपा में शामिल हो गए। हाल ही में हुए नगर निकाय चुनाव में निर्दल चुनाव जीते जिले के दो चेयरमैन बढ़नी सुनील अग्रहरि व शोहरतगढ़ उमा अग्रवाल ने प्रदेश मुख्यालय भाजपा कार्यालय पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी व उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की उपस्थिति में भाजपा की सदस्यता ली। इस संबंध में जिला अध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान ने कहा दोनों अध्यक्ष का भाजपा परिवार में हार्दिक स्वागत है। इनके आने से हमारी पार्टी को आगामी लोकसभा चुनाव में अत्यधिक मजबूती मिलेगी।

# चौकीदार और चपरासी के भरोसे है राज भंडारण गृह

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** शाहपुर मंडी समिति में स्थापित उत्तर प्रदेश राज्य भंडारण निगम का राज भंडारण गृह एफसीआई की ओर से संचालित है। यहां पर कोई जिम्मेदार अधिकारी नहीं है। चौकीदार व चपरासी के भरोसे गोदाम में मिलरों का चावल उतर रहा है। इससे चावल की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं।

संवाद टीम मंगलवार को भंडारण गोदाम पहुंची तो देखा गया कि बगैर किसी जिम्मेदार अधिकारी के मिलरों के चावल गोदाम में ट्रकों से उतर रहे थे। 11:58 बजे करीब एक घंटे बाद गोदाम मैनेजर विकास पहुंचे। जब उनसे जानकारी ली गई कि आप की अनुपस्थित में यह माल गोदाम में किसके भरोसे उतर रहा है तो उन्होंने कहा गोदाम में मेरा स्टाफ मौजूद है। स्टाफ के पद के बारे में पूछा गया तो बताए कि चौकीदार और चपरासी हैं। ऐसे में मिलरों के चावल की गुणवत्ता कैसे सही रहेगा यह एक सवाल है। गोदाम मैनेजर ने कहा यह चावल अभी खाली नहीं हो रहा है, सिर्फ गाड़ियों से सिर्फ तीन छल्ली माल उतारा जा रहा है। टीए साहब आ रहें हैं सभी गाड़ियों के चावल की जांच परख के बाद ही उतारा जाएगा। गुणवत्ता में कोई कमी रहेगी तो मिलरों को माल वापस कर दिया जाएगा।

# भाजपा सरकार में पिछड़े व दलितों का उत्पीड़न

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर पीडीए पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया। शोहरतगढ़ और बढ़नी ब्लाक की अलग-अलग जनपंचायत में हुए कार्यक्रमों में पहुंचकर शोहरतगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी उग्रसेन सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार में पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यकों एवं महिलाओं का उत्पीड़न हो रहा है। समाज के कमजोर वर्ग के हो रहे शोषण तथा सामाजिक अन्याय के विरूद्ध पीडीए जन पंचायत के माध्यम से लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए समाजवादी पार्टी संकल्पित है।


ग्रामीणों के साथ संवाद करते सपा के पदाधिकारी। अमृत विचार

कहा कि प्रदेश के बजट में सरकार द्वारा 90 प्रतिशत लोगों के हिस्से पर डाका डाल कर 10 प्रतिशत लोगों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। आज देश और प्रदेश में रिकार्ड तोड़ बेरोजगारी है। ऐतिहासिक महंगाई है। चौतरफा भ्रष्टाचार है। देश के सौहार्द को खत्म करने की साजिश हो रही है। पीडीए जनपंचायत संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव खुर्शीद अहमद खान ने कहा कि किसानों को फसलों की सही कीमत नहीं मिल रही है। नौजवान नौकरी के लिए दर-दर भटक रहे हैं। निराश है। सड़कों पर सांड घूम रहे है। लोगों को मार रहे हैं। जनता भाजपा सरकार से परेशान है। जनता ने पीडीए के साथ रहने का मन बना लिया है। पीडीए 90 फीसदी आबादी की आवाज है। पीडीए ही लोकसभा चुनाव में एनडीए को हरायेगा। सपा के विधान सभा अध्यक्ष हरिनारायण यादव ने पीडीए पखवाड़ा कार्यक्रम की अध्यक्षता की तथा सफल संचालन गुड्डु सिंह ने किया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष वीरेन्द्र तिवारी, सिकंदर यादव प्रधान, अब्दुल वाहिद, सोनू खान, अशफाक पटेल, डबलू सिंह, गोलू यादव, राधे श्याम शर्मा, कुलदीप मौर्य, शंकर चौहान, राकेश चौधरी, रवि चौधरी, पंकज गुप्ता, इरफान अहमद, उस्मान गनी बीडीसी, अहमद हुसैन, कमाल अहमद, अशोक मिश्रा मकसूद, सोनू, हमीद नेता आदि हाजिर रहे।

## सार-संक्षेप

### अभिषेक पाल ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** इटवा खुनियांव मंडल के ग्राम पंचायत डड़वा (पंचमोहिनी) में बुधवार को सांसद जगदंबिका पाल के बेटे अभिषेक पाल ने जरूरतमंदो को कंबल वितरण किया। इस मौके पर श्री पाल ने कहा कि जब से भाजपा की सरकार बनी है चाहे कोई भी जनप्रतिनिधि हो, हर कोई आम जनता के साथ मिलकर उनकी समस्याएं सुन रहे हैं और उनका समाधान करा रहे हैं। किसान सम्मान योजना के अंतर्गत किसानों को लाभ मिल रहा है। गैस उज्ज्वला योजना के अंतर्गत अब घर घर चूल्हा जल रहा है, पहले महिलाएं चूल्हा जलाने को मजबूर थीं जिसके चलते उन्हें दमा और आंख खराब होने की समस्याएं झेलनी पड़ती थीं। कार्यक्रम में एडवोकेट राधेश्याम, इंद्रमणि पांडे, प्रधान चंद्रप्रकाश पांडे, उपेंद्र पांडे, बीडीसी रामकिशोर चौहान, महेंद्र प्रधान, कृष्ण देव पांडे, शिव शंकर, राम प्रसाद, पूर्व प्रधान रामदीन प्रजापति, संदीप प्रजापति, अशोक पांडे, जवाहरलाल पूर्व प्रधान, वीरेंद्र अग्रहरि, धर्मेंद्र खुरबंदी, हैदर, रामकिशोर, बीडीसी आनंद पांडे, आलोक पांडे माधव पांडे, विष्णु यादव, बजरंगी शर्मा, विकास पांडे, सुनील गुप्ता, अजय पांडे रमेश शिव कुमार पांडे राजकुमार पांडे, दिनेश प्रजापति बालमुकुंद पांडे, गिरजेश तिवारी, विकास पांडे, अखंड पाल, प्रभारी इटवा बालमुकुंद पांडे, शैलेंद्र विक्रम सिंह, राम शंकर यादव, विश्राम प्रजापति, हृदय राम पाठक, प्रधान कृष्णानंद पांडे, अमित पांडे, आशीष शुक्ला, शिक्षक डॉ.पिंटू त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

### रेलवे चौकी पुलिस ने यात्री को सौंपा उसका छूटा बैग

**गोरखपुर, अमृत विचार।** बाराबंकी से एक शादी समारोह में आए हुए व्यक्ति का कीमती सामान तथा जेवर ट्राली बैग रेलवे स्टेशन गोरखपुर गेट नं0-2 पर ऑटो रिक्शा में छूट गया था। ट्राली बैग में कपड़े व कीमती जेवरात थे, इसके संबंध में आवेदक द्वारा रेलवे चौकी प्रभारी थाना कैंट को सूचना दिया गया था। जिस पर चौकी प्रभारी रेलवे महेश कुमार चौबे व कांस्टेबल संजीत यादव ने तत्परता से कार्यवाही करते हुए त्रिनेत्र कैमरों की मदद से आवेदक का बैग बरामद किया। जिसमें आवेदक के समस्त जेवरात एवं कपड़े आदि थे। जिसे आवेदक को बुलाकर सुपुर्द किया गया। पीड़ित द्वारा कैण्ट पुलिस की सराहना की गई।

### पूर्वोत्तर रेलवे के खिलाड़ियों का बेहतरीन प्रदर्शन

**गोरखपुर, अमृत विचार।** पूर्वोत्तर रेलवे के खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी है। इसी क्रम में, जयपुर में आयोजित सीनियर नेशनल कुश्ती चैम्पियनशिप में भारतीय रेल की कुश्ती टीम ग्रीको रोमन में चैम्पियन बनी तथा फ्री स्टाइल में भारतीय रेलवे महिला एवं पुरुष टीम उपजेता रही। भारतीय रेल की टीम के कोच पूर्वोत्तर रेलवे के श्री जितेंद्र सिंह रहे। भारतीय रेल का प्रतिनिधित्व करते हुये फ्री स्टाइल में पूर्वोत्तर रेलवे की मानसी ने 62 किग्रा. एवं अंकुश ने 53 किग्रा. में स्वर्ण पदक जीता। इसके अतिरिक्त, फ्री स्टाइल में गौरव बालियन ने 92 किग्रा. में कांस्य पदक जीता। बता दें कि जयपुर में आयोजित इस चैम्पियनशिप में ग्रीको रोमन स्टाइल में भारतीय रेल का प्रतिनिधित्व करते हुये पूर्वोत्तर रेलवे के आशु ने 67 किग्रा. में स्वर्ण तथा रोहित यादव ने 55 किग्रा. में कांस्य पदक जीता था। पूर्वोत्तर रेलवे के खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये पूर्वोत्तर रेलवे क्रीड़ा संघ (नरसा) के अध्यक्ष श्रीश चन्द्र श्रीवास्तव, महासचिव/नरसा पंकज कुमार सिंह, कुश्ती/सचिव जय प्रकाश सिंह तथा सहायक क्रीड़ा अधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने बधाई एवं शुभकामनायें दी।

### गाड़ियों का संचालन रहेगा प्रभावित

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री सुविधा में उन्नयन एवं परिचालनिक सुगमता के लिए पूर्व मध्य रेलवे के समस्तीपुर मंडल पर नरकटियागंज-चमुआ स्टेशनों के मध्य ब्रिज संख्या-304 पर कट कनेक्शन कार्य के लिए यातायात एवं पावर ब्लाक लिए जाने के कारण 7 से 9 फरवरी तक गाड़ियों का शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन, पुनर्निधारण, रेगुलेशन किया जायेगा। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।


गांवों में घर-घर जाकर संपर्क करते भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

### भाजपा ने घर-घर किया संपर्क, बांटे पत्रक

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** भाजपा द्वारा आयोजित कार्यक्रम गांव चलो अभियान के क्रम में बुधवार को चिल्हिया मंडल में मंडल अध्यक्ष रमेश मणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने घर-घर संपर्क कर सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। सरकार द्वारा कराए गए विकास कार्यों को जन-जन तक पत्रक के माध्यम से लोगों को बताया। जनसंपर्क के दौरान कार्यकर्ताओं द्वारा पत्रक भी दिया गया। इस अवसर पर पर मंडल प्रभारी आर्चिष्मान मिश्र, मंडल उपाध्यक्ष राधेश्याम त्रिपाठी, नीलू ओझा सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सड़कों पर घूम रहे सांड़ बने मुसीबत की वजह

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** तहसील मुख्यालय डुमरियागंज की सड़क पर चलने वाले नागरिकों की जान हमेशा खतरे में बनी रहती है। इसका कारण हैं छुट्टा घूम रहे सांड़। सरकार द्वारा क्षेत्र में जगह-जगह गोवंशीय पशु सहित मवेशियों को रहने और उनके चारा पानी पर लाखों रुपया प्रति माह खर्च किया जा रहा है। इसके बावजूद जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते खुलेआम छुट्टा पशु नगर सहित तहसील क्षेत्र में धमाचौकड़ी मचा रहे हैं। इनसे अन्नदाताओं की खून पसीने से तैयार की जा रही फसल भी बर्बाद हो रही है। डुमरियागंज के एसडीएम प्रवींद्र कुमार का कहना है कि समस्या संज्ञान में आई है। सांड़ और मवेशियों को पकड़वाकर गोशाला में पहुंचाने का निर्देश दिया गया है।

# धूमधाम से मना विद्यालय का वार्षिकोत्सव, छात्राएं हुई पुरस्कृत

गोरखपुर

**अमृत विचार।** एन.ई. रेलवे गर्ल्स इण्टर कॉलेज, गोरखपुर का वार्षिकोत्सव बुधवार को विद्यालय प्रांगण में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि अपर महाप्रबन्धक दिनेश कुमार सिंह ने विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इसके बाद विशिष्ट अतिथि प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी अजय कुमार श्रीवास्तव के साथ मिलकर सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का आरम्भ सरस्वती वंदना से हुआ। विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गान, लघु नाटिका मोबाइल की नजर से, सूफी नृत्य, कवि सम्मेलन एवं समूह नृत्य प्रस्तुत किया।


स्कूल के वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं। अमृत विचार

अपर महाप्रबन्धक दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों को विश्व में तेजी से बदलती हुई तकनीक के साथ अपने आप को अपडेट रखना चाहिये। वैश्वीकरण के इस युग में विज्ञान, तकनीकी एवं सामाजिक ज्ञान के क्षेत्र में हो रहे परिवर्तन के प्रति सजग रहना चाहिये तथा बेहतर व्यक्तित्व के विकास की ओर अग्रसर रहना चाहिये। मुख्य अतिथि ने विद्यालय की 12वीं की छात्रा निलाक्षी को सर्वोत्तम छात्रा, 12वीं की छात्रा सना खातून, 11वीं की छात्रा श्वेता कन्नौजिया, 10वीं की छात्रा सपना चैधरी, 09वीं की छात्रा अलिया खातून, 08वीं की छात्रा अंशिका निषाद, 07वीं की छात्रा दिव्या शर्मा एवं 06वीं की छात्रा शिवानी कुमारी शाह को कक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने हेतु पुरस्कृत कर सम्मानित किया तथा ब्लू हाउस को ओवर आल चैम्पियन शील्ड प्रदान किया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य सूरज सिंह रावत ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुये कहा कि हम विद्यालय को नई ऊँचाइयों तक ले जाने के लिये सदैव प्रयासरत हैं। विद्यालय के कार्यकारी अधिकारी एवं उप मुख्य कार्मिक अधिकारी राजपत्रित राणा प्रताप चन्द ने मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

**आयोजन** भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा का चार दिवसीय आयोजन आज से

# गांव-गांव जाकर बीमार लोगों का नि:शुल्क इलाज करेंगे चिकित्सक

गोरखपुर

**अमृत विचार।** विगत चार वर्षों से नेशनल मेडिकोज आर्गेनाइजेशन (एनएमओ) गोरक्ष प्रान्त एवं अवध प्रान्त एवं अन्य सहयोगी संगठनों के सम्मिलित प्रयासों से भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा का आयोजन करता रहा है। यह यात्रा भारत-नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में थारू जनजातीय एवं समीपवर्ती क्षेत्रों के छह जिलों (लखीमपुर खीरी, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर एवं महराजगंज) में थारू जनजाति सहित सर्वसमाज के रोगियों की सेवा में आयोजित होती रही है। तीन दिन तक चलने वाले इस स्वास्थ्य सेवा यात्रा में 800 चिकित्सक उन्हीं के बीच रहेंगे और 290 गांवों में जाकर बीमार लोगों का निःशुल्क इलाज करेंगे। चिकित्सा क्षेत्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की आनुशांगिक शाखा 'नेशनल मेडिकोज आर्गेनाइजेशन' गोरक्ष प्रान्त इस वर्ष गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा 8 फरवरी से फिर निकालने जा रहा है। यह यात्रा 8, 9, 10 एवं 11 फरवरी तक चलेगी। प्रान्त विद्यार्थी प्रमुख डॉ अखिलेश्वर धर दूबे, यात्रा संरक्षक डा महेन्द्र अग्रवाल व डा मंगलेश श्रीवास्तव (महापौर गोरखपुर) ने बुधवार को प्रेस क्लब में यह जानकारी दी।


आयोजन की जानकारी देते पदाधिकारी। अमृत विचार

बताया कि महापौर डा मंगलेश श्रीवास्तव, प्रान्त प्रचारक आरएसएस सुभाष व मण्डलायुक्त अनिल ढींगरा गोरखनाथ मन्दिर से 8 फरवरी दोपहर 3 बजे यात्रा को रवाना करेंगे। सेवाकार्य का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यात्रा संरक्षक ने बताया कि इस स्वास्थ्य सेवा यात्रा में बीआरडी मेडिकल कालेज गोरखपुर, एम्स गोरखपुर, पीआईडीएस गोरखपुर, देवरिया मेडिकल कालेज, आजमगढ़ मेडिकल कालेज, बस्ती मेडिकल कालेज व सिद्धार्थ नगर मेडिकल कालेज तथा प्राइवेट प्रैक्टिशनर के 800 चिकित्सक 08 से 11 फरवरी तक सेवा कार्य करेंगे।

चिकित्सकों की टोली 290 गांवों में जाकर करीब सवा लाख से अधिक मरीजों की सेहत का संस्कार देगी। उन्होंने बताया कि लोगों को बीमारी से बचाने के साथ ही चिकित्सकों में भी राष्ट्रीयता, नैतिकता व देश प्रेम का भाव जागृत करने का निरन्तर प्रयास किया जा रहा है। नेशनल मेडिकोज आर्गेनाइजेशन के सचिव डा अमित सिंह श्रीनेत ने बताया कि देशभर में सबसे अधिक रोगियों का ईलाज गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा में ही हो रहा है। डॉ. अमित सिंह ने बताया कि 09, 10 फरवरी को नोतनवा, निचलौल व सिद्धार्थनगर में कैम्प लगाकर रोगियों का निःशुल्क इलाज तथा दवाइयां वितरित की जायेंगी। 11 फरवरी को फरेन्दा तथा महराजगंज पीजी कालेज में मेगा कैम्प की भी व्यवस्था की गयी है। प्रेस कॉन्फ्रेन्स में महापौर डा मंगलेश श्रीवास्तव, डा महेन्द्र अग्रवाल, डा अमित सिंह श्रीनेत, बीआरडी मेडिकल कालेज के डा अमरेश सिंह, डा विभा सिंह, प्रान्त प्रचार प्रमुख आरएसएस उपेन्द्र द्विवेदी आदि मौजूद रहेंगे।

# भाजपा में शामिल हुए नगर निकायों के 55 अध्यक्ष और 24 ब्लॉक प्रमुख

## शामिल हुए नेताओं के साथ 10 हजार समर्थक भी बने भाजपा सदस्य : भूपेंद्र सिंह चौधरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक के समक्ष बुधवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय पर समाजवादी पार्टी, बसपा, आप और कांग्रेस छोड़कर नगरपालिका के 20 और नगर पंचायत के 35 अध्यक्ष समेत 24 ब्लाक प्रमुख, 185 जिला पंचायत सदस्य और 155 नगर निगम के पार्षदों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मोदी और योगी सरकार के कामकाज से प्रभावित होकर लोग तेजी से भाजपा के साथ जुड़ रहे हैं।



प्रदेश कार्यालय में महिला सदस्यों के भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के दौरान उपस्थित प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य व ब्रजेश पाठक। अमृत विचार

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सभी का भाजपा परिवार में स्वागत करते हुए कहा कि 100 फीसदी वोट में 60 फीसदी वोट हमारा है, बाकी 40 फीसदी वोट में बंटवारा है और बंटवारे में भी हमारा है। हर बूथ पर विपक्षी दलों की जमानत जब्त करने का काम करना है।

### इन नगरपालिका अध्यक्षों ने ग्रहण की सदस्यता

पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वालों में नगरपालिका बिलारी, मुरादाबाद के अध्यक्ष रघुराज यादव (सपा), नगरपालिका धनौरा, अमरोहा के अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल (बसपा), नगरपालिका मसवासी, रामपुर के अध्यक्ष दिनेश गोयल, नगरपालिका चन्दौसी, सम्भल की अध्यक्ष लता वाष्णेय, नगरपालिका टुंडला, फिरोजाबाद के अध्यक्ष भवर सिंह, नगरपालिका मऊरानीपुर, झांसी की अध्यक्ष शशि श्रीवास, नगरपालिका लखीमपुर की अध्यक्ष ईरा श्रीवास्तव, नगरपालिका मिश्रिख, सीतापुर की अध्यक्ष मुन्नी देवी, नगर पालिका बांगरमऊ, उन्नाव के अध्यक्ष राम जी, नगरपालिका नवाबगंज, गोण्डा के अध्यक्ष सतेन्द्र कुमार सिंह, नगरपालिका नौतनवा, महराजगंज के अध्यक्ष ब्रजेश मणि त्रिपाठी, नगरपालिका गौराबरहज की अध्यक्ष श्वेता जायसवाल (बसपा) ने अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

**भाजपा में शामिल हुए ब्लाक प्रमुख :** भारतीय जनता पार्टी परिवार में सम्मिलित होने वाले ब्लॉक प्रमुखों में उरूवा प्रयागराज से आरती गौतम, करछना प्रयागराज से सरोज द्विवेदी, चाका प्रयागराज से अनिल सिंह पटेल, कोरांव प्रयागराज से मुकेश कोल, फतेहगंज पश्चिम बरेली से सत्येन्द्र यादव, भोजीपुरा बरेली से योगेश पटेल, बागंरमऊ उन्नाव से सुनीता दिवाकर (सपा), उन्नाव ज्ञानेन्द्र सिंह (सपा), सीयर बलिया से आलोक सिंह, बांसडीह बलिया से सुशीला देवी, लार देवरिया से अनुभा सिंह, भलुअनी देवरिया से छददू यादव, मिर्जापुर लालगंज से फिरती देवी (सपा)।

### इन नगर पंचायत अध्यक्षों ने ली भाजपा की सदस्यता

पार्टी मुख्यालय पर सदस्यता लेने वाले नगर पंचायत के अध्यक्षों में सिसौली मुजफ्फरनगर की सुभाषिनी सिंह, शाहपुर मुजफ्फरनगर के मोहम्मद अकरम (आप), एलम शामली की रीना, ननौता सहारनपुर से रूमाना खान (बसपा), नरौरा बुलन्दशहर से प्रीति यादव (बसपा), बीबीनगर बुलन्दशहर गुडडी देवी, गुलावठी बुलन्दशहर नेहा यादव (सपा), ज्ञानपुर भदोही से घनश्याम दास गुप्ता, लम्भुआ सुल्तानपुर से अवनीश कुमार सिंह अंगद, भारतगंज प्रयागराज से फरा बेगम, कोरांव प्रयागराज से ओम प्रकाश केसरी, अनपरा सोनभद्र से विश्राम प्रसाद जैसवार, ज्योति खुड़िया मैनपुरी से प्रेमलता माथुर, फतेहगंज पुरवी बरेली से संजय पाठक, खखरैरू फतेहपुर ज्ञानचन्द्र केसरबानी, मानिकपुर चित्रकूट से रानी कोल, एरच झांसी से जयचन्द्र राजपूत, शिवराजपुर कानपुर से निर्मल कटियार, तिंदवारी बांदा से सुधा साहू, खरेला महोबा से संतोष सिंह, परसदेपुर रायबरेली विनोद कौशल, सलौन रायबरेली से चन्द्रशेखर रस्तोगी, हैदराबाद उन्नाव ब्रज किशोर वर्मा, मोहान उन्नाव से समरजीत, बीघापुर उन्नाव सुशील कुमार, औराव उन्नाव राकेश कुमार, उगू उन्नाव से अनिता, नवाबगंज उन्नाव से दिलीप कुमार, सफीपुर उन्नाव से गरिमा, गंगाघाट उन्नाव से कोमदी पाण्डेय, मधौगंज हरदोई से अनुराग मिश्रा, हैदरगढ़ बाराबंकी से आलोक तिवारी, रामनगर बाराबंकी से रामसरन पाठक, देवा बाराबंकी से हारून वारसी, घुघली महराजगंज से संतोष जायसवाल, चौक महराजगंज से संगीता देवी, परतावल महराजगंज से प्रियंका गुप्ता, मथौली कुशीनगर से नवरंग सिंह, फाजिलनगर कुशीनगर से शत्रुधन शाही, सुकरौली कुशीनगर से राजनीति कश्यप, बढ़नी सिद्धार्थनगर से सुनील अग्रहरि, शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर से उमा अग्रवाल, अजमतगढ़ आजमगढ़ से ललिता साहनी, मधुवन मऊ से आरती मल्ल, उरुवा गोरखपुर से रामफेर कन्नौजिया बड़ी संख्या में अपने समर्थकों के साथ भाजपा परिवार में शामिल हुए।

---

### एक नजर

#### दबिश के दौरान छह वारंटी गिरफ्तार

**मेंहदावल, संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन में जनपद में वांछितों व न्यायालय में हाजिर न होने वाले अभियुक्तों के खिलाफ जारी गैर जमानती वारण्ट के तहत फरार चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी के क्रम में मेंहदावल पुलिस ने बुधवार को 6 वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। गिरफ्तार वारंटियों में सुन्नर पुत्र रामपियारे निवासी बैरिहवा, गौरी शंकर पुत्र तेज सोनार निवासी पश्चिम टोला मेंहदावल, जटाशंकर पुत्र शिवमोहर निवासी औरहीं, श्रीराम और सीताराम पुत्र गण रामपियारे, पन्नेलाल पुत्र रामपियारे निवासी गण बैरिहवा शामिल हैं। प्रभारी निरीक्षक मेंहदावल रामकृष्ण मिश्र ने बताया कि गिरफ्तार वारंटियों को न्यायालय रवाना कर दिया गया है।

---

# डीएम ने जल जीवन मिशन की 4 परियोजनाओं की परखी हकीकत

▶▶ डीएम ने ग्रामीणों से की वार्ता, सप्लाई किए जा रहे जल की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखे जाने का दिया निर्देश

**बलरामपुर, अमृत विचार।** जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल उपलब्ध कराए जाने हेतु निर्माणाधीन व संचालित 4 पाइप पेयजल परियोजनाओ का निरीक्षण कर डीएम अरविंद सिंह द्वारा हकीकत जानी गई। उन्होंने तहसील उतरौला में ग्राम पंचायत कांदवारी, ग्राम पंचायत लकमा, ग्राम पंचायत पिपरा व जिगना में पाइप पेयजल परियोजना का निरीक्षण किया।

ग्राम पंचायत कांदवारी में एलएनटी द्वारा सौर ऊर्जा पाइप पेयजल परियोजना का कार्य किया जा रहा है। ओवरहेड टैंक के निरीक्षण के दौरान उन्होंने बोरिंग व अन्य कंपोनेंट के बारे में विस्तार पूर्वक जाना। इस दौरान डीएम ने ग्राम में योजना से लाभान्वित ग्रामीणों से वार्ता किया। डीएम से स्वयं नल की टोटी खोलकर पानी आ रहा है कि नहीं इसको देखा। उन्होंने घरों पर दिए गए नल का फाउंडेशन बनाए जाने एवं टोटियों को अच्छी तरह से फिट किए जाने का निर्देश दिया। पाइप लाइन बिछाने के दौरान को खोदी गई सड़कों के मरम्मत के कार्य पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए गुणवत्तापूर्ण ढंग से सड़क का लेवल मेंटेन करते हुए मरम्मत कार्य किए जाने का निर्देश दिया। सड़क के रेस्टोरेशन का कार्य ठीक ढंग से नहीं किया गया तो जिम्मेदारी तय करते हुए संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



जल जीवन मिशन के तहत पेयजल परियोजनाओ का जायजा लेते डीएम अरविंद सिंह व अन्य। अमृत विचार

उन्होंने कहा कि पाइपलाइन बिछाने का कार्य की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। पाइप पेयजल परियोजना के तहत दिए जा रहे कनेक्शन में अंतिम घर तक जल पूरे प्रेशर के साथ पहुंचे यह सुनिश्चित किया जाए। सप्लाई किया जा रहे जल की जांच, गुणवत्ता की जांच थर्ड पार्टी द्वारा कराया जाए। प्रत्येक दशा में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। ग्राम पंचायत लकमा में सौर चलित ओवरहेड टैंक के निरीक्षण के दौरान डीएम द्वारा गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य किए जाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने पाइपलाइन बिछाने का कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से किए जाने व स्वच्छ जल की आपूर्ति सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया। ग्राम पंचायत जिगना में पाइप लाइन बिछाने एवं घरों में नल कनेक्शन के कार्य का जायजा लिया गया व आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण, सहायक अभियंता पीडब्ल्यूडी व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# तेंदुए की आमद से ग्रामीणों में दहशत

**महाराजगंज तराई, बलरामपुर।** थाना देहात कोतवाली के ग्राम किठूरा निवासी पारुल सिंह ने बताया कि वह महाराजगंजतराई बाजार गए थे। शाम लगभग 7:30 बजे वापस लौटते समय गांव के पास बने पुल के पास तेंदुआ दिखाई पड़ा। जिससे वह डर गये बाइक छोड़ कर वह हल्ला गुहार करने लगे। जहां पर ग्रामीण इकट्ठा हो गये। ग्रामीणों के हल्ला गुहार करने से तेंदुआ गन्ने के खेत में चला गया। ग्रामीण पिंटू सिंह, अन्नू, रवि सहित लोगों ने तेंदुए को पकड़वाने की मांग वन विभाग के अधिकारियों से की है। बरहवा रेंज के रेंजर अमरजीत प्रसाद ने बताया है कि गांव में तेंदुआ निकालने की सूचना मिली है। ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी जा रही है।

---

# ईओ व संविदा कर्मी के वायरल आडियो की होगी जांच

### दिशा-निर्देश

▶▶ डीएम ने एसडीएम को तीन दिवस के भीतर जांच कर रिपोर्ट देने को कहा

▶▶ वायरल आडियो में अध्यक्ष उनके पति व पंचायत कर्मी को बोले गए थे अमर्यादित शब्द

**मेंहदावल, संतकबीरनगर, अमृत विचार।** नगर पंचायत मेंहदावल में तैनात रहे अधिशासी अधिकारी (ईओ) संदीप कुमार सरोज के कथित आडियो वायरल प्रकरण की जांच होगी। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने एसडीएम मेंहदावल अरुण कुमार को तीन दिवस के भीतर पूरे मामले की जांच कर रिपोर्ट देने को कहा है। एसडीएम के द्वारा जांच करने के बाद ही मामले में प्रकरण की सच्चाई उजागर हो सकेगी।

इससे पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी निषाद ने मेंहदावल थाने में तहरीर देकर पूर्व ईओ संदीप कुमार सरोज के खिलाफ केस दर्ज करने की मांग की थी। इस मामले में मेंहदावल पुलिस ने रिपोर्ट अपर जिलाधिकारी को भेजा है। इस पूरे मामले को लेकर मेंहदावल में गहमागहमी बढ़ी हुई है। लोग घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चा कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि बीते शुक्रवार को शासन ने मेंहदावल नगर पंचायत के ईओ संदीप कुमार सरोज का स्थानांतरण करते हुए पंकज कुमार को नया ईओ नियुक्त किया था। शनिवार को नवागत ईओ पंकज कुमार मेंहदावल नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे। उन्होंने अध्यक्ष के पति रमेश निषाद व नगर पंचायत कर्मियों को लेकर पूर्व ईओ संदीप कुमार सरोज के आवास का ताला खुलवाकर उसमें बैठक किया था। आवास का ताला खोले जाने पर ईओ संदीप कुमार सरोज ने नाराजगी जताते हुए नगर पंचायत कर्मी संजय को दूरभाष पर अपमानित करते हुए अध्यक्ष एवं उनके पति तथा पंचायत कर्मी को गालियां दी गई थी। अधिशासी अधिकारी के गलियों से भरा आडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो गया। इसके बाद मेंहदावल सहित समूचे जिले का तापमान गर्म हो गया। अध्यक्ष लक्ष्मी निषाद ने इस मामले में मेंहदावल थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। दो बार इस मामले में सुलह समझौते का भी प्रयास हुआ। दोनों पक्ष अलग-अलग लामबंदी भी करते नजर आए। लेकिन मामले का निस्तारण नहीं हो सका। अब डीएम ने मामले में जांच बैठाई है। जांच के बाद ही प्रकरण में कार्रवाई सामने आ सकेगी।

#### जांच के बाद ही कुछ बता सकूंगा, एसडीएम

इस बारे में बात करने पर उप जिलाधिकारी मेंहदावल अरुंण कुमार ने बताया कि वायरल आडियो प्रकरण में जिलाधिकारी के द्वारा जांच का निर्देश प्राप्त हुआ है। पूरे प्रकरण की जांच की जाएगी। जांच पड़ताल में जो तथ्य सामने आएंगे, पूरी रिपोर्ट जिलाधिकारी को तय समयसीमा के भीतर प्रेषित की जाएगी। जल्द इस मामले की जांच शुरू होगी।

# शार्टसर्किट से दुकान में लगी आग, लाखों का नुकसान

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** बेलहर थाना क्षेत्र के गनवरिया चौराहे पर स्थित दीपू पुत्र शुख्पाल गुप्ता के आटो पार्टस की दुकान में शार्टसर्किट से आग लग गई, जिससे लाखों रुपये का नुकसान हो गया। आग की सूचना मिलने के बाद बेलहर पुलिस मौके पर पहुंच गई। ग्रामीणों व पुलिस की मदद से आग पर किसी तरह से काबू पाया गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद राजस्व विभाग की टीम ने पहुंचकर नुकसान का आकलन करके रिपोर्ट शासन को भेज दिया।

मंगलवार की देर रात्रि दीपू पुत्र शुख्पाल की आटो पार्ट्स की दुकान में शार्ट सर्किट से आग लग गई जिससे दुकान में रखी मोटरसाइकिल, मोबिल, ग्रीस, बैट्री समेत लाखों रुपये कीमत का सामान जलकर खाक हो गया। आग की लपट इतनी तेज थी कि अंदर जाने के लिए कोई हिम्मत नहीं जुट सका। बेलहर पुलिस व ग्रामीणों की मदद से आग पर किसी तरह काबू पाया गया, जिससे अगल - बगल की दुकानों की छति होने से बच गई। लेकिन आटो पार्ट्स की दुकान का सारा सामान जलकर राख हो गया। आग की सूचना मिलने के बाद हल्का लेखपाल मुरारी लाल ने घटनास्थल पर पहुंचकर नुकसान का आकलन करके हर संभव मदद कराने का भरोसा दिलाया।

---

### सार-संक्षेप

#### नेपाल सीमा पर लगेगा निःशुल्क स्वास्थ्य मेला




प्रेसवार्ता के दौरान मौजूद नपाप चेयरमेन डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू व अन्य।

**बलरामपुर।** गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य मेला सेवा यात्रा नेशनल मेडिकल ऑर्गेनाइजेशन सेवा यात्रा अवध प्रांत की ओर से नेपाल सीमा से सटे 75 गांव में तीन दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर 9 से 11 फरवरी तक लगेगा। यह जानकारी संयोजक व आदर्श नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष डॉ धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू ने दिया। उन्होंने बताया कि नेपाल सीमा से सटे 75 ग्रामों में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया है। जिसमें 9 फरवरी को गैंसडी क्षेत्र के नेवलगढ़, बघेलखंड, भोजपुरी थारू, चमारबोझिया, कन्हईडीह, मोहकमपुर, बेतहनिया, बालापुर, दुल्हीनडीह, विजयनगर दुर्गापुर व तुलसीपुर क्षेत्र के ननमहरा, नैकिनिया, महादेव जमुनी, बेलीखुर्द, गढवावाल, फरेंन्दा कउशमहर, दुबौलिया, पिपरा, जीतपुर गांवों के लोग शिविर का लाभ उठा सकते हैं। इसी तरह 10 फरवरी को पचपेड़वा के बेलभरिया, बेदमऊ, ठड़वलिया, बड़का कोहरगड़डी, विशुनपुर विश्राम व चन्दनपुर सहित दर्जन भर गांव के लोग लाभ उठा सकेगें। 11 फरवरी को देवी पाटन मंदिर प्रागण में सुबह नौ बजे से तीन बजे तक मेगा चिकित्सा शिविर का आयोजन होगा। प्रत्येक गांवों में पांच चिकित्सकों की टीम मौजूद रहेंगी। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गुलाबो देवी माध्यमिक शिक्षामंत्री, मुख्य वक्ता व विशिष्ट अतिथि स्वतन्त्र प्रभार परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह व अध्यक्षता महाराजा जयेन्द्र प्रताप सिंह, प्रो मदन लाल ब्रम्हा भट्ट, सुनील कालरा एसएएस हुंडई, लखनऊ, विशिष्ट अतिथि सीएमओ डॉ.मुकेश कुमार रस्तोगी, वरिष्ठ समाजसेवी रेनू भाटिया, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ एपी सिंह डॉ ओएन पान्डेय, रोहित अग्रवाल, सचिव एनएसओ बाराबंकी, राजेश सिंह दयाल पैयराडाइज लखनऊ रहेगें। इस अवसर पर विभाग संघचालक सौम्य अग्रवाल, सहसंयोक राम कृपाल शुक्ल, जिला मीडिया प्रभारी डीपी सिंह बैस ने जानकारी दी।

#### तराई के ऑक्सफोर्ड की स्थापना राज परिवार की देन: जयेंद्र



एमएलके पीजी कॉलेज में आयोजित संस्थापक सप्ताह समारोह में मेधावी छात्र को प्रमाण पत्र वितरित करते अतिथि।

**बलरामपुर, अमृत विचार।** एमएलके पीजी कॉलेज के आदि संस्थापक महाराजा सर पाटेश्वरी प्रसाद सिंह की स्मृति में आयोजित संस्थापक सप्ताह समारोह का समापन बुधवार को प्रकाशोत्सव पर्व के साथ हुआ। इस दौरान मेधावी छात्रों को स्वर्ण पदक व दस दस हज़ार का चेक प्रदान कर उन्हें सम्मानित भी किया गया। प्रकाशोत्सव पर्व का शुभारंभ मुख्य अतिथि महाविद्यालय के संस्थापक अध्यक्ष महाराजा जयेन्द्र प्रताप सिंह, विशिष्ट अतिथि प्रबंध समिति के सदस्य राजा ऐश्वर्य राज सिंह, प्रबंध समिति के सचिव लेफ्टिनेंट कर्नल आरके मोहन्ता, संयुक्त सचिव बीके सिंह व प्राचार्य प्रो जेपी पाण्डेय ने आदि संस्थापक अध्यक्ष महाराजा पाटेश्वरी प्रसाद सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया। प्राध्यापकों व छात्रों को संबोधित करते हुए संस्थापक अध्यक्ष महाराजा जयेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि आदि संस्थापक महाराजा पाटेश्वरी प्रसाद को सच्ची श्रद्धांजलि होगी कि जिन उद्देश्य की पूर्ति के लिए इस महाविद्यालय की नींव डाली गई थी। उसके सतत विकास के लिए हम प्रयत्नशील रहें। यहां से अध्ययन प्राप्त कर निकले छात्रों ने ना सिर्फ अपने देश बल्कि विदेशों में भी महाविद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। महाविद्यालय को ऐसे पुरातन छात्रों की भी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। विशिष्ट अतिथि राजा ऐश्वर्य राज सिंह ने कहा कि राजपरिवार हमेशा बलरामपुर की जनता के कल्याण के लिए सदैव तत्पर रही है। सचिव लेफ्टिनेंट कर्नल आरके मोहन्ता ने कहा कि महाविद्यालय में पहली बार शिक्षकों के प्रयास से पेटेंट कार्य को बढ़ावा मिला है जो मील का पत्थर साबित होगा। संयुक्त सचिव बीके सिंह ने कहा कि यदि मेहनत और लगन से कोई भी कार्य किया जाए तो उसमें सफलता अवश्य मिलती है। प्राचार्य प्रो जेपी पाण्डेय ने महाविद्यालय की प्रगति आख्या प्रस्तुत की। इस दौरान विभिन्न कक्षाओं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावियों को महाराजा जयेन्द्र प्रताप सिंह ने स्वर्ण पदक, प्रमाण पत्र व दस-दस हजार रुपये का चेक प्रदान कर सम्मानित किया। स्वर्ण पदक प्राप्त करने वालों में रोहित कुमार कसौधन, मनीष पाण्डेय, आयुषी गुप्ता, रिफत रियाज़, लता पटवा, तुषार अग्रवाल, विनोद कुमार, आयुष शुक्ल, श्वेता भट्ट व उमामणि शामिल रहे।

---

# निर्माण कार्यों में तेजी लाने का डीपीआरओ ने दिया निर्देश

**रेहराबाजार, बलरामपुर, अमृत विचार।** शासन के मंशानुरूप विकास खण्ड के 44 ओडीएफ प्लस गांवो के सचिवों, ग्राम प्रधानों के साथ विकास खण्ड रेहराबाजार के मीटिंग हाल में बीडिओ कान्फ्रेंसिंग वर्चुअल मीटिंग के माध्यम से निदेशक पंचायतीराज राजकुमार, उपनिदेशक पंचायतीराज एसएन सिंह, डीपीआरओ श्रेया उपाध्याय ने कार्य मे तेजी लाने के लिए जरूरी निर्देश दिया। एडीओ पंचायत इरफान उल्ला खां ने बताया कि अधिकारियो ने वर्ष 2023 व 24 मे चयनित 44 ओडीएफ गांवों के प्रधान व सचिव को आरसी सेंटर, खाद गड्ढा, कचरा वाहन, सोखता गडढा, फील्टर चैंबर, नाली सील्टकेचर, भस्मक आदि के निर्माण कार्यो मे तेजी लाने व गुणवत्तापूर्ण कार्य करने का सम्बन्धित को निर्देश दिया। इस अवसर पर कोर्डीनेटर सुधीर मिश्रा, हीरालाल, अखण्ड मिश्रा मौजूद रहे।

# ग्रामीण क्षेत्र के परीक्षार्थियों का सफर होगा आसान

संवाददाता, बलरामपुर

### सुविधा

▶▶ बोर्ड परीक्षार्थियों के लिए चलेंगी परीक्षा केंद्र तक सरकारी बसें

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड परीक्षा को लेकर शासन काफी गंभीर है। परीक्षार्थियों की समस्या को देखते हुए परीक्षा केन्द्रों तक परिवहन बस संचालन की पहल की गयी है। इस पहल से दूर दराज के ग्रामीण क्षेत्रों में परीक्षा देने जाने वाले परीक्षाओं को काफी सहूलियत मिलेगा।

जिले में 64 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं इन परीक्षा केन्द्रों पर 35000 परीक्षार्थी हाई स्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा देंगे। परीक्षा आगामी 22 फरवरी से शुरू होगी। विभाग की माने तो करीब 18 केंद्र ऐसे हैं जहां परीक्षार्थियों को 15 से 25 किलोमीटर तक दूरी पर बने केंद्र पर परीक्षा देनी है। ऐसे में केंद्र पर समय से पहुंचने के लिए परीक्षार्थियों को बड़ी चुनौती थी जिसको देखते हुए शासन ने दूर दराज ग्रामीण क्षेत्र के परीक्षा केंद्र तक जाने के लिए परिवहन विभाग की विशेष बसों का संचालन करने की पहल की गयी है। शासन के निर्देश पर जिला विद्यालय निरीक्षक ने परिवहन विभाग से ग्रामीण क्षेत्रों में बसों की उपलब्धता को लेकर शुरू कर दी है। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड परीक्षा के दौरान दोनों पालियों में बच्चों को केंद्र तक पहुंचाने के लिए मार्ग व समय निर्धारित कर बसों का नियमित संचालन शुरू करने की वार्ता की है।

**ग्रामीण क्षेत्रों के केन्द्रों पर बोर्ड परीक्षा के दौरान चलेंगे रोडवेज बसें :** यूपी बोर्ड परीक्षा में मुख्य विषय में परीक्षा के दौरान ज्यादा बसें रोडवेज के संचालन की अपील की गयी। परीक्षा के दौरान बसों का संचालन प्रत्येक मार्ग पर करने की अपील की है। विशेषतौर पर गणित, हिंदी, अंग्रेजी व विज्ञान समेत अन्य प्रमुख विषयों की होने वाली परीक्षाओं के दौरान बसों की संख्या में वृद्धि की भी आवश्यकता बताई है। सरकारी बसों के संचालन से ग्रामीण क्षेत्र के दूर दराज केंद्र पर परीक्षा देने वाले परीक्षाओं को काफी राहत मिलेगी।

---

आयोजन | शिक्षा के साथ ही बेहतरीन संस्कारों का केंद्र है सूर्या एकेडमी : कुलपति

# वार्षिकोत्सव में दिखी देश के विभिन्न संस्कृतियों की झलक

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** खलीलाबाद स्थित सूर्या इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल का 11वां वार्षिकोत्सव समारोह बुधवार को धूमधाम से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने देश के सभी राज्यों की सभ्यताओं और संस्कृतियों को से प्रस्तुत किया। अवध के राम, बिहार सभ्यता और संस्कृति के साथ ही डाकू कलुआ का खौफ, पंजाबी लोक नृत्य, असमिया वीवो नृत्य, गुजराती गरबा नृत्य, मराठी लोकनृत्य, बांग्ला नृत्य समेत सभी प्रांतों की जीवन शैली का परिचय कराते हुए दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

मुख्य अतिथि सेंट्रल यूनिवर्सिटी गया के प्राचार्य डॉ के.एन. सिंह ने मौजूद लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि 11 वर्ष पूर्व जब इस एकेडमी की नींव डाली गई थी तो मैं उस पल का साक्षी रहा हूं। आज वह बीज वटवृक्ष बन चुका है। सूर्या एकेडमी के प्रबन्ध निदेशक डॉ उदय प्रताप चतुर्वेदी और उनकी पत्नी सविता चतुर्वेदी ने कहाकि सूर्या एकेडमी पूरी तरह से अत्याधुनिक सुविधाओं से लैश है और सभी बच्चों को विश्व स्तरीय शिक्षा प्रदान कराई जा रही है। श्री सिंह ने कहा कि दबाव के चलते हमारा युवा वर्ग डिप्रेशन का शिकार होता जा रहा है।



कार्यक्रम में मौजूद अतिथि।




देशभक्ति गीत पर प्रस्तुति देतीं छात्राएं। अमृत विचार

गोरखपुर विश्वविद्यालय के प्रोफेसर ओ.पी. पाण्डेय ने कहा कि अनुशासन और गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा की बदौलत ही यह संस्थान उत्कृष्ट बन गया है। प्रबंध निदेशका सविता चतुर्वेदी ने कहा कि अभिभावक जिस भरोसे से अपने मासूम बच्चों को हमारे हवाले करते हैं उसपर खरा उतरते हुए उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनाकर हम वापस लौटाने का हर सम्भव प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों के भविष्य निर्माण में उनके अभिभावकों की भी बड़ी भूमिका होती है। अपने बच्चों से किसी की तुलना कदापि न करें और बच्चों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते रहें। प्रबंध निदेशक डॉ उदय प्रताप चतुर्वेदी ने सभी अतिथियों और भारी संख्या में मौजूद अभिभावकों के प्रति आभार ज्ञापित करते हुए कहा कि अतिथियों, अभिभावकों और शुभचिंतकों के आशीर्वाद तथा खुद के साथ ही शिक्षकों की मेहनत की बदौलत सूर्या एकेडमी, एस आर एकेडमी नाथनगर, राजन इंटरनेशनल एकेडमी बस्ती समेत दर्जनों शैक्षिक संस्थान सफलता का कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। सूर्या परिवार ने मेडिकल के क्षेत्र में कदम रखा तो सूर्या हास्पिटल खलीलाबाद, एस आर हास्पिटल नाथनगर के साथ ही सूर्या पैरामेडिकल कालेज भुजैनी का संचालन सफलता पूर्वक हो रहा है। बी फार्मा और डी फार्मा की क्लासें चल रही हैं। शीघ्र ही बीएससी नर्सिंग, जीएनएम आदि की कक्षाएं भी शुरू करा दी जाएंगी। डा चतुर्वेदी ने कहा कि आनेवाले दिनों में जिले में मेडिकल कॉलेज की स्थापना भी जरुर कराऊंगा।समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष बलिराम यादव, राकेश चतुर्वेदी, अभयानंद सिंह, रत्नेश मिश्र, त्रिपुरारी तिवारी, धीरज पाण्डेय, राम सुरेश चौरसिया, महेंद्र पासवान समेत तमाम लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के बाद हजारों बच्चों, अभिभावकों और अतिथियों को भोजन कराकर विदा किया गया।

# प्रधानमंत्री करेंगे ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का उद्घाटन

## मुख्यमंत्री ने सदन में कहा, 19 फरवरी को धरातल पर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में हुए इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट को सदन में रखते हुए बताया कि आगामी 19 फरवरी को राजधानी में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। इस दौरान 10 लाख करोड़ रुपये के निवेश को धरातल पर उतारा जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में थल, जल और नभ में इन्फ्रास्ट्रक्चर में वृद्धि हुई है। वहीं, इस बात की भी जानकारी दी कि बहुत जल्द ही उप्र 21 एयरपोर्ट वाला देश का पहला राज्य बनने जा रहा है। योगी ने कहा कि प्रदेश अब बिजनेस हब और निवेश का ड्रीम डेस्टिनेशन बन चुका है। जीआईएस 2023 इसका श्रेष्ठ उदाहरण है, जिसमें लगभग 40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले। आगामी 19 फरवरी को प्रधानमंत्री द्वारा 10 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव की ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी होने जा रही है। उसी समय रिपोर्ट भी पढ़ेंगे कि पिछले निवेश से कितनी नौकरियां लगी हैं, कितने रोजगार का सृजन हुआ है और यूपी में इसका क्या असर पड़ा है। योगी ने कहा कि यह सब इसलिए संभव हुआ है क्योंकि यूपी में सुदृढ़ कानून-व्यवस्था, ईज ऑफ डुइंग बिजनेस, निवेश अनुकूल नीतियां, सिंगल विंडो सिस्टम तथा जवाबदेह और पारदर्शी नीतियां हैं।


सदन में बोलते हुए मुख्यमंत्री योगी

**विपक्ष को यूपी की विकास गाथा को स्वीकार करना चाहिए :** योगी ने एक प्रमुख इंग्लिश अखबार में प्रकाशित रिपोर्ट का भी उल्लेख किया जिसमें बताया गया कि तमिलनाडु के तिरुपुर जिले में यूपी के दो लाख से अधिक लोग कार्य करते थे, मगर पिछले सात साल में उनमें से 60 हजार लोग वापस यूपी में जा चुके हैं, क्योंकि उन्हें वहीं रोजगार मिल गया है। मुख्यमंत्री ने विपक्ष को इंगित करते हुए कहा कि यूपी की इस विकास गाथा को सभी को स्वीकार करना चाहिए।

**आज 150 फ्लाइट के जरिए 75 से अधिक जगहों तक हवाई सेवा उपलब्ध :** मुख्यमंत्री ने बताया कि 2017 में प्रदेश में दो एयरपोर्ट वाराणसी और लखनऊ पूरी तरह से क्रियाशील थे। आज 10 एयरपोर्ट क्रियाशील हैं, जिनसे 150 फ्लाइट 75 से अधिक डेस्टिनेशन तक हवाई सेवा उपलब्ध करा रही हैं। 2016-17 से 2023 तक हवाई यात्रियों की संख्या में 100 गुना की बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने बताया कि यहां की सदानीरा नदियों में कनेक्टिविटी के लिए इनलैंड वॉटर वेज अथारिटी बनाई है। इसके तहत जनपद वाराणसी में मल्टी मोडल टर्मिनल का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। आज रेल का सबसे बड़ा नेटवर्क हमारे पास है।

**इस साल के अंत तक 12800 मेगावॉट हो जाएगी विद्युत उत्पादन क्षमता :** मुख्यमंत्री ने ऊर्जा सेक्टर के बारे में बताते हुए कहा कि 2016-17 में प्रदेश मंर कुल विद्युत उत्पादन क्षमता 5600 मेगावॉट थी। वर्तमान में कुल उत्पादन क्षमता 8688 मेगावॉट हो गई है। इस साल के अंत तक हम विद्युत् उत्पादन क्षमता 12800 मेगावॉट हो जाएगी। 2017 तक कुल 128494 मजरों तक बिजली आपूर्ति पहुंच पाई थी। बीते साल साल में 249818 मजरों तक बिजली आपूर्ति. यानी 100 प्रतिशत मजरों को विद्युतीकृत किया जा चुका है।

### 10 गुना बढ़ी हैं सौर ऊर्जा परियोजनाएं

सौर ऊर्जा की बात करें तो 2017 तक कुल स्थापित 288 मेगावॉट क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजनाएं थी, जो वर्तमान में 2596 मेगावॉट हो गयी हैं। यानी सौर ऊर्जा आधारित विद्युत परियोजनाओं में पिछले लगभग 7 वर्षों में 10 गुना बढ़ोतरी हुई है। अयोध्या और काशी सोलर सिटी के रूप में विकसित की जा रही है तो बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे को सोलर एक्सप्रेस वे के रूप में तैयार किया जा रहा है। अयोध्या में 10 किलोमीटर लम्बे मार्ग को सोलर स्मार्ट स्ट्रीट लाइट द्वारा प्रकाशित किया गया है, जो एक विश्व रिकॉर्ड है।

### फोर लेन की 1235 परियोजनाओं को आगे बढ़ाया

मुख्यमंत्री योगी ने बताया कि पूर्वांचल एक्सप्रेसवे और बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के बाद गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस की शुरुआत होने जा रही है। बलिया लिंक एक्सप्रेसवे भी बन रहा है। चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे बनने जा रहा है। प्रयागराज महाकुंभ से पहले सरकार का प्रयास है कि गंगा एक्सप्रेस को चालू कर दिया जाए। उन्होंने बताया कि लखनऊ कानपुर लिंक एक्सप्रेसवे और बलिया लिंक एक्सप्रेसवे को भारत सरकार के सहयोग से बनाया जा रहा है। प्रदेश के विभिन्न जनपदों में फोर लेन की 1235 प्रोजेक्ट को पिछले सात साल में आगे बढ़ाया गया है।

## तीन आईपीएस अफसरों के तबादले

**लखनऊ :** शासन ने तीन आईपीएस अफसरों के तबादले कर दिए हैं। इसमें सेनानायक 11वीं वाहिनी पीएसी दुर्गेश कुमार को लखनऊ कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त के पद पर तैनाती दी गई है। वहीं विद्या सागर मिश्र का पुलिस उपायुक्त गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट से पुलिस उपायुक्त कमिश्नरेट लखनऊ के पद पर किया गया तबादला निरस्त कर दिया गया है। वह डीसीपी नोएडा बने रहेंगे। अपर पुलिस उपायुक्त कमिश्नरेट लखनऊ सैयद अली अब्बास को अपर पुलिस उपायुक्त आगरा के पद पर भेजा गया है।

## गलत ढंग से हुए 32 अधिकारियों के तबादले रद

**राज्य ब्यूरो, लखनऊः** बिना मुख्यमंत्री से अनुमोदन कराए खनन विभाग में हुई 32 अधिकारियों के स्थानांतरण आदेश को रद कर दिया गया है। यह जानकारी विधान परिषद में नेता सदन व उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने दी। उन्होंने कहा कि विभागीय जांच में जो भी दोषी होगा उस पर कार्रवाई की जाएगी। विस्तृत जांच रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। वार्षिक स्थानांतरण नीति के तहत 30 जून के बाद किसी अधिकारी या कर्मचारी का तबादला करने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अनुमोदन लेने का प्रावधान है।


**आवश्यकता है**

1– प्राचार्य 15 वर्ष शिक्षण अवधि व पीएचडी उपाधि, 2– विज्ञान संकाय गणित, भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, वनस्पति विज्ञान, जन्तु विज्ञान एंव पर्यावरण विज्ञान मे 2–2 प्रवक्ता, 3– कला संकाय हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, समाजशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, अर्थशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, भूगोल, गृह विज्ञान, चित्रकला, उर्दू, मध्यकालीन इतिहास, सैन्य विज्ञान, दर्शन विज्ञान एंव व्यवसायिक शिक्षा (कौशल विकास) व शारीरिक शिक्षा के 2–2 प्रवक्ता, 4– स्नातकोत्तर कक्षाओं के लिये हिन्दी, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, गृह विज्ञान, भूगोल एंव शिक्षाशास्त्र मे 3–3 प्रवक्ता, 5– यह रिक्ति स्वावित्त योजना के अंतर्गत स्नातक एंव स्नातकोत्तर कक्षाओं मे पढ़ाने के लिये यूजीसी मानक के अनुसार प्रवक्ता पद के लिये पीएचडी व नेट उत्तीर्ण अर्ह अभ्यर्थी, 6– एक योग्य पुस्तकालयाध्यक्ष, 5 लिपिक, 1 कम्प्यूटर ऑपरेटर स्नातक, 5 चपरासी व कक्षा 8 पास सफाई कर्मी। नोटः– इच्छुक अभ्यर्थी सूचना प्रकाशन के 15 दिनो के भीतर पंजीकृत डाक अथवा वाहक द्वारा शैक्षिक प्रमाण पत्र महाविद्यालय मे करा सकते हैं। साक्षात्कार की तिथि अभ्यर्थी को सूचित की जायेगी।

**प्रबंधकः– श्रीमती सरोज**
**बुधनी देवी स्मारक महाविद्यालय**
**शास्त्रीनगर रिसिया बहराइच 271875**
**मो. नं. 9919751551, 8004972161**

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/ निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–प्रापण निविदाएं आमंत्रित करते है। **क्र० सं०–1, ई–प्रापण निविदा संख्या :** उप मु०इं०–नि०–मुख्या० 29–2023, दिनांक 05.02.2024, **कार्य का नामः** पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के अंतर्गत इन्दारा–दोहरीघाट आमान परिवर्तन खण्ड में अमिला–दोहरीघाट के मध्य एल०सी० नं० 23 कि०मी० 28/2–3 (पुराना) के निर्माण का कार्य पुशीग मैथर्ड के माध्यम से एल०एच०एस० से सम्बन्धित कार्य का निर्माण वाटर कलेक्शन, चैम्बर/सम्प एवं अन्य विविध कार्य।, अनुमानित निविदा मुल्य : 54269667.68, बयाना राशि (रू०) : 421400.00, निविदा प्रपत्र का मुल्य (रू०) : – Nil, कार्य पूर्ण करने की अवधि : 8 (आठ) माह। ● बिड प्रारम्भ करने की तिथि– 19.02.2024 ● उपरोक्त ई–निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि – दिनांक 04.03.2024 15.00 बजे तक। ● उपरोक्त ई–निविदा खुलने की तिथि – दिनांक 04.03.2024 15.00 बजे। ● निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तें वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। ● निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें। श्री रवि प्रकाश, सहायक कार्यपालक इंजीनियर/निर्माण/ मुख्या०/ गो०, मो० 9794844281.

**उप मुख्य इंजीनियर/नि०/मुख्या०**
**मुजाधि/डब्ल्यू - 532 गोरखपुर**

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई–निविदा सूचना सं. इज्जत/इलै/ ओ.टी./01/2024 दि. 05.02.2024**

निम्नलिखित कार्यों के लिए ई–निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक/विद्युत/पूर्वोत्तर रेलवे/ इज्जतनगर द्वारा आमन्त्रित की जाती हैः–

**क्रम सं0 1:– कार्य का नामः** न्यू मॉडल कॉलोनी, इज्जतनगर और ऑफिस कॉलोनी इज्जतनगर की प्रकाश व्यवस्था को सुदृढ़ करना और कासगंज मेन सबस्टेशन एवं हॉस्पिटल कॉलोनी के वर्तमान एल.टी. पैनल को नये एल.टी. पैनल को बदलना। **अनुमानित लागत रु. मेंः** ₹ 40,43,346.50, **धरोहर राशि रु. मेंः** ₹ 80,900.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. मेंः शून्य, ई–निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि व समयः 28.02.2024, 11.00 बजे तक। स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधिः **चार माह।**

**क्रम सं0 2:– कार्य का नामः** काठगोदाम हल्द्वानी, लालकुँआ, हल्दी रोड, रुद्रपुर सिटी, बिलासपुर रोड, चमरूआ, केमरी, किच्छा तथा पंतनगर स्टेशन की प्रकाश व्यवस्था में सुधार। **अनुमानित लागत रु. मेंः** ₹ 50,01,156.81, **धरोहर राशि रु. मेंः** ₹ 1,00,100.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. मेंः शून्य, ई–निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि व समयः 28.02.2024, 11.00 बजे तक। स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधिः **चार माह।**

इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जाएगा। पूर्ण विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर अपलोड कर दिया गया है। निविदादाता के पास क्लास–।।। डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र होना आवश्यक है और IREPS पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदादाता ही ई टेण्डरिंग में भाग ले सकते हैं। सभी आवश्यक दस्तावेज ई–निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किये जाने चाहिए।

**वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजीनियर(सा.)**
**मुजाधि/विद्युत–263 इज्जतनगर**

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद बहराइच**

सं0– 906/स्टाम्प शुल्क/नि0का0/टेण्डर/2023–24 दिनांक– 7 फरवरी 2024

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

इस कार्यालय के पत्र सं0–905/स्टाम्प शुल्क /नि0का0/टेण्डर/2023–24 दिनांक 07 फरवरी, 2024 द्वारा वित्तीय वर्ष 2023–24 में निर्माण कार्यो हेतु नगर पालिका परिषद बहराइच के साथ–साथ अन्य विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों/फमों (जिनके हैसियत/चरित्र प्रमाण पत्र निर्धारित समय सीमा के अन्दर के हों) को सूचित किया जाता है कि स्टाम्प शुल्क के अन्तर्गत स्वीकृत कार्यो में से 02 कार्यो हेतु दिनांक 27.02.2024 को अपरान्ह 4:00 बजे तक सीलबन्द निविदायें नगरपालिका परिषद बहराइच के निर्माण अनुभाग में शर्तो के अधीन आमन्त्रित की जाती है। जो उसी दिन अपरान्ह 4:30 बजे सहायक अभियनता (सिविल) एंव अधिशासी अधिकारी द्वारा उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा के साथ 2% धरोहर धनराशि की एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0/टी0डी0आर0/सी0डी0आर0 जो अधिशासी अधिकारी के पद नाम से बन्धक हो, जमा करना होगा। निविदा फार्म नगरपालिका परिषद बहराइच के निर्माण अनुभाग से निर्धारित मूल्य जमा करके दिनांक 26.02.2024 को प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं। प्राप्त सभी निविदाओं अथवा न्यूनतम निविदा को बिना कारण बताये निरस्त किये जाने का अधिकार अध्यक्ष महोदय को होगा। सशर्त निविदायें स्वीकार नही की जायेगी। अपरिहार्य कारणों से यदि निविदा प्राप्त होने या खोलने की तिथि पर कार्यालय बन्द रहता है, तो निविदा प्राप्त होने या खोलने की कार्यवाही अगले कार्यालय दिवस में की जायेगी। स्थान व समय तथा निविदा की वैधता अवधि पूर्ववत् रहेगी। सम्बधित निविदा सूचना नगरपालिका परिषद, बहराइच की वेब साइट –www.bahraichnpp.in पर उपलब्ध है।

**(प्रतिमा सिंह)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगरपालिका परिषद**
**बहराइच।**

**(सुधा देवी)**
**अध्यक्ष**
**नगरपालिका परिषद**
**बहराइच।**


## घूसखोरी में पीएनबी के शाखा प्रबंधक और फील्ड अफसर को किया गिरफ्तार

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ :** सीबीआई ने बुधवार को पीएनबी के गढ़मुक्तेश्वर शाखा के प्रबंधक और फील्ड अफसर को 20 हजार घूस लेते गिरफ्तार किया है। इस संबंध में मेरठ व हापुड में स्थित आरोपियों के परिसरों पर तलाशी भी ली गई। सीबीआई को मिली शिकायत के आधार पर अफसरों पर मामला दर्ज किया। आरोप है कि शिकायतकर्ता ने पीएमईजीपी योजना के तहत सिलाई मशीनों की खरीद के लिए केवीआईसी ऋण के लिए पीएनबी गढ़मुक्तेश्वर शाखा, हापुड में आवेदन किया था। बैंक द्वारा ऋण, स्वीकृत किया गया था। ऋण राशि दो लाख का भुगतान के लिए शाखा प्रबंधक और फील्ड अफसर ने घूस मांगी। यह भी आरोप है कि बैंक कर्मियों ने शिकायतकर्ता से कहा कि दो लाख की बजाए चार लाख रुपये का ऋण स्वीकृत किया जाएगा।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद नानपारा–बहराइच**

पत्रांक :– 581 / न0पं0नान0 / राज्य मिशन निदे0 (एस0बी0एम0) / निर्माण कार्य/ई–टेण्डर/2023–24 दिनांक– 01.02.2024

**ई–निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद, नानपारा, जनपद बहराइच द्वारा राज्य मिशन निदेशक (एस0बी0एम0) योजना से स्वीकृत 03 निर्माण कार्य हेतु ई–निविदा कार्यो के लिए पंजीकृत समस्त अनुभवी ठेकेदारों/फर्मो से प्रतिशत दर के आधार निम्नलिखित नियमों एवं शर्तो के अधीन आमंत्रित की जाती हैं। ई–निविदा सूचना आनलाइन दिनांक 07.02.2024 को प्रातः 11.00 बजे से दिनांक 22.02.2024 को अपरान्ह 2.00 बजे तक ई–टेण्डर पोर्टल http//etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। ठेकेदार/फर्मो उपरोक्त तिथि एवं समय में ही ई–टेण्डरिंग के माध्यम से निविदायें ई–टेण्डर पोर्टल http//etender.up.nic.in पर डाउनलोड करके अपलोड कर सकते हैं। आनलाइन अपलोड की गयी प्रत्येक निविदा से सम्बन्धित अभिलेखों जैसे–जमानत धनराशि, निविदा मूल्य, हैसियत, चरित्र प्रमाण पत्र, पंजीकरण प्रमाण पत्र इत्यादि की हार्ड कापी (तकनीकी बिड) के बन्द लिफाफे दिनांक–22.02.2024. सायं 4.00 बजे उपस्थित ठेकेदारों एवं कार्यालय नगर पालिका परिषद नानपारा पर अधिशासी अधिकारी के समक्ष खोली जायेगी। तकनीकी बिड में अर्ह पाये गये निविदादाताओं की ही वित्तीय निविदा आनलाइन बाद में खोली जायेगी, जिसकी जानकारी ई–टेण्डर पोर्टल पर उपलब्ध होगी। कार्य का विवरण अनुमानित लागत का 10 प्रतिशत धरोहर धनराशि/जमानत धनराशि निविदा मूल्य सहित विवरण निम्नवत है।

**रंगबहादुर सिंह**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**नानपारा– बहराइच**

**अब्दुल वहीद**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**नानपारा– बहराइच**

**कार्यालय नगर पंचायत गोशाईगंज, अयोध्या**

पत्रांक : 531/न0पं0गो0/स्व0मा0मि0/निविदा सूचना/2023–24 दिनांक 07.02.2024

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्वच्छ भारत मिशन आयोग के अर्न्तगत प्राप्त धनराशि से निम्नांकित कार्यो को कराये जाने की स्वीकृति कार्यालय अपर जिलाधिकारी महोदय अयोध्या के स्वीकृति दिनांक 26.03.2023 द्वारा प्रदान की गई है, जिसके क्रम में निम्नांकित कार्यो को सम्पन्न कराने हेतु दिनांक 12.02.2024 को अपरान्ह 03:00 बजे तक सीलबन्द निविदाएँ आधिशासी अधिकारी कक्ष में रखे सीलबंद निविदा बॉक्स में आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन अपरान्ह 03:30 बजे निविदा दाताओं/प्रतिनिधियों की उपस्थिति / अनुपस्थिति में सक्षम अधिकारी द्वारा खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र की बिक्री प्रकाशन तिथि से न0पं0 कार्यालय में दिनांकः 12.02.2024 को 2:00 बजे तक की जायेगी। उपरोक्त तिथियों में अवकाश की दशा में निविदा की बिक्री एवं प्राप्ति अगले कार्य दिवस में की जायेगी।

| क्रं0 सं0 | कार्य का विवरण | आगणन लागत | निविदा मूल्य | धरोहर धनराशि 2 प्रति (कालम 3 का ) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड न0 03 मे रामबली डिग्री कालेज के प्रांगण मे सामुदायिक शौचालय व यूरिनल (5+2) का निर्माण कार्य। | 548000.00 | 600 | 2 प्रति | 01 माह |
| 2 | वार्ड न0 05 में अध्यक्ष कक्ष के पीछे (5+2) सीट का सामुदायिक शौचालय और यूरिनल का कार्य । | 548000.00 | 600 | 2 प्रति | 01 माह |
| 3 | वार्ड न0 05 में नगर पंचायत प्रांगण में (5+2) सीट का सामुदायिक शौचालय और यूरिनल का कार्य। | 548000.00 | 600 | 2 प्रति | 01 माह |

**मुख्य शर्ते :**–1. निविदा के साथ निर्धारित प्रारूप पर चरित्र प्रमाण–पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र, आयकर व जी0एस0टी0 पंजीयन की प्रति तथा नोटरी द्वारा सत्यापित 100/–रू0 के स्टाम्प पेपर पर स्वघोषणा पत्र व 100/–रू0 के स्टाम्प पेपर पर 1/–रू0 का रसीदी टिकट चस्पा कर संलग्न करना अनिवार्य है। 2. निविदा के साथ आगणन धनराशि का 2 प्रतिशत की एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0 / टी0डी0आर0 संलग्न करना अनिवार्य है, शेष 8 प्रतिशत की जमानत धनराशि निविदा स्वीकृत होने के पश्चात देय होगा। 3. कार्य संतोषजनक होने तथा सक्षम प्राधिकारी द्वारा सत्यापन के उपरान्त तथा धनराशि की उपलब्धता के आधार पर ही भुगतान किया जायेगा। 4. बिना कारण बताये निविदा स्थगित / स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। 5. अन्य शर्तो व प्राक्कलन सम्बन्धी विस्तृत जानकारी कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में की जा सकती है। 6. निकाय के पंजीकृत ठेकेदार को ही निविदा प्रपत्र की बिक्री की जायेगी। 7. उपरोक्त कार्य निर्धारित समयावधि के अन्दर पूर्ण करना अनिवार्य होगा। 8. कार्य स्थल देखने के बाद ही निविदा प्रपत्र का क्रय करें।

**इंद्रभान**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत गोशाईगंज,**
**अयोध्या**

**विजय लक्ष्मी जायसवाल**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत गोशाईगंज,**
**अयोध्या**


## डबल लॉक के हवाले 'मदरसा बोर्ड प्रश्न पत्र'

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप्र मदरसा शिक्षा परिषद के प्रश्न पत्र 48 घण्टे बाद जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों के हवाले होंगे। ये डबल लॉक की सुरक्षा में रहेंगे, ताकि पारदर्शिता बनी रहे। बोर्ड रजिस्ट्रार का कहना है कि सभी जिलों के डीएमओ को बुलाया गया है, सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी परीक्षा संपन्न होने तक जारी रहेगी।

उप्र मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित होने वाली परीक्षाओं में इस वर्ष 1 लाख 41 हजार 115 परीक्षार्थी प्रतिभाग करेंगे। जिसमें छात्रों की संख्या 71 हजार 702 है। जबकि छात्राओं की संख्या 69 हजार 413 है। 13 फरवरी से आयोजित होने वाली परीक्षाओं को लेकर जिले के सभी अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों को मदरसा दारूल उलूम वारसिया में बुलाया गया है। जहां इन्हें डबल लॉक की सुपुर्दगी में दिया जाएगा। बोर्ड रजिस्ट्रार प्रियंका अवस्थी का कहना है कि 10 फरवरी की सुबह सभी प्रश्नपत्रों को अधिकारियों की सुपुर्दगी में दे दिया जाएगा। यहां से प्रश्नपत्र जनपदवार कोषागार में जमा होंगे। बाद में ये परीक्षा केन्द्र संचालकों को दिये जाएगे। परीक्षा संपन्न होने तक सीसीटीवी की निगरानी में सभी प्रक्रियाएं पूरी की जाएंगी।

**बोर्ड ने बनाए 511 परीक्षा केंद्र :** मदरसा बोर्ड ने प्रदेश के 73 जनपदों में 511 परीक्षा केन्द्र स्थापित किये हैं। जिनमें सीसीटीवी के सहारे सभी रिकार्डिंग को डिवाइस में सुरक्षित रखने के निर्देश जिलावार दिये गए हैं।

**इन जिलों में एक भी परीक्षा केंद्र नहीं:** प्रदेश के ललितपुर और गौतमबुद्ध नगर जनपदों में उप्र मदरसा शिक्षा परिषद की परीक्षाएं नहीं कराई जाएंगी। क्योंकि इन दोनों जनपदों में एक भी परीक्षा केन्द्र स्थापित नहीं हो सके हैं। परीक्षा समिति के सदस्य कमर अली कहते हैं कि यहां पर बोर्ड से पंजीकृत मदरसों का संचालन नहीं हो सका है। ऐसे में परीक्षा कराया जाना संभव नहीं है। अगले सत्र में व्यवस्थाओं को व्यवस्थित किया जाएगा।




## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 990 फ्लैग 1110 डीएमओ 825 बोल्ड 1145, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 900।

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल प्रति कुन्तल** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800। |

# भारत 2027 में कच्चे तेल की मांग में वृद्धि का सबसे बड़ा केंद्र होगाः आईईए

## अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी ने रिपोर्ट में कहा-पड़ोसी देश चीन को भी छोड़ देगा पीछे

**बेतुल (गोवा), एजेंसी**

भारत 2027 में वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की मांग में वृद्धि के केंद्र के रूप में चीन से आगे निकल जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने यह अनुमान लगाते हुए कहा है कि दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था में परिवहन तथा उद्योग की खपत स्वच्छ ऊर्जा और विद्युतीकरण पर बड़े जोर के बावजूद इस वृद्धि को गति देगी।

पेरिस स्थित एजेंसी ने बुधवार को यहां भारत ऊर्जा सप्ताह में जारी एक 2030 तक भारतीय तेल बाजार परिदृश्य पर एक विशेष रिपोर्ट में




कहा कि देश की कच्चे तेल कर मांग 2023 में 54.8 लाख बैरल प्रति दिन (बीपीडी)से बढ़कर 2030 में 66.4 लाख बीपीडी हो जाएगी। चीन वर्तमान में तेल की मांग का सबसे बड़ा चालक है और भारत इस सूची में नंबर दो पर है। पेट्रोलियम मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, घरेलू खपत करीब 50 लाख बैरल प्रति दिन (बीपीडी) है। आईईए के निदेशक (ऊर्जा बाजार एवं सुरक्षा) किसुके सदामोरी ने कहा-त्वरित हरित ऊर्जा कदमों के बावजूद 2030 तक भारत की तेल मांग तीव्र गति से बढ़ेगी। भारत की वृद्धि दर 2027 में चीन से आगे निकल जाएगी।

### डीजल पर कंपनियों को तीन रुपये प्रति लीटर का घाटा, पेट्रोल पर मुनाफा घटा




कच्चे तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में हालिया मजबूती आने से सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों को डीजल पर प्रति लीटर लगभग तीन रुपये का घाटा हो रहा है जबकि पेट्रोल पर उनके मुनाफे में कमी आई है। तेल उद्योग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि पेट्रोल पर मुनाफे में कमी आने और डीजल पर घाटा होने से पेट्रोलियम विपणन कंपनियां खुदरा कीमतों में कटौती करने से परहेज कर रही हैं। अप्रैल, 2022 से ही पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं हुआ है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) का देश के करीब 90 प्रतिशत ईंधन बाजार पर नियंत्रण है। इन कंपनियों ने पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमतों में स्वेच्छा से कोई बदलाव नहीं किया है।

### एआई पर भारत और अमेरिका को सहयोग बढ़ाने की जरूरतः नडेला

**मुंबई।** दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट के प्रमुख सत्या नडेला ने बुधवार को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से संबंधित नियमों और अन्य मानदंडों पर भारत और अमेरिका के बीच सहयोग बढ़ाने की वकालत की। भारत में पले-बढ़े नडेला ने कहा कि एआई पर भारत और अमेरिका के बीच व्यापक साझेदारी से आर्थिक वृद्धि के समान वितरण में भी मदद मिल सकती है। नडेला ने यहां माइक्रोसॉफ्ट के एक कार्यक्रम में शिरकत करते हुए कहा कि एआई एक शक्तिशाली नई प्रौद्योगिकी है जिसे दुनिया के हर कोने में तेजी से 'प्रसारित' करने की जरूरत है। भारत की दो दिवसीय यात्रा पर आए सत्या नडेला ने कहा कि मुझे लगता है कि खास तौर पर भारत और अमेरिका के लिए यह जरूरी है कि वे इस पर सहयोग करने में सक्षम हों और संबंधित मानदंडों एवं नियमों को तय करें।

## नीति आयोग ने एलएनजी को परिवहन ईंधन के रूप में प्रोत्साहन देने की वकालत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

▶▶ **रिपोर्ट में कहा-देश का ट्रक बाजार उत्सर्जन को कम करने के लिए अग्रसर**

नीति आयोग ने मध्यम और भारी वाणिज्यिक वाहनों में परिवहन ईंधन के रूप में तरल प्राकृतिक गैस (एलएनजी) के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए वित्तीय और गैर-वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करने की वकालत की है। आयोग ने 'मध्यम और भारी वाणिज्यिक वाहनों में परिवहन ईंधन के रूप में एलएनजी' शीर्षक वाली रिपोर्ट में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) क्षेत्र में ऊर्जा दक्षता सेवाओं (ईईएसएल) की तरह एलएनजी ट्रक खरीदने के लिए एक मांग एग्रीगेटर कंपनी स्थापित करने का सुझाव दिया है।

आयोग ने कहा कि भारत का तेजी से बढ़ता ट्रक बाजार उत्सर्जन को कम करने और वृद्धि के लिए निवेश को प्रोत्साहित करने की अपार संभावनाएं प्रदान करता है। इस बाजार के 2022 में 40 लाख ट्रक से बढ़कर 2050 तक लगभग 1.7 करोड़ ट्रक होने की उम्मीद है। आयोग ने सुझाव दिया कि एलएनजी को बढ़ावा देने के लिए गैर-वित्तीय प्रोत्साहन के रूप में एलएनजी वाहनों के लिए प्राथमिकता वाली लेन पहुंच प्रदान की जा सकती है। इसमें कहा गया-प्रमुख शहरों और सड़कों को पहचानने की जरूरत है और ऐसी प्राथमिकता वाली लेन पहुंच का परीक्षण पहले प्रमुख शहरों और सड़कों पर किया जा सकता है। आयोग ने यह भी सुझाव दिया है कि वैकल्पिक ईंधन की स्वीकार्यता को प्रोत्साहित करने के लिए एलएनजी पर चलने वाले हेवी-ड्यूटी ट्रकों को शहरों में प्रवेश करने की अनुमति दी जा सकती है जबकि डीजल ट्रकों पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 72,000 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,400 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 48,000-48,200 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,400 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 64,250 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 72,200 |
| चांदी तैयार | 72,300 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 64,100 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,100 |
| चांदी पक्की | 714(अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 64,300 |
| चांदी आभूषण | 72,200। |

## डब्ल्यूटीओ में श्रम, गैर व्यापारिक मुद्दे पर नहीं होनी चाहिए चर्चा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

▶▶ **भारत की ओर से एक अधिकारी ने की टिप्पणी**

भारत अपने इस रुख पर कायम है कि श्रम एवं पर्यावरण जैसे मामले गैर-व्यापारिक मुद्दे हैं और उनकी चर्चा विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में नहीं होनी चाहिए। भारत की ओर से एक अधिकारी ने बुधवार को यह बात कही।

अधिकारी ने कहा कि पर्यावरण-अनुकूल विकास की आड़ में व्यापार बाधाएं खड़ी नहीं की जानी चाहिए और इन मुद्दों की चर्चा संयुक्त राष्ट्र जैसे विभिन्न बहुपक्षीय मंचों पर की जा सकती है। डब्ल्यूटीओ के 164 सदस्य देशों के व्यापार मंत्री इस महीने के अंत में कृषि जैसे मुद्दों पर विचार-विमर्श करने के लिए अबू धाबी में एकत्रित होंगे। इस लिहाज से भारत की यह टिप्पणी महत्वपूर्ण है। विकसित देश इन गैर-व्यापारिक मुद्दों पर औपचारिक बातचीत शुरू करने पर जोर दे रहे हैं और वे अबू धाबी बैठक में भी इन मुद्दों को उठाने का प्रयास करेंगे। डब्ल्यूटीओ का 13वां मंत्रिस्तरीय सम्मेलन (एमसी) 26-29 फरवरी को संयुक्त अरब अमीरात के अबू धाबी में होगा।

### सोना 170 रुपये मजबूत, चांदी में 300 रुपये की गिरावट

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में तेजी के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने का भाव 170 रुपये की मजबूती के साथ 63,370 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 63,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी की कीमत 300 रुपये की गिरावट के साथ 74,600 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 74,900 रुपये प्रति किलोग्राम पर रही थी।

## जनवरी में शाकाहारी थाली हुई महंगी और मांसाहारी थाली की लागत हो गई कम

**मुंबई, एजेंसी**

▶▶ **एमआईएंडए रिसर्च की रिपोर्ट से हुआ खुलासा**



घर में बनी शाकाहारी थाली जनवरी महीने में सालाना आधार पर पांच प्रतिशत महंगी हो गई जबकि मांसाहारी थाली 13 प्रतिशत सस्ती हो गई। बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस एंड एनालिटिक्स (एमआईएंडए) रिसर्च की तरफ से जारी 'राइस रोटी रेट' अनुमान के मुताबिक, जनवरी में दाल, चावल, प्याज और टमाटर जैसी वस्तुओं के दाम बढ़ने से घर में बनी शाकाहारी थाली महंगी हो गई। वहीं पोल्ट्री दरों में गिरावट से मांसाहारी थाली के दामों में गिरावट आई। रिपोर्ट कहती है कि प्याज और टमाटर की कीमतों में पिछले महीने सालाना आधार पर क्रमशः 35 प्रतिशत और 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी होने से शाकाहारी थाली की लागत बढ़ गई है। इस रिपोर्ट के मुताबिक, शाकाहारी थाली में 12 प्रतिशत की हिस्सेदारी रखने वाले चावल के दाम जनवरी महीने में 14 प्रतिशत बढ़े जबकि नौ प्रतिशत हिस्सा रखने वाली दालों की कीमतें 21 प्रतिशत तक बढ़ गईं। इस बीच मांसाहार के शौकीन लोगों के लिए पिछला महीना लागत के लिहाज से राहत लेकर आया। पिछले साल के समान महीने में इस साल जनवरी में उत्पादन बढ़ने से ब्रॉयलर मुर्गे की कीमतें 26 प्रतिशत गिरने से मांसाहारी थाली की लागत में गिरावट दर्ज की गई।



## एक नजर

### लोकसभा में अंतरिम बजट पारित

**नई दिल्ली।** लोकसभा में बुधवार को 2024-25 के लिए 47.66 लाख करोड़ रुपये का अंतरिम बजट ध्वनिमत से पारित हो गया। साथ ही केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के लिए 1.8 लाख करोड़ रुपये के बजट को भी ध्वनिमत से मंजूरी दे दी गयी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने दोनों बजट, अनुदान की अनुपूरक मांगों और संबंधित विनियोग विधेयकों पर चर्चा का जवाब दिया। सीतारमण ने कहा कि केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा 2024-25 में घटाकर 5.1 प्रतिशत पर लाने का लक्ष्य है।

### इंदौर में विस्फोटक पदार्थ से जुड़े 20 प्रतिष्ठान सील

**इंदौर (मप्र)।** हरदा के पटाखा गोदाम में भीषण विस्फोट के बाद हरकत में आए इंदौर प्रशासन ने अलग-अलग गड़बड़ियां मिलने पर पटाखों के दो कारखानों समेत विस्फोटक पदार्थों के कारोबार से जुड़े 20 प्रतिष्ठानों को सील कर दिया। जांच दलों में शामिल अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि पिछले 36 घंटे के दौरान जिले भर में पुलिस और प्रशासन की संयुक्त जांच मुहिम के दौरान पटाखों और विस्फोटक पदार्थों के कारोबार से जुड़े 20 प्रतिष्ठानों को सील किया गया। अधिकारियों के मुताबिक इनमें राऊ क्षेत्र में पटाखे बनाने वाले दो कारखाने शामिल हैं जहां अलग-अलग मानकों का उल्लंघन पाया गया। उन्होंने बताया कि प्रतिष्ठानों में से एक पटाखा गोदाम रिहायशी क्षेत्र में था, जबकि अन्य गोदामों में स्वीकृत सीमा से ज्यादा पटाखों का भंडारण पाया गया।

# कांग्रेस आउटडेटेड और आरक्षण की जन्मजात विरोधी

## राज्यसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चर्चा के जवाब में बोले-अब उसकी कोई वारंटी भी नहीं रही

**नई दिल्ली, एजेंसी**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कांग्रेस पर हमले तेज करते हुए आरोप लगाया कि विपक्षी पार्टी पुरानी पड़ चुकी है और अब उसकी कोई 'वारंटी' भी नहीं रही। उन्होंने देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी पर देश को बांटने वाले विमर्श गढ़ने का भी आरोप लगाया। राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री ने लोकसभा चुनाव में जीत के साथ तीसरा कार्यकाल मिलने का भरोसा जताया और अगले पांच साल के लिए अपने दृष्टिकोण को रेखांकित किया।

प्रधानमंत्री ने कांग्रेस को 'आउटडेटेड' और आरक्षण का 'जन्मजात विरोधी' बताया तथा उसके पतन के लिए संवेदनाएं प्रकट करते हुए 'प्रार्थना' की कि वह अगले आम चुनाव में 40 सीट ही बचा ले। करीब डेढ़ घंटे के अपने संबोधन के दौरान उन्होंने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' पर निकले कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर भी निशाना साधा और उन्हें 'कांग्रेस के युवराज' के नाम से संबोधित करते हुए उन्हें ऐसा 'नॉन स्टार्टर' बताया जो न तो 'लिफ्ट' हो पा रहे हैं और ना ही 'लांच'। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण में भारत के आत्मविश्वास, उज्ज्वल भविष्य के प्रति उसके विश्वास और आमजन के सामर्थ्य को बहुत ही कम शब्दों में लेकिन बहुत ही शानदार तरीके से देश के सामने प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने कहा-कांग्रेस के 10 सालों में भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की पांच नाजुक अर्थव्यवस्थाओं में शुमार थी।

### देश को बांटने वाला विमर्श गढ़ना बंद करे कांग्रेस

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कांग्रेस और उसके नेतृत्व वाली कर्नाटक सरकार से देश को उत्तर और दक्षिण में बांटने वाला विमर्श ना गढ़ने का आग्रह करते हुए कहा कि यह देश के भविष्य को खतरे में डालता है। राज्यसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए उन्होंने अफसोस जताया कि कर्नाटक सरकार विज्ञापनों के जरिए इस तरह की कहानी गढ़ रही है। प्रधानमंत्री, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के नेतृत्व में दिल्ली के जंतर-मंतर पर कांग्रेस के उस धरने का जिक्र कर रहे थे।

### प्रधानमंत्री ने पेश की मोदी 3.0 योजना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को लगातार तीसरी बार अपनी सरकार 'मोदी 3.0' बनने का भरोसा जताते हुए अगले पांच साल की रूपरेखा पेश की जिसमें गरीबों, युवाओं, मध्यम वर्ग, किसानों, ऊर्जा आत्मनिर्भरता सहित विभिन्न क्षेत्रों के लक्ष्य रखे गये ताकि भारत 2047 तक 'स्वर्णिम युग को छू सके।' उन्होंने कहा कि मोदी 3.0 सरकार भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा देगी। प्रधानमंत्री ने कहा-गरीबों को दी जाने वाली पांच लाख रुपये की बीमा सहायता आगे भी जारी रहेगी।

### जनता अब उन्हें सबक सिखाने वाली है : खरगे



कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राज्यसभा में उस पर किए गए तीखे प्रहार के बाद पलटवार करते हुए दावा किया कि मोदी इस बात को लेकर डरे हुए हैं कि आगामी लोकसभा चुनाव में जनता उन्हें सबक सिखाने जा रही है। वहीं महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री ने मल्लिकार्जुन खरगे पर हमला करने का फैशन बना लिया है।

## भाजपा में शामिल हुए तमिलनाडु के 15 पूर्व विधायक और एक पूर्व सांसद

**नई दिल्ली, एजेंसी**

▶▶ **शामिल होने वाले नेताओं में अधिकांश अन्नाद्रमुक से**

तमिलनाडु के 15 पूर्व विधायक और एक पूर्व सांसद समेत कई नेता बुधवार को यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी इस दक्षिणी राज्य में अपनी स्थिति मजबूत करने की लगातार कोशिश कर रही है। भाजपा में शामिल होने वाले इन नेताओं में अधिकांश भाजपा की पूर्व सहयोगी ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) से हैं।

केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर और एल मुरुगन तथा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के अन्नामलाई की मौजूदगी में इन नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। अन्नामलाई ने उनका स्वागत करते हुए कहा कि भाजपा में शामिल होने वाले ये नेता काफी अनुभवी हैं और सभी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथ मजबूत करना चाहते हैं। उन्होंने दावा किया कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत सुनिश्चित है और मोदी लगातार तीसरी बार सत्ता में आएंगे। उन्होंने राज्य की सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) और उसकी मुख्य प्रतिद्वंद्वी अन्नाद्रमुक पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा कि वे तमिलनाडु में हो रही घटनाओं को देख रहे हैं। द्रविड़ राज्य में अपनी पार्टी के वैचारिक रुख पर मजबूत स्थिति और आरोपित पार्टियों की तीखी आलोचना के कारण युवा नेता ने दावा किया-तमिलनाडु भारतीय जनता पार्टी के रास्ते पर जा रहा है।

### अजित पवार गुट ने कोर्ट में कैविएट दायर की

**नई दिल्ली।** अजित पवार गुट ने उच्चतम न्यायालय में बुधवार को कैविएट दायर की और निर्वाचन आयोग द्वारा उसे असली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) घोषित करने के आदेश को शरद पवार गुट की ओर से चुनौती दिये जाने की स्थिति में उसका पक्ष भी सुने जाने का अनुरोध किया। वकील अभिकल्प प्रताप सिंह के जरिए कैविएट यह सुनिश्चित करने के लिए दायर की गयी है कि अगर शरद पवार गुट उच्चतम न्यायालय का रुख करता है तो अजित पवार गुट के खिलाफ एकतरफा आदेश पारित न किया जाए और उसका भी पक्ष सुना जाए। निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को घोषणा की कि अजित पवार गुट ही असली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) है। चुनाव निकाय का यह निर्णय पार्टी संस्थापक शरद पवार के लिए एक बड़ा झटका है।

## अमानतुल्ला खान को याचिका वापस लेने की मिली अनुमति

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**धन शोधन का मामला**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमानतुल्ला खान को उनके खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय द्वारा धन शोधन की एक जांच और उन्हें समन दिए जाने के खिलाफ दायर याचिका वापस लेने की बुधवार को अनुमति दे दी।

न्यायमूर्ति रेखा पल्ली और न्यायमूति रजनीश भटनागर की पीठ ने याचिका वापस लिए जाने पर इसे खारिज कर दिया। याचिकाकर्ता के खिलाफ धन शोधन की जांच दिल्ली वक्फ बोर्ड में भर्ती में कथित अनियमितताओं से जुड़ी है। ऐसा आरोप है कि खान ने दिल्ली वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष पद पर काम करते हुए नियमों और सरकारी दिशा निर्देशों का उल्लंघन करते हुए 32 लोगों की अवैध रूप से भर्ती की थी। ईडी ने दिल्ली विधानसभा में ओखला निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले खान के परिसरों पर छापे मारे थे। उसने दावा किया है कि खान ने अवैध धन अर्जित किया था।

### कोर्ट ने संजय सिंह की जमानत याचिका खारिज की

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से संबंधित धन शोधन मामले में गिरफ्तार आप के नेता संजय सिंह को जमानत देने से बुधवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने आदेश सुनाते हुए कहा, "इस स्तर पर आरोपी को जमानत देने का कोई आधार नहीं बनता है।" फैसले की विस्तृत प्रति की प्रतीक्षा है। ईडी द्वारा 4 अक्टूबर, 2023 को गिरफ्तार किए गए सिंह ने इस आधार पर जमानत का अनुरोध किया था कि वह तीन महीने से अधिक समय से हिरासत में हैं और इस अपराध में उनकी कोई भूमिका नहीं दिखाई गई है। जांच एजेंसी ने जमानत याचिका का विरोध किया और दलील दी कि सिंह 2021-22 की नीति अवधि से संबंधित दिल्ली शराब घोटाले से उत्पन्न अपराध की आय को प्राप्त करने उपयोग करने में शामिल थे।

## बीआरओ के मजदूरों को मुआवजे पर छूट को मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

▶▶ **रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रस्ताव के लिए दी सहमति**



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के आकस्मिक वेतनभोगी मजदूरों (सीपीएल) को अनुग्रह राशि के एकमुश्त भुगतान के लिए दुर्घटना के समय 179 कार्य दिवस पूरे करने के प्रावधान से छूट के प्रस्ताव को बुधवार को मंजूरी दे दी। मौजूदा प्रावधानों के तहत, जिन आकस्मिक वेतनभोगी मजदूरों ने बीआरओ में कम से कम 179 दिन काम किया है, उन्हें पांच लाख रुपये की अनुग्रह राशि एकमुश्त भुगतान के दायरे में रखा गया है।

रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा-रक्षा मंत्री ने बीआरओ/सामान्य अभियांत्रिकी रिजर्व फोर्स (जीआरईएफ) में काम करने वाले आकस्मिक वेतनभोगी मजदूरों को अनुग्रह राशि के एकमुश्त भुगतान के लिए दुर्घटना के समय 179 कार्य दिवस पूरे करने के प्रावधान से छूट के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। अभी तक 179 कार्य दिवसों की इस बाध्यता के कारण, दिवंगत सीपीएल के कई परिवार इस अनुदान से वंचित रहे हैं। बीआरओ इकाइयां दूर-दराज, बर्फ से घिरे, ऊंचाई वाले क्षेत्रों में स्थित हैं, जहां कोई उचित सार्वजनिक और चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं।

मंत्रालय ने कहा कि प्रतिकूल वातावरण, दुर्गम पहाड़ी इलाके, खतरनाक कार्य स्थल और व्यावसायिक स्वास्थ्य खतरे जैसे कारक आकस्मिक वेतनभोगी मजदूरों के जीवन के लिए भारी खतरा पैदा करते हैं। मंत्रालय ने कहा-आकस्मिक वेतन भोगी मजदूरों की काम करने के दौरान हुई मौतों के मामलों को ध्यान में रखते हुए, मानवीय आधार पर न्यूनतम 179 कार्य दिवसों की शर्त में छूट इनके परिवारों के लिए एक बड़ी राहत होगी, जो सरकारी ड्यूटी के दौरान अपने कमाऊ सदस्य को खो देते हैं।

### उपमुख्यमंत्री शिवकुमार के खिलाफ मामला दर्ज करने का निर्देश

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में बेंगलुरु की एक विशेष अदालत ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं के प्रदर्शन की एक फर्जी तस्वीर का कथित तौर पर इस्तेमाल करने के लिए पुलिस को उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार के साथ-साथ कांग्रेस की राज्य इकाई के आईटी प्रकोष्ठ के प्रमुख बी.आर. नायडू के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने का निर्देश दिया है। भाजपा नेताओं ने वर्ष 1992 में बाबरी मस्जिद विध्वंस आंदोलन का हिस्सा रहे कार सेवक श्रीकांत पुजारी की गिरफ्तारी को लेकर हाल ही में हुए प्रदर्शन में हिस्सा लिया था भाजपा के प्रदर्शनकारियों ने हाथ में तख्तियां ली हुईं थीं।

## सिद्धारमैया व कांग्रेसियों ने केंद्र के खिलाफ किया प्रदर्शन

▶▶ **जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करके राज्य के लिए मांगी राशि**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के नेतृत्व में कांग्रेस की प्रदेश इकाई के कई नेताओं ने कर राजस्व वितरण में राज्य के साथ हुए ''अन्याय'' को लेकर बुधवार को केंद्र के खिलाफ यहां जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया और प्रदेश के हिस्से की राशि तत्काल जारी करने की मांग की। इस विरोध प्रदर्शन में उपमुख्यमंत्री और कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डी.के. शिवकुमार, राज्य के कई सांसद, मंत्री और विधायक शामिल हुए। कांग्रेस का आरोप है कि पिछले कुछ वर्षों में कर राजस्व में उसके प्रदेश




नई दिल्ली में जंतर-मंतर पर केंद्र के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और अन्य कर्नाटक कांग्रेस नेता। ● एजेंसी

के हिस्से की राशि के हस्तांतरण और सहायता अनुदान में कर्नाटक के साथ ''अन्याय'' किया गया है।

विरोध प्रदर्शन में शामिल कांग्रेस नेताओं ने कहा कि केंद्र सरकार 15वें वित्त आयोग के तहत कर्नाटक को कथित तौर पर हुए 1.87 लाख करोड़ रुपये के नुकसान की भरपाई करे। सिद्धारमैया ने कहा कि यह विरोध भाजपा के खिलाफ नहीं, बल्कि कर्नाटक के साथ भेदभाव के खिलाफ है। उन्होंने भाजपा के इस आरोप को खारिज किया कि इस विरोध प्रदर्शन का उद्देश्य उत्तर-दक्षिण विभाजन को बढ़ावा देना है।

सिद्धारमैया ने प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए कहा-हम भारत सरकार द्वारा कर्नाटक और अन्य दक्षिणी राज्यों के साथ किए गए भेदभाव का मुद्दा उठा रहे हैं। इसीलिए मैंने भाजपा और जनता दल (एस) के सभी सांसदों को पत्र लिखकर इस आंदोलन में भाग लेने के लिए कहा था। उन्होंने कहा कि 14वें वित्त आयोग के तहत राज्यों, खासकर कर्नाटक को कर राजस्व बांटने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले फॉर्मूले को 15वें वित्त आयोग ने बदल दिया था।

# अमेरिका: राज्य ने माना हिंदू धर्म का हिस्सा नहीं जातीय भेदभाव

वाशिंगटन, एजेंसी

▸▸ अमेरिकी हिंदू संगठन एचएएफ ने बताया बड़ी जीत



कैलिफोर्निया राज्य सरकार के नागरिक अधिकार विभाग ने कहा कि जाति और जाति आधारित भेदभाव हिंदू धर्म का जरूरी हिस्सा नहीं है। इसके साथ ही विभाग ने सिलिकान वैली तकनीकी दिग्गज पर भेदभाव का आरोप लगाने वाली अपनी 2020 की शिकायत में संशोधन किया है।

अमेरिका में हिंदुओं के अधिकारों के लिए काम करने वाले संगठन हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन (एचएएफ) ने शिकायत में संशोधन को बड़ी जीत करार दिया। एचएएफ ने बताया कि कैलिफोर्निया नागरिक अधिकार विभाग ने स्वेच्छा से दिसंबर के पहले सप्ताह में सिस्को सिस्टम्स के खिलाफ शिकायत में संशोधन करने के लिए प्रस्ताव दायर किया। शिकायत में सिस्को सिस्टम में जाति आधारित भेदभाव किए जाने का आरोप लगाया गया था। इसमें कहा गया था कि जाति और जाति आधारित भेदभाव हिंदू धर्म की शिक्षाओं और प्रथाओं का अनिवार्य हिस्सा है। हालांकि अब शिकायत में से गलत व असंवैधानिक बात को हटा लिया गया है और यह भारतवंशियों धार्मिक अधिकारों के रक्षा के लिए महत्वपूर्ण कदम है। हालांकि एचएएफ ने कहा कि नागरिक अधिकार विभाग के बयान के कई हिस्से अभी परेशान करने वाले हैं।

# रक्षा-अंतरिक्षक्षमताओं को बढ़ावा देने को कर रहे काम : सीडीएस

**नई दिल्ली।** सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने डिफेंस स्पेस इकोसिस्टम के क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दिया है। बुधवार को उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है जब देश को इस क्षेत्र में आत्मनिर्भर होना चाहिए। वे एसआईए-इंडिया द्वारा आयोजित डेफस्पेस सम्मेलन और एक्सपो के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। निजी क्षेत्र के अंतरिक्ष उद्यमियों से अपील करते हुए सीडीएस ने कहा कि वे लोग मल्टी-सेंसर उपग्रहों और ग्राउंड स्टेशनों के एक मजबूत नेटवर्क को विकसित करने में भागीदार बने ताकि सशस्त्र बलों की खुफिया और निगरानी क्षमता को बढ़ाया जा सके। आगे बोलते हुए उन्होंने यह भी बताया कि रक्षा अंतरिक्ष क्षेत्र में विकसित और आत्मनिर्भरता हासिल करने की दिशा में सशस्त्र बल लगातार काम कर रहे हैं।

# इस साल भारतीयों को अमेरिका के रिकॉर्ड वीसा

*भारत और अमेरिकी के बीच बढ़ती मित्रता के चलते अमेरिकी सरकार ने भारतीयों को रिकॉर्ड संख्या में वीसा जारी करने के लिए कई बड़े कदम उठाए हैं। भारत में कार्यरत अमेरिकी दूतावास ने वित्त वर्ष 2023 में 11 लाख लोगों को अमेरिकी वीसा जारी किया। जबकि इससे पहले, वित्त वर्ष 2022 में 6.34 लाख और 2021 में 2.56 लाख लोगों को ही वीसा जारी किया गया था।*

**40%** आवेदकों को व्यक्तिगत इंटरव्यू से छूट, स्टाफ भी बढ़ाया

- भारतीयों को वीसा में देरी के मुद्दे को 2021 के बाद से पीएम नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कई बार उठाया। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन को 2022 में खुद इस मामले में हस्तक्षेप करना पड़ा।
- एक अधिकारी ने बताया कि इसके बाद मंत्रालय में उच्च स्तरीय बैठकों का दौर शुरू हुआ और भारतीयों को वीसा जारी करने में आ रही समस्याओं की पहचान और उन्हें दूर करने की रणनीति तैयार हुई। एडवांस टेक्नोलॉजी और डेटा एनालिटिक्स से वीसा प्रोसेस की इफिशिएंसी बढ़ाई।






**6.34** लाख को 2022 में और 2021 में 2.56 लाख लोगों को मिला था वीसा

- अमेरिकी विदेश मंत्रालय, गृह विभाग, व्हाइट हाउस सभी ने एक साथ मिलकर भारतीयों को वीसा बढ़ाने के लिए तेज रफ्तार से काम किया।
- अमेरिकी विदेश विभाग ने कुशलता से काम करने और क्षमता बढ़ाने के लिए अधिक कर्मचारियों को नियुक्त किया।
- अमेरिकी विदेश मंत्रालय की तरफ से वीसा आवेदन करने वाले कई लोगों के लिए रिमोट इंटरव्यू को मंजूरी दी गई। इसके तहत अमेरिकी विदेश मंत्रालय की तरफ से छात्रों, अस्थायी श्रमिकों और कम जोखिम वाले कई आवेदकों के लिए व्यक्तिगत इंटरव्यू की अनिवार्यता को खत्म कर दिया गया। इसकी जगह रिमोट इंटरव्यू किए गए। 2023 में गैर- आप्रवासी वीसा प्राप्त करने वाले 40% लोगों को व्यक्तिगत साक्षात्कार की जरुरत नहीं पड़ी, जिससे उनके स्लॉट उन लोगों के लिए स्लॉट खुल गए, जिन्हें इसकी ज्यादा आवश्यकता थी।

# अफगानिस्तान: गाना सुनना भी गुनाह, 10 को किया गिरफ्तार

**काबुल।** अफगानिस्तान में तालिबान ने अपने शासन के बाद आम लोगों पर प्रतिबंध थोपना जारी रखा है। तालिबान ने कई तरह के प्रतिबंध लगाए हैं और हाल ही में गाने सुनने पर लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

तखर प्रांत के सूत्रों ने बताया कि अफगानिस्तान के येंगी काला जिले में गाने सुनने और संगीत वाद्ययंत्र बजाने के लिए कम से कम 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बता दें कि तालिबान ने पिछले दो साल से अफगानिस्तान के लोगों पर प्रतिबंध लगाना जारी रखा है। सूत्रों ने बताया कि लोग अपने घरों में भी सुरक्षित नहीं है। बताया गया कि तालिबान के लड़ाकों ने सोमवार को येंगी कला जिले के सफी मंगल गांव में एक घर पर छापा मारा और कम से कम 10 लोगों को हिरासत में लिया है।

## एक नजर

### ब्रिटेन: भारतीय मूल की राजनीतिज्ञ श्रीला फ्लेदर का निधन

**लंदन।** भारतीय मूल की शिक्षिका एवं राजनीतिज्ञ श्रीला फ्लेदर का 89 वर्ष की उम्र में मंगलवार को ब्रिटेन में निधन हो गया। श्रीला शिक्षिका एवं राजनीतिज्ञ होने के साथ ही हाउस ऑफ लॉर्ड्स में अपनी खूबसूरत साड़ियों के लिए जानी जाती थीं और वह विंडसर की बैरोनेस फ्लेदर तथा बर्कशायर की मेडेनहेड के रूप में एक लाइफ पीयर थीं। लाइफ पीयर वह पदवी होती है जो किसी अन्य स्थानांतरित नहीं की जा सकती। उन्होंने विश्व युद्ध के दौरान लगभग 50 लाख राष्ट्रमंडल सैनिकों द्वारा युद्ध में दी गई सेवा के लिए श्रद्धांजलि स्वरूप लंदन के हाइड पार्क कॉर्नर में मोरियल गेट्स के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

### दक्षिणी फिलीपींस में भूस्खलन, 6 लोगों की मौत, 46 अन्य लापता

**मनीला।** दक्षिणी फिलीपींस में सोने की खदान वाले एक गांव में भूस्खलन होने से कम से कम 6 लोगों की मौत हो गई जबकि 46 अन्य लापता हो गए। अधिकारियों के मुताबिक लापता होने वाले लोगों में सोने की खदान में काम करने वाले मजदूर भी शामिल हैं। सेना के जवानों, पुलिस और स्वयंसेवकों ने संयुक्त रूप से मिलकर मंगलवार रात डवाओ डी ओरो प्रांत के सुदूर शहर मैको के पहाड़ी गांव मसारा में भूस्खलन की चपेट में आने से घायल हुए 31 ग्रामीणों को वहां से निकाला। उन्होंने बताया कि राहत कार्य जारी है।

### सीरिया में इजराइल ने किया मिसाइलों से हमला, 7 लोगों की मौत, 13 घायल

**दमिश्क।** सीरिया में होम्स प्रांत के मध्य इलाकों में इजराइल ने मिसाइलों से हमला किया है। हमले में सात लोगों की मौत हो गई और 13 अन्य घायल हैं। होम्स में स्वास्थ्य निदेशक डॉ. मुस्लिम अल-अतासी ने स्थानीय मीडिया को बताया कि होम्स शहर में आवासीय इमारत पर हमला किया गया है। जिसमें मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। सीरियाई रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को कहा था कि उत्तरी लेबनानी क्षेत्र त्रिपोली से होम्स शहर और उसके आसपास के विभिन्न स्थलों को निशाना बनाकर मिसाइल हमला किया।

### पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने जर्मनी में कपड़ों के कचरे का बनाया पहाड़



**बर्लिन।** जर्मनी में बर्लिन फैशन वीक के पहले ही दिन विरोध में ग्रीनपीस कार्यकर्ताओं ने बैंडेनबर्ग गेट के बाहर कपड़ों के कचरे का पहाड़ खड़ा कर दिया। ये कपड़े अफ्रीकी देश घाना के अकरा के बाजार से लाए गए थे। यूरोप और अमेरिका अपने कपड़े अफ्रीका में डंप कर देते हैं।

**पड़ोसी देश में मतदान आज**, 5 हजार प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला मतपेटियों में होगा बंद

# ...तो पाक में चुनाव से होगा सत्ता परिवर्तन

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान में आम चुनाव के लिए आज मतदान होगा। चुनावी सरगर्मियों का आज अंतिम दिन है। पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ, बिलावल भुट्टो जरदारी की पार्टी समेत कई पार्टियां चुनावी मैदान में हैं। वहीं मुख्य विपक्षी पार्टी पीटीआई इस बार के दूर-दूर तक दिखाई नहीं दी। पाकिस्तान के 76 सालों के इतिहास में सबसे घातक और अविश्वशनीय चुनाव माना जा रहा है।

लेकिन पूरी दुनिया को मालूम है कि रिजल्ट क्या आएगा? पाक में नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएलएन के नेतृत्व वाली हाइब्रिड सरकार बनने के आसार हैं। हाइब्रिड इसलिए क्योंकि पहले सरकारें सत्ता में आने के बाद सेना से समझौता करती थीं, लेकिन इस बार चुनाव से पहले की सेना और राजनीतिक दलों का गठजोड़ हो गया है। सरकार किसी की भी बने, लेकिन नियंत्रण सेना के पास ही रहेगा। शाहबाज शरीफ ने स्पेशल इंवेस्टमेंट फैसिलिटेशन काउंसिल (एसआईएफसी) बनाई थी, तब जनरल असीम मुनीर का तर्क यह था कि हमारे मित्र मुस्लिम राष्ट्र केवल सैन्य नेतृत्व वाली व्यवस्था के माध्यम से पाकिस्तााान में निवेश करने के इच्छुक हैं।




### 6 लाख से ज्यादा सुरक्षाकर्मी रहेंगे तैनात

पाकिस्तान में लगभग 6 लाख से अधिक सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं। रेडियो पाकिस्तान ने बताया कि मतदाताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगभग 6 लाख से अधिक सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। इनमें पुलिस, नागरिक सशस्त्र बल और सशस्त्र बल के जवान शामिल हैं। त्रिस्तरीय व्यवस्था के तहत सशस्त्र बल के जवान मतदान केंद्रों के बाहर ड्यूटी करेंगे। मतदान गुरुवार सुबह आठ बजे शुरू होगा और शाम पांच बजे तक बिना किसी अंतराल के जारी रहेगा। पारदर्शी मतपेटियों और अन्य प्रासंगिक चुनाव सामग्री को अंदर डालने से पहले मतपेटियों, मतपत्रों और मतपत्रों पर मुहर लगने पर उनकी गोपनीयता बनाए रखने के लिए विशेष स्क्रीनों के परिवहन की प्रक्रिया देश भर में जिला और उप-जिला स्तरों पर सुचारू रूप से चल रही थी।

### तीन बड़े राजनैतिक किरदारों के समीकरण

बहुमत मिला तो नवाज पीएम, वर्ना शाहबाज : नेशनल असेंबली में पीएमएलएन को बहुमत मिला तो नवाज चौथी बार पीएम बनने का मौका नहीं जाने देंगे। गठबंधन करना पड़ा तो शाहबाज पीएम संभव हैं।


**जरदारी का जोड़-तोड़ में कोई मुकाबला नहीं :** जोड़-तोड़ में आसिफ अली जरदारी का मुकाबला नहीं। पीटीआई के सभी प्रत्याशी निर्दलीय लड़ रहे हैं। इसी दम पर पीपीपी को सरकार बनाने की उम्मीद है।

**इमरान जेल में लेकिन प्रचार में ताकत झोंकी :** पीटीआई के नेताओं को भले ही रैली करने का मौका नहीं मिला हो। इमरान खान सोशल मीडिया और रिकॉर्डेड टेलीफोन मैसेज के जरिए प्रचार कर रहे हैं।

**24.15** करोड़ आबादी के साथ दुनिया का 5वां सबसे ज्यादा आबादी वाला देश है पाकिस्तान

**5,121** प्रत्याशी नेशनल असेंबली के चुनाव में

**8** फरवरी को वोटिंग 12.8 करोड़ मतदाता 266 सांसद बनेंगे



**4,806** पुरुष 312 महिला 2 ट्रांसजेंडर उम्मीदवार होंगे शामिल

**167** रजिस्टर्ड राजनीतिक दल

**90,582** पोलिंग स्टेशन पूरे देश में

| किस धर्म के कितने वोटर | |
|---|---|
| 96.28% | मुस्लिम |
| 1.59% | ईसाई |
| 1.6% | हिन्दू |
| 0.58% | अन्य |

# बलूचिस्तान में चुनाव से एक दिन पहले दो धमाके, 40 की मौत



पशिन में बम विस्फोट के बाद घटनास्थल पर मौजूद लोग।

क्वेटा, एजेंसी

पाकिस्तान में बुधवार को आम चुनाव से पहले बलूचिस्तान प्रांत में चुनाव कार्यालयों को निशाना बनाकर दो अलग-अलग जगह बम विस्फोट हुए हैं।

हमले में 40 लोग मारे गए और 30 अन्य घायल हो गए। पहली घटना में, पिशिन जिले में निर्दलीय उम्मीदवार असफंदयार खान काकड़ के कार्यालय के बाहर एक भीषण विस्फोट में 20 लोगों की मौत हो गई और 30 अन्य घायल हो गए। एक घंटे से भी कम समय के बाद, किला अब्दुल्ला क्षेत्र में जमीयत उलेमा इस्लाम (जेयूआई) के चुनाव कार्यालय के बाहर एक और बम विस्फोट हुआ, जिसमें 10 लोगों की जान चली गई और 22 अन्य घायल हो गए। दोनों विस्फोटों की जिम्मेदारी किसी समूह या व्यक्ति ने नहीं ली है।

पांगुर में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी अब्दुल्ला जेहरी ने कहा, निर्दलीय उम्मीदवार असफंदयार खान काकड़ के कार्यालय के बाहर भीषण बम विस्फोट हुआ। इस घटना में कम से कम 27 लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि बम उम्मीदवार के चुनाव कार्यालय के बाहर एक बैग में रखा गया था जिसमें टाइमर लगा था। पाकिस्तान में आठ फरवरी को आम चुनाव होना है और इससे पहले बलूचिस्तान में हिंसा चरम पर है।

# जबरन वसूली मामले में गिरफ्तार आरोपियों से मिले 200 से ज्यादा दस्तावेज, जांच में जुटी ईडी

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने बुधवार को कहा कि उसे जबरन वसूली के लिए गिरफ्तार किए गए लोगों से 200 से ज्यादा दस्तावेज और कागजात मिले हैं। इन दस्तावेजों की जांच प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कर रहा है। आरोपी कथित तौर पर एक रियल एस्टेट डेवलपर से 164 करोड़ रुपये वसूलने की कोशिश कर रहे थे।

पुलिस ने पहले बताया था कि जबरन वसूली के मामले में छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों रियल एस्टेट डेवलपर को चेतावनी दी थी कि ईडी उनके खिलाफ कार्रवाई करेगी। उन्होंने रियल एस्टेट डेवलपर को जान से मारने की धमकी भी दी थी। एक अधिकारी ने बताया कि अपराध शाखा ने जांच के दौरान आरोपियों से विभिन्न मामलों से जुड़े 200 से ज्यादा दस्तावेज और कागजात को जब्त किया है। जिनकी जांच ईडी कर रही है। उन्होंने बताया कि आरोपियों से पूछताछ के दौरान यह जानकारी सामने आई। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार लोगों के पास से मिले दस्तावेजों में महादेव सट्टेबाजी एप मामले से जुड़े कागजात भी शामिल हैं। इस मामले में तीस से ज्यादा को लोगों को आरोपी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि बांद्रा पुलिस में पिछले महीने भारतीय दंड संहिता की धारा के तहत मामला दर्ज किया गया था। मुंबई अपराध शाखा इस मामले की जांच कर रही है।

# ईडी टीम पर हमले की जांच मामले में एकल पीठ के आदेश पर लगाई रोक

कोलकाता। कलकत्ता हाई कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में पिछले माह ईडी के अधिकारियों पर हुये हमले की जांच के लिए सीबीआई और राज्य पुलिस के संयुक्त विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने के एकल पीठ के आदेश पर बुधवार को रोक लगा दी।

मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने ईडी की अपील पर यह आदेश दिया। ईडी ने अपनी याचिका में मामले की जांच केवल सीबीआई से कराने की अपील की थी।

कथित राशन वितरण घोटाला मामले में पांच जनवरी को ईडी अधिकारियों की एक टीम जब संदेशखाली में तृणमूल नेता शाहजहां शेख के आवास की तलाशी लेने गई थी उसी दौरान भीड़ ने उन पर हमला कर दिया था, जिसमें एजेंसी के तीन अधिकारी घायल हो गए थे।


# अदन में एक ही दिन में दो पोतों पर हूती विद्रोहियों का हमला, अमेरिका से भारत आ रहा था एक जहाज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हूती विद्रोहियों ने एक ही दिन में दो जहाजों पर ड्रोन से हमले किए। हमले की जानकारी देते हुए ब्रिटिश सेना के मैरिटाइम ट्रेड ऑपरेशन (यूकेएमटीओ) ने बताया कि हमास-इजराइल के युद्ध के बाद हमास के समर्थन में जहाजों को निशाना बनाने के ईरान समर्थित लड़ाकों के अभियान में यह नवीनतम हमला है। यूकेएमटीओ ने बताया कि मंगलवार को यमन के दक्षिणी बंदरगाह शहर अदन के पास जहाज पर हमला हुआ। सुरक्षा फर्म एंब्रे ने इसकी पहचान मार्शल आइलैंड्स के ध्वज और ग्रीक स्वामित्व वाले जहाज के रूप में की है, जो अमेरिका से भारत की ओर आ रहा है।

एंब्रे के मुताबिक जहाज के स्टारबोर्ड की ओर से 50 मीटर दूर जोरदार विस्फोट हुआ था। हालांकि, इससे न तो जहाज के ढांचे को क्षति पहुंची है और न कोई हताहत हुआ है। हमले के बाद हूती विद्रोहियों के एक सैन्य प्रवक्ता, ब्रिगेडियर जनरल याह्या सारी ने दावा किया कि विद्रोही बलों ने लाल सागर में दो जहाजों पर हमला किया, जिनमें से एक अमेरिकी और एक ब्रिटिश था। हालांकि, हूतियों ने भारत आ रहे जहाज पर हुए हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। अदन में हमले के बारे में एंब्रे ने बताया कि दूसरा हमला ब्रिटिश कंपनी मॉर्निंग टाइड के मालवाहक जहाज पर किया गया जिस पर बारबाडोस का ध्वज लगा है।

## यूएई में मंदिर...





**अबू धाबी :** बीएपीएस स्वामीनारायण संस्था के आध्यात्मिक गुरु महंत स्वामी महाराज संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में पहले हिंदू मंदिर के भव्य उद्घाटन के लिए अबू धाबी पहुंच गए हैं। आध्यात्मिक नेता खाड़ी देश में पहले हिंदू मंदिर के ऐतिहासिक उद्घाटन की अध्यक्षता करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 फरवरी को मंदिर का उद्घाटन करेंगे। मोदी अबू धाबी के भव्य शेख जायद स्पोर्ट्स स्टेडियम में भारतीय प्रवासियों को संबोधित करने के लिए भी तैयार हैं। 'अहलान मोदी' मतलब 'हैलो मोदी' वाले इस कार्यक्रम में 50 हजार से से अधिक लोगों की उपस्थिति होने की संभावना है। ● एजेंसी

**चिंताजनक** यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्ट ऑस्ट्रेलिया ओसियंस इंस्टीट्यूट ने जारी की ताजा रिपोर्ट

# कुछ सालों में वैश्विक तापमान में $2^0$ बढ़ोतरी के आसार

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** तमाम कोशिश के बावजूद ग्लोबल वार्मिंग कम होने के बजाय बढ़ती जा रही है। अब ताजा रिपोर्ट में बताया है कि अगले कुछ वर्षों में वैश्विक ताप औसत दो डिग्री सेल्सियस पहुंच जाएगा।

गौरतलब है कि जिस ताप को 1.5 पहुचने में तीन सौ साल लग गए, अब अगले कुछ ही सालों में 0.5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि की ओर अग्रसर है। यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्ट ऑस्ट्रेलिया ओसियंस इंस्टीट्यूट में कोरल-रीफ जियोकेमिस्ट मैल्कम मैककुलोच ने रिपोर्ट जारी कर कहा है कि समुद्र के तापमान मापन की नई तकनीक आने से पहले की तुलना में अधिक विश्वसनीय आंकड़े मिलने लगे हैं। संभव है कि पूर्व में तापमान लगभग आधा डिग्री कम आंका गया हो।



### वैश्विक तापमान पर अंकुश के लिए प्रयास जरूरी

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के वरिष्ठ वायुमंडलीय वैज्ञानिक डा नरेंद्र सिंह का कहना है कि इसमें दोराय नही कि वैश्विक ताप में वृद्धि हो रही। जिसकी रोकथाम के लिए प्रयास किये जाते रहे हैं। मगर सामूहिक प्रयास से ही इस पर अंकुश लगाया जा सकता है।

गौरतलब है कि, नई तकनीक के अनुसार पृथ्वी में पहले ही 1.5 डिग्री सेल्सियस तापमान पार कर चुका है, जो वर्तमान तरीकों की तुलना में समय में बहुत पीछे चला जाता है। 2015 के पेरिस जलवायु समझौते में सभी देशों ने 1.5 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी को जलकयु परिवर्तन का कारण माना था और इसकी रोकथाम के लिए सहमत हुए थे।

बता दें कि, ताज़ा आंकड़े कुछ और कहानी बयां कर रहे हैं। सबसे पहले 1850 से 1900 के बीच समुद्र सतह का तापमान का रिकॉर्ड उपलब्ध हुआ था। तभी से वैश्विक ताप में बढ़ोतरी के संकेत मिल गए थे। नई तकनीक में 33 से 91 मीटर समुद्र की गहराई का अध्ययन किया गया। इस हिस्से को महासागर मिश्रित परत कहा जाता है।

ध्यान देने वाली बात यह है कि समुद्र की सतह का तापमान शीर्ष पर अत्यधिक परिवर्तनशील हो सकता है। मगर 33 से 91 मीटर की परत मिश्रित परत सही आंकड़ा प्रदान करती है। इस आधार पर वैष्विक ताप का आंकलन ताप का नया आंकलन किया गया है। नेचर क्लाइमेट चेंज टुडे में यह शोध प्रकशित हुआ है।

# अमेरिका में एक और भारतीय छात्र की मौत दूसरे को किया जख्मी

न्यूयॉर्क। अमेरिका में भारतीय छात्रों को निशाना बनाने की घटनाएं बढ़ गई हैं। इंडियाना राज्य के पड्र्यू विश्वविद्यालय में भारतीय छात्र मृत पाया गया। वहीं, एक अन्य भारतीय छात्र पर शिकागो में हमला कर जख्मी कर दिया है। रविवार के बाद से देश में इस तरह की छह घटनाएं सामने आ चुकीं हैं। मीडिया मुताबिक, तेईस वर्षीय समीर कामथ मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डॉक्टरेट के अभ्यर्थी थे। वह सोमवार को वॉरेन काउंटी में मृत पाए गए। इंजीनियरिंग विभाग के प्रमुख एकहार्ड ग्रोल ने मंगलवार को समीर की मौत की पुष्टि की। एजेंसी ने कहा कि समीर का शव का जंगल में मिला। एक अन्य घटना में, भारतीय आईटी छात्र सैयद मजाहिर पर रविवार को शिकागो में हमला किया गया। अज्ञात लोगों ने उनका पीछा किया और बेरहमी से हमला किया। दोनों घटनाओं में पुलिस जांच में जुटी है।

# बाड़ेबंदी से एक समूह खुश, नगा-कुकी नाखुश

इंफाल, एजेंसी

▸▸ भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ेबंदी को लेकर नगा-कुकी संगठन ने किया विरोध



**16** सौ 43 किमी मिजोरम मणिपुर, नागालैंड और अरुणाचल प्रदेश तक लगती है सीमा

भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ेबंदी करने के केंद्र के फैसले का इंफाल घाटी स्थित मैतई संगठनों ने स्वागत किया है। वहीं दूसरी ओर, मणिपुर में नगा और कुकी निकायों ने इसको लेकर विरोध दर्ज कराया है। गौरतलब है कि मंगलवार को सोशल मीडिया पोस्ट पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि केंद्र सरकार अभेद्य सीमाएं बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने पूरी 1643 किलोमीटर की लंबी भारत-म्यांमार सीमा पर फेंसिंग करने का फैसला किया है। इसके साथ ही बेहतर निगरानी सुविधा, सीमा पर एक गश्ती ट्रैक बनाने भी बनाया जाएगा। इस बाड़ेबंदी का उद्देश्य म्यांमार से हो रही घुसपैठ को रोकना है।

घाटी स्थित नागरिक निकायों की एक संयुक्त संस्था, समन्वय समिति ने भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ लगाने के फैसले का स्वागत किया, लेकिन आगाह किया कि इस प्रक्रिया के दौरान राज्य के किसी भी भूमि क्षेत्र से समझौता नहीं किया जाना चाहिए।

समिति के सहायक मीडिया समन्वयक एम धनंजय ने कहा कि अगर यह 30 साल पहले किया गया होता, तो हमें वह हिंसा नहीं देखने को मिलती, जो हम आज देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि बड़े पैमाने पर नशीली दवाओं की तस्करी होती है, जिससे युवाओं को खतरा है। एम धनंजय ने कहा कि देश की सीमा को फेंसिंग के जरिए बंद किया जाना चाहिए। हम इस फैसले का स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा कि इस काम को इस तरह से किया जाना चाहिए, कि हमारे भूमि क्षेत्र न छूटे। इंफाल घाटी स्थित मैतेई समूहों की लागातर मांग रही है कि म्यांमार से सटी सीमा को बाड़ लगाकर बंद किया जाए। मैतेई समूहों का यह भी आरोप है कि बिना बाड़ वाली अंतर्राष्ट्रीय सीमा का फायदा उठाकर भारत में नशीले पदार्थों की तस्करी की जा रही है।

बता दें, भारत-म्यांमार सीमा के पास रहने वाले लोगों को बिना वीजा के एक-दूसरे के क्षेत्रों में 16 किलोमीटर आने-जाने की अनुमति देती है।